■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित

www.navbihartime.com

■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 35, अंक : 311
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, मंगलवार
15 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1469 :** सिख धर्म के संस्थापक गुरू नानक का जन्म हुआ।
**1689 :** फ्रांस ने स्पेन के खिलाफ युद्ध की घोषणा की।
**1817 :** अमेरिका में बधिर बच्चों के लिए पहला स्कूल खोला गया।
**1895 :** बाल गंगाधर तिलक ने रायगढ़ किले में शिवाजी उत्सव का उद्घाटन किया।
**1994 :** भारत सहित 109 देशों द्वारा 'गैट' समझौते की स्वीकृति।

**शिक्षा के माध्यम से ही मानव आशावादी बन पाता है, इस बात का हमें हमेशा ध्यान रखना चाहिए।**

## 60 हजार से ज्यादा एससी/ एसटी टोलों में लगेंगे विशेष शिविर

### बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मुख्यमंत्री ने शुरू किया 'डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर सोमवार को बिहार सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 'डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान' का पटना के अधिवेशन भवन से शुभारंभ किया। इस अभियान की शुरुआत उन्होंने आईईसी प्रचार वैन को हरी झंडी दिखाकर की, जो राज्य के सभी 38 जिलों में सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करेंगी।

**'डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान' का शुभारंभ**

यह अभियान सामाजिक न्याय और सभी वर्गों की समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इसका उद्देश्य अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) समुदायों तक सभी सरकारी सेवाओं और योजनाओं को सीधे उनके गांव और टोलों तक पहुंचाना है।




**क्या है अभियान का मुख्य उद्देश्य?**

इस अभियान का मकसद एससी/एसटी समुदाय के लोगों को उनके अधिकारों और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इसके तहत बिहार के करीब 60,000 से ज्यादा एससी/एसटी टोलों में विशेष शिविर लगाए जाएंगे, जहां लोगों को 22 प्रमुख सरकारी योजनाओं सहित कई अन्य योजनाओं का लाभ एक ही स्थान पर मिलेगा।

**शिविर कब और कैसे लगेंगे**

प्रत्येक प्रखंड के आधे पंचायतों के एक-एक टोले में बुधवार और शेष पंचायतों के एक-एक टोले में शनिवार को शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर तब तक जारी रहेगा, जब तक सभी टोलों को कवर नहीं कर लिया जाता।

**कैसे होगा शिविर का संचालन?**

हर शिविर का आयोजन पंचायत सचिव और विकास मित्र करेंगे। इस दौरान सभी संबंधित विभागों के पंचायत स्तरीय कर्मचारी मौके पर मौजूद रहेंगे। हर शिविर की निगरानी के लिए एक पर्यवेक्षी पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। जिला स्तर पर इसकी पूरी जिम्मेदारी जिलाधिकारी के पास होगी।

**क्या है सरकार की सोच?**

इस अभियान के जरिए सरकार का उद्देश्य यह है कि अब किसी भी जरूरतमंद को सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। 'हर टोला, हर परिवार, हर सेवा' के तहत सरकारी कर्मचारी खुद गांवों तक जाकर सेवाएं देंगे। यह एक समावेशी विकास का मजबूत उदाहरण है।

## 30 जून तक शिक्षा सेवकों व तालीमी मरकज की चयन प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ ने महादलित, दलित एवं अल्पसंख्यक अतिपिछड़ा वर्ग अक्षर आंचल योजना के तहत जिलों में शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज के रिक्त पदों पर चल रही प्रक्रिया की धीमी गति पर नाराजगी जताई है। उन्होंने वर्क कैलेंडर के अनुसार इस चयन प्रक्रिया में हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जताते हुए सभी जिलों के डीएम को निर्देश दिया है कि जिलास्तर पर शिक्षा सेवक और शिक्षा सेवक (तालीमी मरकज) के चयन का काम निर्धारित समय-सीमा के अंदर ही पूर्ण किया जाए। अपर मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को लिखे अपने पत्र में कहा है कि शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज के रिक्त पदों पर चयन के लिए वर्क कैलेंडर भी उपलब्ध कराया गया था। परंतु अभी भी कतिपय कारणों से विभिन्न जिलों में शिक्षा सेवकों और तालीमी मरकज की चयन प्रक्रिया पूरी नहीं की गई है। इस चयन प्रक्रिया को पूरी करने के लिए अपर मुख्य सचिव ने 30 जून की समय-सीमा भी तय कर दी है। उन्होंने शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज के रिक्त पदों पर शत-प्रतिशत चयन के लिए तय समय-सीमा के अनुसार जहां सर्वेक्षण का काम पूरा हो चुका है, वहां आगामी 15 जून तक और जहां सर्वेक्षण का अभी अधूरा है, वहां आगामी 30 जून तक चयन की प्रक्रिया को पूर्ण कर लेने का आदेश दिया है। डॉ. एस सिद्धार्थ ने जिलाधिकारियों को लिखे अपने पत्र में कहा है कि जिन जिलों में शिक्षा सेवक और तालीमी मरकज की रिक्ति से संबंधित जिलावार विवरणी में सामान्य जाति के शिक्षा सेवकों को हटाया गया है तथा ऐसे अन्य सभी मामले जिसमें चयन और सेवामुक्ति से संबंधित विवाद उच्च न्यायालय या अन्य सक्षम प्राधिकार के समक्ष लंबित है, उतने वादों एवं स्थान को सुरक्षित रखा जाए।

## भारतीय खाद्य निगम ने की रिकार्ड खरीद

### राज्य में गेहूं खरीद 56,800 क्विंटल के पार, निगम ने किया 1000वें विक्रेता किसान को सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** रबी विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद लगातार जारी है। इसी क्रम में जहानाबाद जिले के हुलसगंज प्रखंड स्थित सरथुआ गांव के किसान राजीव नंदन ने 1000वें किसान के रूप में समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज की। इस मौके पर भारतीय खाद्य निगम बिहार क्षेत्र के महाप्रबंधक अमित भूषण ने उन्हें सम्मानित किया। अमित भूषण ने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और उनकी सक्रिय भागीदारी देश की प्रगति का परिचायक है। 1000वें किसान से खरीद के बाद भा.खा.नि. द्वारा राज्य में अब तक 44 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की खरीद हो चुकी है। राज्य सरकार की एजेंसियों द्वारा की गई 12 सौ क्विंटल खरीद को जोड़ने पर कुल खरीद 56 हजार क्विंटल को पार कर गई है। अब तक 950 किसानों को दस करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है, जिसकी औसत अवधि छह घंटे से भी कम रही है। जबकि भुगतान की अधिकतम समय सीमा 48 घंटे निर्धारित है। राज्य सरकार द्वारा पैक्स एवं व्यापार मंडलों के माध्यम से 5,000 से अधिक खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से अब तक 1,200 क्विंटल की ही खरीद हो सकी है। इसके विपरीत भा.खा.नि. के 153 खरीद केंद्रों पर 44 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है, जिससे स्पष्ट है कि त्वरित भुगतान प्रणाली से किसान संतुष्ट हैं। वर्तमान में गेहूं का समर्थन मूल्य 2,425 रुपये प्रति क्विंटल है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 150 रुपये अधिक है। इस वर्ष की खरीद रफ्तार भी पिछली बार से कहीं बेहतर है। रबी विपणन वर्ष 2024-25 में आज की तिथि तक 12 हजार क्विंटल ही खरीदे गए थे, जबकि इस बार यह आंकड़ा 56,800 क्विंटल को पार कर चुका है। हालांकि राज्य के कुछ जिलों में हाल की बेमौसमी बारिश से खरीद प्रक्रिया थोड़ी प्रभावित हुई है, लेकिन मौसम सुधरने के साथ इसमें तेजी आने की उम्मीद है। राज्य में इस वर्ष 2 लाख टन गेहूं खरीद का लक्ष्य तय किया गया है। सरथुआ में आयोजित सम्मान समारोह में भा.खा.नि. के उप महाप्रबंधक आनंद कुमार, सुशील कुमार, गया मंडल के प्रबंधक शतनीक, सहायक महाप्रबंधक अजय कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम में नोआंव गेहूं खरीद केंद्र के क्रय प्रभारी सुमित कुमार और तकनीकी सहायक आतिश मंडल के प्रयासों की सराहना की गई। बाजार में निजी व्यापारियों द्वारा समर्थन मूल्य से अधिक भाव दिए जाने के बावजूद भा.खा.नि. का दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंच कर अधिकतम सरकारी खरीद सुनिश्चित करने का प्रयास सराहनीय है। इसका उद्देश्य यह है कि किसी भी किसान को समर्थन मूल्य से कम दर पर अपना गेहूं न बेचना पड़े। विदित हो कि बिहार में रबी फसलों की बुवाई का कुल क्षेत्रफल लगभग 40 लाख हेक्टेयर है जिसमें से 26 लाख हेक्टेयर में गेहूं की खेती होती है। एक अप्रैल से शुरू हुई खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और ऑनलाइन है। भा.खा.नि. द्वारा किसानों को उनके बैंक खाते में त्वरित भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है और इस व्यवस्था से किसान बेहद प्रसन्न नजर आ रहे हैं।



**■ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण : अमित भूषण**

## अबुआ सरकार लोगों के हितों में ले रही फैसले : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महाधिवेशन में खूब गरजे। भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती के दिन शुरू हुए झामुमो के 2 दिवसीय केंद्रीय महाधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड की अदिवासी-मूलवासी, गरीब, दलित, पीड़ित, शोषित लोगों ने उत्पीड़न से परेशान होकर वर्ष 2019 में डबल इंजन की सरकार को सत्ता से बेदखल कर दिया था। उन्होंने कहा कि गुरुजी का लगाया पौधा आज विशाल वृक्ष का रूप धारण कर चुका है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के गठन के बाद से ही यहां के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों का शोषण और उत्पीड़न हो रहा था। हेमंत सोरेन ने कहा कि वर्ष 2019 में जब झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व में महागठबंधन (झामुमो, कांग्रेस, राजद) की सरकार बनी, तो उसे परेशान और तबाह करने की कोशिश की गयी। विपक्षी पार्टी की तमाम कोशिशों के बावजूद झारखंड की अबुआ सरकार ने झुकना स्वीकार नहीं किया। अबुआ सरकार झारखंड के आम लोगों के हितों में फैसले ले रही है। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य का गठन होने के बाद सत्ता ऐसे लोगों के हाथ में चली गयी, जिनको आदिवासी-मूलवासी से कोई मतलब नहीं था। सरकार की नीतियों की वजह से आदिवासी-मूलवासी और किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार (हेमंत सोरेन की सरकार) आम लोगों के हित में काम कर रही है।

## फिल्म स्टूडियो से मिली युवती की लाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना में एक प्राइवेट फिल्म स्टूडियो से युवती की लाश मिली है। परिजन ने हत्या की आशंका जताई है। घटना रविवार रात की है। सोमवार को फोरेंसिक टीम ने स्टूडियो पहुंचकर जांच की है। फिलहाल संचालक फरार है। घटना फतुहा में स्टेशन रोड स्थित बिट्टू फिल्म स्टूडियो की है। मृतक की पहचान बीए की छात्रा गुड़िया कुमारी (20) के रूप में हुई है।

## वृषिण पटेल ने प्रशांत किशोर को दिया समर्थन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे करीब आ रहे हैं, वैसे-वैसे पाला बदलने का खेल भी शुरू हो गया है। वैशाली क्षेत्र के कद्दावर नेता वृषिण पटेल का राष्ट्रीय जनता दल से मोह भंग हो गया है और अब वह प्रशांत किशोर के करीब आ रहे हैं। वृषिण पटेल फिलहाल राष्ट्रीय जनता दल में थे और पार्टी में उन्हें उपाध्यक्ष का पद दिया गया था। लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने पर वृषिण पटेल नाराज थे। वृषिण पटेल ने जनसुराज नेता प्रशांत किशोर से मुलाकात की है। वृषिण पटेल ने जन सुराज नेता प्रशान्त किशोर से मुलाकात कर वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों में हलचल तेज कर दी है। माना जा रहा है कि वृषिण पटेल प्रशांत किशोर की पार्टी में आने की तैयारी कर चुके हैं। आने वाले कुछ दिनों में वृषिण पटेल औपचारिक रूप से जन सुराज की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। विधानसभा चुनाव को लेकर दोनों नेताओं के बीच चर्चा की भी खबर है।

## गांवों की राह हुई आसान, बिहार की धरती पर विकास ने पकड़ी रफ्तार

### राज्य में 3059 करोड़ की लागत से 6043 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों का मरम्मत कार्य पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार के गांवों की धड़कनों में अब मजबूती से गूंज रही है तरक्की की रफ्तार। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार ने वर्ष 2024-25 में 6043 किलोमीटर ग्रामीण सड़कों के मरम्मत कार्य को समय पर पूरा कर यह जता दिया है कि विकास केवल आंकड़ों का खेल नहीं, बल्कि जमीनी सच्चाई बन चुका है। इस कार्य पर 3059 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है, जबकि इस उद्देश्य के लिए कुल 3294 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए थे। यह कार्यक्रम अब 'बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति 2018' के अंतर्गत संचालित हो रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य निर्मित सड़कों के सतत रख-रखाव के माध्यम से उनकी गुणवत्ता को बरकरार रखना और गांवों की निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है। ग्रामीण आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में यह नीति एक मील का पत्थर साबित हो रही है। आधिकारिक आंकड़े बताते हैं कि इस योजना में हर वर्ष निवेश में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2006-07 में जहां मात्र 106 करोड़ रुपये खर्च हुए थे, वहीं 2024-25 में यह आंकड़ा 3059 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है, जो राज्य सरकार की दूरदर्शिता और ग्रामीण सड़कों के प्रति उसकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। गांवों की सड़कों में आए इस व्यापक सुधार का प्रत्यक्ष प्रभाव जनजीवन पर देखा जा सकता है। बेहतर सड़कों की बदौलत किसानों को बाजार, विद्यार्थियों को विद्यालय और ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में पहले से कहीं अधिक सुविधा हो रही है। यह कार्यक्रम अब केवल सड़कों का जाल नहीं बिछा रहा, बल्कि गांवों को मुख्यधारा से जोड़ते हुए सामाजिक-आर्थिक बदलाव की आधारशिला रख रहा है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पथ अनुरक्षण कार्यक्रम आज बिहार के ग्रामीण विकास का स्तंभ बनता जा रहा है जो गांवों के सपनों को स्थायित्व देता है, और प्रदेश की प्रगति को गहराई से रेखांकित करता है।

## यूपी से बिहार में हो रही थी चांदी की तस्करी, तीन गिरफ्तार


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गोपालगंज।** गोपालगंज पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। वाहन जांच के दौरान एक स्कॉर्पियो से पुलिस ने लाखों की चांदी बरामद की है। बरामद चांदी के साथ पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। घटना जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के सबेया पुलिस पिकेट के पास की है। असल में मीरगंज थाना पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक स्कॉर्पियो से भारी मात्रा में चांदी की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर मीरगंज थाना की पुलिस सबेया पुलिस पिकेट के पास वाहन जांच शुरू कर दी। इसी बीच एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी को रोककर पुलिस ने तलाशी शुरू की तो स्कॉर्पियो में बने तहखाने से 87 किलोग्राम चांदी बरामद की गई, जिसकी कीमत करीब 82 लाख बताई जा रही है। हिरासत में लिए गए अभियुक्तों में उत्तर प्रदेश के आगरा एटमर टोल निवासी बाली मित्तल का बेटा शुभम मित्तल, ब्रह्म दत्त यादव का बेटा राजकुमार और मयंक अग्रवाल शामिल है। मीरगंज थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि चांदी को स्कॉर्पियो से उत्तर प्रदेश के आगरा से मुजफ्फरपुर पहुंचाया जा रहा था।

## कश्मीर घाटी में विकास की पटरी पर दौड़ती यूएसबीआरएल परियोजना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/श्रीनगर।** कश्मीर घाटी को देश के बाकी हिस्सों से स्थायी रूप से जोड़ने वाली उधमपुर- श्रीनगर- बारामुला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना केवल एक इंजीनियरिंग चमत्कार नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक बदलाव की मिसाल बनकर उभरी है। यह परियोजना दुर्गम पहाड़ियों, सुरंगों और पुलों के जरिये न केवल ट्रेनों की आवाजाही सुनिश्चित कर रही है, बल्कि हजारों लोगों के जीवन, रोजगार, व्यापार और सामुदायिक रिश्तों में नया रंग भर रही है। यूएसबीआरएल परियोजना का सपना पहली बार 1892 में महाराजा प्रताप सिंह ने देखा था। उसके बाद 1981 में जम्मू-उधमपुर रेल लिंक को मंजूरी मिली और 1994 में इस रेल नेटवर्क को श्रीनगर तक विस्तारित करने का निर्णय हुआ। 2002 में इसे राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया गया। 2024 तक कई खंड चालू हो चुके हैं, जिनमें सबसे हालिया बनिहाल-संगलदान सेक्शन 20 फरवरी 2024 को शुरू हुआ। इस परियोजना के चलते अब तक 804 लाभार्थियों को सरकारी नौकरियाँ दी गई हैं और करीब 14 हजार से अधिक स्थानीय लोगों को निर्माण कार्यों के दौरान रोजगार मिला। परियोजना ने 525 लाख मानव दिवस का रोजगार सृजन किया है। आधुनिक तकनीकों के प्रशिक्षण ने स्थानीय कारीगरों को नए अवसर दिए, जो अब देशभर के बड़े प्रोजेक्ट्स में कार्यरत हैं। इस रेल लिंक ने 70 से अधिक गांवों को सड़क से जोड़ा है, जिससे 1.5 लाख लोगों की जिंदगी में आमूलचूल परिवर्तन आया है। पहले जो लोग पगडंडियों या नावों के सहारे सफर करते थे, अब रेल और सड़क दोनों से जुड़ गए हैं। सेब, केसर और अन्य कृषि उत्पाद अब देश के विभिन्न बाजारों तक पहुंच पा रहे हैं। हस्तशिल्प और अन्य स्थानीय उत्पादों को भी नए बाज़ार मिले हैं। परियोजना ने दुर्गम इलाकों में सेना की पहुंच आसान की है, जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को भी मजबूती मिली है। साथ ही यह पर्यावरण के लिए भी अनुकूल साबित हो रही है, क्योंकि इसका विद्युतीकरण डीज़ल पर निर्भरता घटा रहा है। यूएसबीआरएल केवल रेल संपर्क की परियोजना नहीं, बल्कि यह जम्मू-कश्मीर में सामाजिक समरसता, आर्थिक प्रगति और राष्ट्रीय एकता की आधारशिला बन चुकी है। यह विकास की पटरी पर दौड़ती ऐसी पहल है, जो भविष्य में पूरे क्षेत्र की शक्ल बदलने की ताकत रखती है।









CMYK

# बिहार में प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रतीक्षा सूची हुई समाप्त


## मुख्यमंत्री की मांग पर केंद्र बिहार के लिए 5 लाख 20 हजार अतिरिक्त आवास स्वीकृत किए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिहार में प्रतीक्षा सूची समाप्त हो गई है। केंद्रीय ग्रामीण मंत्रालय ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 5 लाख 20 हजार 742 अतिरिक्त संख्या में आवास आवंटित कर दिया है। इन अतिरिक्त आवासों के आवंटन से राज्य में पीएम आवास योजना की 2018 से चली आ रही प्रतीक्षा सूची तकरीबन समाप्त हो गई है। सूची में मौजूद लगभग सभी लाभुकों को आवास मिलने का रास्त साफ हो गया है। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने केंद्र सरकार से मांग की थी। इसके मद्देनजर ही केंद्र सरकार ने यह अतिरिक्त सुविधा प्रदान की है। केंद्रीय कृषि एवं किसान और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर पूरी स्थिति से अवगत कराया है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के इस पत्र में कहा गया है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की 9 अगस्त 2024 को हुई बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास की जरूरतों को पूरा करने के लिए 2 करोड़ अतिरिक्त घरों के निर्माण से संबंधित योजना को मंजूरी प्रदान करते हुए इस योजना का विस्तार आगामी 5 वर्षों 2029 तक करने की सहमति दी थी। इसके अनुसार इस योजना के शुरू होने से 2024-25 तक बिहार को 44 लाख 92 हजार 10 घर आवंटित किए गए हैं। ग्रामीण विकास मंत्रालय, देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी के लिए आवास मुहैया कराने के उद्देश्य से 1 अप्रैल 2016 से प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की थी जिसका क्रियान्वयन राज्यों के सहयोग से किया जा रहा है। इस पत्र में इस बात का खासतौर से उल्लेख किया गया है कि अतिरिक्त आवासों का आवंटन करने से प्रतीक्षा सूची को संतृप्त यानी पूरी कर दी गई है। अब तक की स्थिति के आधार पर राज्य में लाभुक की लंबित प्रतिक्षा सूची तकरीबन पूरी हो गई है। अब राज्य में नए स्तर से सर्वे करके कच्चे मकान में रहने वाले गरीबों की सूची तैयार की जाएगी।

# अंबेडकर जयंती पर भाजपा कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

## वंचितों को हक दिलाने की दिशा में मोदी सरकार प्रतिबद्ध : प्रमोद सिंह चंद्रवंशी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नयी दिल्ली।** संविधान निर्माता बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कहा कि अंबेडकर ने देश को केवल संविधान ही नहीं दिया, बल्कि वंचितों और शोषितों को आवाज भी दी। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए चंद्रवंशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंबेडकर के रास्ते पर चलकर संविधान की शक्ति को धरातल पर उतारने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज समाज के वंचित वर्ग की उपस्थिति संसद के दोनों सदनों में है और वे अपने हकों की बात उठा रहे हैं। श्री चंद्रवंशी ने इस बात पर जोर दिया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को पहली बार अनुसूचित जनजाति की महिला राष्ट्रपति मिली हैं। इससे पहले भी राष्ट्रपति पद पर अनुसूचित जाति से आने वाले रामनाथ कोविंद की नियुक्ति हुई थी। यह सब अंबेडकर के सपनों को साकार करने की दिशा में अहम कदम हैं। अति पिछड़ा समाज की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जस्टिस रोहिणी आयोग का गठन कर पिछड़े वर्गों की वास्तविक स्थिति को जानने का प्रयास किया है। आयोग की रिपोर्ट आ चुकी है और इसे शीघ्र लागू करने की जरूरत है ताकि अति पिछड़ा समाज को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण का लाभ मिल सके। श्री चंद्रवंशी ने प्रधानमंत्री से अनुरोध किया कि रोहिणी आयोग की सिफारिशों को शीघ्र लागू कर अंबेडकर के अधूरे सपनों को पूरा किया जाए। कार्यक्रम में भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के सह संयोजक विरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, पवन ठाकुर, अमरजीत सिंह, लक्ष्मण सिंह चंद्रवंशी, डॉ. जनक कुमार और आजाद कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने अंबेडकर के बताए रास्ते पर चलने

# मुर्शिदाबाद से हिंदुओं का पलायन गम्भीर संकट का संकेत: मंगल पाण्डेय

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** स्वास्थ्य व विधि मंत्री तथा पश्चिम बंगाल भाजपा के प्रभारी मंगल पाण्डेय ने कहा है कि मुर्शिदाबाद से बड़ी संख्या में जान-माल की सुरक्षा के लिए हिंदुओं का पलायन गम्भीर संकट का संकेत है। यह एक तरह से कश्मीर घाटी की घटनाओं को दुहराने की साजिश है जब हजारों कश्मीरी पंडितों को आतंक की वजह से वहां से पलायन करने के लिए विवश होना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सांप्रदायिक हिंसा के बाद एक हजार से ज्यादा लोग जिनमें महिलाएं व बच्चे भी हैं, को पलायन कर मालदा में शरण लेनी पड़ी है। स्थानीय प्रशासन व ममता सरकार की पुलिस द्वारा सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होने के कारण ही इतनी बड़ी संख्या में डरे-सहमे लोगों को रात के अंधेरे में नदी पार कर मालदा में आकर जान बचानी पड़ी है। यह पूरी घटना शर्मनाक व ममता सरकार के लिए कलंक है। श्री पाण्डेय ने कहा कि ममता बनर्जी चुनाव को नजदीक देख कर सुहरावर्दी की तरह अपने कैडरों व पुलिस को डायरेक्ट एक्शन का निर्देश दे रही है।

**पाठकों से**
**पटना आसपास की खबरें पृष्ठ 10 पर देखिये**

# तेजस्वी की आज दिल्ली में खड़गे के साथ बैठक

## सीट शेयरिंग और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर हो सकती है चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन के घटक दलों की 17 अप्रैल को पटना में होने वाली बैठक से पहले मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस और राजद की अलग से एक बैठक होगी। यह बैठक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव के बीच होगी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक खड़गे के आवास पर होने वाली इस बैठक में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। दरअसल बिहार विधानसभा चुनाव के पहले महागठबंधन में मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर कांग्रेस और राजद के बीच खींचतान चल रही है। एक ओर जहां राजद की ओर से तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री के चेहरे के तौर पर पेश किया जा रहा है तो दूसरी ओर कांग्रेस कह रही है कि चुनाव बाद यह तय होगा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा। ऐसे में किसके नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा, महागठबंधन में यह तय नही हो पाया है। इस बीच राजद ने सीट शेयरिंग के लिए 17 अप्रैल को महागठबंधन के सभी घटक दलों की पटना में बैठक बुलाई है। इस बैठक में सीटों के बंटवारे और मुख्यमंत्री के चेहरे सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम और कांग्रेस के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरु भी मौजूद रहेंगे। बैठक में अल्लावरु की पहली मुलाकात होगी जिसमें वे चुनावी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे।

राजद सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार तेजस्वी यादव मंगलवार को दिल्ली के लिए रवाना हो गए। दिल्ली में वह कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से मुलाकात करेंगे। उनकी कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक होगी। तेजस्वी यादव की यह मुलाकात बिहार विधानसभा चुनाव से पहले अहम माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार खडगे के दिल्ली स्थित आवास पर तेजस्वी यादव की मुलाकात होगी। इस दौरान लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूद रह सकते हैं। तीनों नेताओं में मंगलवार को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा होगी। कई रणनीतियां बनाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार सीट शेयरिंग और मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खडगे और तेजस्वी यादव के बीच चर्चा हो सकती है। बता दें कि कांग्रेस के हाल के दिनों में दिखे तेवर के बाद राजद ने भी तेवर दिखाने शुरू कर दिए और तेजस्वी यादव ने खुद को एक तरह से मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित कर दिया। उल्लेखनीय है कि अभी हाल में ही बिहार कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के साथ कांग्रेस आलाकमान की बैठक हुई थी और बिहार में मिलकर चुनाव लड़ने की बात कही गई थी। हालांकि, मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के नाम पर अब तक कांग्रेस की ओर से तेजस्वी की यादव के नाम पर हामी नहीं भरी गई है।

# 2025 से 30 फिर से नीतीश : नीरज कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के इस बयान के बाद सूबे की सियासत गर्मा गई है कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार में विजय का झंडा फहराया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के बयान के बाद जदयू सामने आई। जदयू के मुख्य प्रवक्ता एवं विधान पार्षद नीरज कुमार ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि बिहार के सरजमी से एक ही बात निकलती है नीतीश है तो निश्चिंत हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सार्वजनिक तौर पर यह कह दिया है कि अगला चुनाव नीतीश जी के नेतृत्व में ही लड़ेंगे। सम्राट चौधरी भी कई बार ऐसा कह चुके हैं। इस बार भी नीतीश कुमार के नाम पर एनडीए के पांचों घटक दलों की सहमति बन चुकी है। 2025 से 30 फिर से नीतीश। दरअसल, नई दिल्ली से सटे गुरुग्राम में रविवार को महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती मनाई गई। इस मौके पर ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज कार्यक्रम द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्राट चौधरी के साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी पहुंचे थे।

# बाबा साहब के विचारों को वंचितों शोषितों तक पहुंचाएगी कांग्रेस : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार कांग्रेस के द्वारा संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के 135वीं जयंती पर भीम शक्ति संवाद का आयोजन प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



भीम शक्ति संवाद को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर ने आजीवन शोषित वंचित समाज के हक की लड़ाई लड़ी। उन्होंने लाखों यातनाओं को सहने के बावजूद परिस्थितियों के आगे कभी हथियार नहीं डाले और शिक्षा को हथियार बनाया जिसके दम पर उन्होंने भारतीय संविधान निर्माण की रूपरेखा और संरचना विकसित की। उनके जीवन दर्शन को सभी शोषित वंचित समाज को अपनाना चाहिए जिससे वे मजबूती से समाज के बेहतरी के लिए कार्य कर सकें। आज देश में सत्तारूढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दल बाबा साहब के बनाए संविधान को खत्म करने में लगे हुए हैं ऐसे में कांग्रेस पार्टी के शीर्ष नेता राहुल गांधी संविधान रक्षा को देश में पदयात्रा निकाल कर दक्षिण से उत्तर और पूर्व से पश्चिम तक देश को जागरूक करने निकले। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष दोनों दलित समुदाय से आते हैं और यह कांग्रेस की इस समाज के प्रति वचनबद्धता ही है जो भीम शक्ति संवाद के माध्यम से वंचित समाज के लिए हक उठा रही है। लगातार संविधान सुरक्षा कार्यक्रम के तहत हमारे शीर्ष नेता देश भर में भ्रमण कर रहे हैं। बिहार विधान परिषद में दल के नेता डॉ मदन मोहन झा ने कहा कि बाबा साहब का जीवन सभी वर्गों के लिए प्रेरणादायी है। उन्हें किसी एक वर्ग से जोड़कर नहीं देखे चाहिए। उन्होंने शिक्षा, संघर्ष और बौद्धिकता से खुद को भारतीय राजनीति में स्थापित किया। उनके संघर्ष का ही परिणाम रहा कि आज उन्हें महामानव के तर्ज पर हम सभी उनके विचारों को अपनाने की वकालत करते हैं। प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सुशील पासी ने कहा कि देश की पहली कैबिनेट में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित नेहरू ने बाबा साहब आंबेडकर को उनकी विद्वता और शोषित समाज के लड़ाई लड़ने की उनकी क्षमता के लिए स्थान दिया था। बाबा साहब ने इस जिम्मेदारी का बखूबी निर्वहन किया और वंचितों को समाज में मुख्यधारा में लाने का काम किया।

# अभाव का सामना कर रहे हैं बाढ़ रेलवे स्टेशन के यात्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बाढ़।** दानापुर मंडल रेल के बाढ़ रेलवे स्टेशन राजस्व के लिहाज से एक बेहतर स्टेशन माना जाता है। प्रतिदिन 10000 से ज्यादा रेल यात्री एक स्थान से दूसरे स्थान यहां से आते जाते हैं। राजस्व के हिसाब से बाढ़ स्टेशन दानापुर मंडल के टॉप 10 स्टेशनों में आता है। इसके बावजूद भी प्लेटफार्म संख्या एक से लेकर चार तक एक भी शौचालय की व्यवस्था नहीं है। एक शौचालय प्लेटफार्म संख्या एक पर पुरानी पुल के पास हुआ करता था, लेकिन करीब 6 महीने से उसे भी बंद कर दिया गया। प्लेटफार्म के पूर्वी छोर पर एक नंबर प्लेटफॉर्म के बाहर एक पब्लिक शौचालय सरकारी तौर पर संचालित भी है, लेकिन रेल प्रबंधन के द्वारा तय किए गए शुल्क से 5 गुना ज्यादा पैसे यात्रियों से वसूले जाते हैं। सरकारी नियम के मुताबिक यूरिनल सेवा निशुल्क और बाथरूम जाने के लिए 2 का सेवा शुल्क देना अनिवार्य है लेकिन ठेकेदार के मनमानी का नतीजा है कि 2 की जगह उपभोग करने वाले से 10 की राशि वसूली जाती है।

# टीचर्स ऑफ बिहार ने स्थापना के छह वर्ष किये पूरे

## ए.एन.सिन्हा इंस्टीट्यूट में हुआ भव्य कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को सशक्त बनाने वाली बिहार की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी टीचर्स ऑफ बिहार (टीओबी) ने स्थापना के छह वर्ष पूरे कर लिए। 13 अप्रैल 2025 रविवार को ए.एन.सिन्हा इंस्टीट्यूट के सभागार में इस मौके पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ.एस सिद्धार्थ कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। साथ ही शिक्षा विभाग के सचिव अजय यादव, एससीईआरटी के निदेशक सज्जन.आर बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे। सभी अतिथियों संग



टीओबी के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर डॉ.एस सिद्धार्थ ने कविता और कहानियों के संकलन गद्य गुंजन-पद्य पंकज, शिक्षकों के विचारों का मुखपत्र अभिमत का विमोचन किया। विशिष्ट अतिथियों ने टीचर्स ऑफ बिहार के नवाचारी परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसमें पीएम पोषण योजना गणक, द्रोण विद्या और प्रोजेक्ट शिक्षक साथी का शुभारंभ हुआ। शिक्षा विभाग के सचिव अजय यादव ने टीचर्स ऑफ बिहार के कार्यों की जमकर तारीफ की एवं शिक्षा हित में इनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा करते हुए समूह के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शक्तिधाम में गूंजेगा 27 अप्रैल को मंगलपाठ, 108 मीटर चुनरी यात्रा में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जीण माता सेवा समिति की ओर से रविवार 27 अप्रैल को बैंक रोड स्थित शक्तिधाम (अग्रसेन भवन, दादी मंदिर) में भव्य जीण माता मंगलपाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम दोपहर दो बजे से शुरू होगा। समिति के अध्यक्ष श्रवण गोयनका और सह सचिव सुभाष चौधरी ने सोमवार को बैठक में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में कोलकाता से प्रसिद्ध भजन गायक केशव मधुकर अपनी टीम के साथ शिरकत करेंगे और जीण माता की स्तुति में भक्ति रस का संचार करेंगे।

कार्यक्रम की शुरूआत रविवार सुबह 7 बजे 108 मीटर लंबी चुनरी यात्रा से होगी। यह यात्रा पुष्प बिहार अपार्टमेंट एग्जीबिशन रोड से आरंभ होकर एसपी वर्मा रोड, होटल मौर्या, बिस्कोमान भवन होते हुए दादी मंदिर शक्तिधाम पहुंचेगी। यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरुष पारंपरिक परिधान में भाग लेंगे।

**सजेगा अग्रसेन भवन**

श्रवण गोयनका ने बताया कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। अग्रसेन भवन को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। मंगलपाठ और भजन संध्या के पश्चात सभी श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। बिहार के विभिन्न जिलों से जीण माता के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पटना पहुंचेंगे। तैयारी से जुड़ी बैठक के संबंध में एमपी जैन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में सुभाष चौधरी, संजीव मुनका, अमर अग्रवाल, सुशील पंसारी, मनीष माखारिया, सुशील सुन्दरका, अरविंद सर्राफ, संजय मुनका, सौरव सिंघानिया, अक्षय अग्रवाल, राजेश गुप्ता, सज्जन मोदी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अंबेडकर के सपने हो रहे हैं साकार : ऋतुराज सिन्हा

## कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के जीते जी उन्हें तिरस्कृत करने में कोई कसर नहीं छोड़ा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

पटना। भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा ने रविवार को भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर ने हमेशा एक समतामूलक समाज का सपना देखा जहां न जाति, न धर्म के आधार पर कोई भेदभाव हो। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने जिस समता के सपने को संविधान के माध्यम से संजोया था, वह तो आज भी आजादी के 77 साल भी लागू नहीं होने दिया गया। कांग्रेस ने डॉ. अंबेडकर के जीते जी उन्हें तिरस्कृत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने कहा कि उनके (डॉ. अंबेडकर) जाने के बाद उनके समतावादी विचारों को तोड़-मरोड़ कर कांग्रेस और इंडी एलायंस वालों ने सिर्फ राजनीतिक लाभ हेतु उनके नाम का दुरुपयोग किया है। 'समता प्राप्त कराने' की जो बात अंबडेकर निर्मित संविधान की प्रस्तावना में है, वह सिर्फ कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति से आज तक लागू नहीं हो सकी पर उनके आदर्शों को चलकर आज भाजपा का हर कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि अजीब बात यह है कि डॉ. अंबेडकर के प्रति आस्था जताने का दावा करने वाली कांग्रेस समेत कई पार्टियां उनके समतावादी विजन के खिलाफ जाकर उसके विरोध में खड़ी नजर आ रही है। डॉ. अंबेडकर के विजन का विरोध कर रहे इन दलों और इनके नेताओं को देश देख रहा है। पिछले लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक राहुल गांधी लाल रंग की एक छोटी डायरी के साथ संविधान की रक्षा का दावा करते फिर रहे हैं, किंतु कांग्रेस पार्टी का संविधान के साथ जो वास्तविक इतिहास रहा है, उसे भी भूलना नहीं चाहिए। इतिहास इस बात का भी साक्षी है कि कांग्रेस पार्टी ने 88 बार संविधान का उल्लंघन करते हुए विभिन्न राज्यों में निर्वाचित सरकारों को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाया। ऐसे में आज जब राहुल गांधी संविधान के रक्षक होने का दावा करते हैं, तो यह प्रश्न उठता है कि क्या वे वास्तव में इतिहास से परिचित हैं। अंबेडकर जी के दृष्टिकोण के विपरीत, पंडित नेहरू हिंदू कोड बिल लेकर आए जिसमें हिन्दू और मुसलमानों के लिए अलग-अलग कानून बनाए गए। इससे दोनों नेताओं के बीच कई विषयों पर मतभेद उत्पन्न हुए- जैसे धारा 370, कश्मीर को विशेष दर्जा देने का मुद्दा और भारत के अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण को लेकर। इसलिए राहुल गांधी को चाहिए कि वे खासकर बिहार जैसे राजनीतिक रूप से जागरूक राज्य में जहां जनता न केवल बुद्धिजीवी है बल्कि राजनैतिक चेतना से भी भरपूर है, संविधान जैसे गंभीर विषय पर वक्तव्य देने से पहले अध्ययन करें। अन्यथा मंच से ही उनका खंडन होना स्वाभाविक है। ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के इस अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि उनके बताए मार्ग पर जिस तरह से केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार चलते हुए उनके सपनों को साकार कर रही है वहीं प्रतिबद्धता हमें दिखाते हुए अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए ।

# बिहार जूनियर फैशन शो सीजन 4 के ग्रैंड फिनाले में रैंप पर बच्चों ने बिखेरा जलवा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इवेंटवाले बाबा द्वारा पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित कैफे 53 में बिहार जूनियर फैशन शो सीजन 4 का ग्रैंड फिनाले सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह भव्य आयोजन अभिनेत्री तनु अश्मी एवं प्रख्यात समाजसेविका बबीता सिन्हा के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 2 से 17 वर्ष के बच्चों ने विभिन्न ट्रेडिशनल और ट्रेंडी थीम कॉस्ट्यूम्स में रैंप पर अपना जलवा बिखेरा। सोशल मीडिया सेंसेशन इरा सिन्हा (ब्लिंकिट गर्ल) शोस्टॉपर रही। भारत में पहली बार बिहार जूनियर फैशन शो में बच्चे स्केटिंग करते हुए रैंप पर नजर आए। रानी लक्ष्मीबाई, दुर्गा माता, मिथिला पेंटिंग और बिहार की सांस्कृतिक पहचान को बच्चों ने पोशाकों और एक्टिंग के माध्यम से खूबसूरती से पेश किया। शो डायरेक्टर पंकज कुमार तिवारी ने कहा कि आज बिहार के फैशन इतिहास में एक नई इबारत लिखी जा रही है।

# बिहार विद्यापीठ में अंबेडकर जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विद्यापीठ के देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री, संविधान निर्माता एवं सामाजिक न्याय के प्रखर पक्षधर डॉ. भीमराव रामजी अंबेडकर की 135वीं जयंती बहुत ही श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बिहार विद्यापीठ के सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी डॉ. राणा अवधेश ने डॉ. आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें बाबा साहेब कहे जाने की परंपरा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा जैसे मोहनदास करमचंद गांधी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी कहा जाता है, वैसे ही डॉ. भीमराव आंबेडकर को उनके अद्वितीय योगदान के लिए बाबा साहेब की उपाधि से विभूषित किया



गया है। डॉ. अवधेश ने उनके मेधावी छात्र जीवन, संविधान सभा में उनके ऐतिहासिक योगदान तथा समतामूलक समाज की उनकी अवधारणा की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि भारतीय संविधान की उद्देशिका, डॉ. आंबेडकर की दृष्टि को प्रतिबिंबित करती है जो प्रत्येक नागरिक को गरिमा के साथ सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पण से हुई जिसमें अपर सचिव श्यामानंद चौधरी, संयुक्त सचिव अवधेश के. नारायण, सीओओ प्रमोद कुमार कर्ण, प्रभारी प्राचार्य डॉ. मिताली मित्रा, सहायक प्राध्यापक चंद्रकांत आर्य एवं रीम्पल कुमारी सहित अन्य गणमान्य शिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों ने सहभागिता की। समारोह में डॉ. आंबेडकर के जीवन एवं संघर्ष पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की गई जिसे उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत श्रद्धा और भावनात्मक एकाग्रता से देखा। इसके उपरांत उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने भारतीय संविधान की उद्देशिका का सामूहिक शपथ लिया। कार्यक्रम के समापन पर राष्ट्रगान के साथ सभी अतिथियों, प्राध्यापकों, बी.एड एवं डी.एल.एड प्रशिक्षणार्थियों, शिक्षणेत्तर कर्मियों तथा आयोजन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े सभी व्यक्तियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस गरिमामयी कार्यक्रम का समन्वयन प्रभारी प्राचार्य डॉ. मिताली मित्रा एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. शादमा शाहिन ने किया जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी चन्द्रकान्त आर्य ने प्रभावशाली रूप से निभाई।

# स्वास्थ्य जागरूकता उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134 में जयंती के अवसर पर प्रगति ग्रामीण विकास समिति द्वारा वंचित एवं उपेक्षित समुदाय के किशोर किशोरियों का एकदिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता उन्मुखीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 15 गांव की 40 किशोर किशोरियों भाग लिया ने भाग लिया। इस अवसर पर एकता परिषद के उपाध्यक्ष प्रदीप प्रियदर्शी ने सभी का स्वागत करते हुए डॉक्टर अंबेडकर के संघर्ष में जीवन पर प्रकाश डाला और किशोर किशोरियों को आह्वान किया कि वह अंधविश्वास में ना रहे और शिक्षा को ग्रहण करें शिक्षा कई बीमारियों का इलाज है जिसमें सामाजिक आर्थिक एवं शैक्षणिक जो कुरीतियां हैं उसको समाप्त करने में शिक्षा योगदान करता है साथ ही स्वास्थ्य एवं किशोर स्वास्थ्य को भी गहराई से समझने की जरूरत है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रशिक्षक तबस्सुम अली ने किशोरी एवं किशोर के जीवन में होने वाले शारीरिक और मानसिक बदलाव के दौरान जो मानसिक बीमारी होती है उसके बारे में चर्चा किया और सुलभ अगर कोई मित्र या दोस्त है तो वह माता-पिता से हर किसी और किशोरी को अपने शरीर और दिमाग में होने वाले परिवर्तन के बारे में क्या समस्या के बारे में माता-पिता से सबसे पहले चर्चा करनी चाहिए।

# बाबा साहेब के विचार आज भी प्रेरणा प्रदान करते हैं : डॉ निर्मल कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। कर्मचारी संघ के अध्यक्ष शशांक शिवशेखर, शशि कुमार, जनार्दन पासवान, नीरज कुमार छोटे लाल, दिनेश कुमार, ललन पासवान, पूर्णवासी पासवान, राजाराम पासवान, दुसाध जागृति संस्कृति चेतना मंच के अध्यक्ष संजय पासवान, संविधान बचाओ संघर्ष समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष भैया राम भारती, बाबू जगजीवन हॉस्टल डिहरी के दीपक कुमार अजीत कुमार विकास, छात्र नायक विकास कुमार, सम सोसाइटी ऑफ



इंडिया के संस्थापक गिरिजाधारी पासवान, रालोमो नेता अनुज कुशवाहा, मदन चन्द्रवंशी, पिन्टु राम, लोजपा नेता अमित पासवान, विकास पासवान, काश्मीर ,रवि पासवान, जदयू के वरिष्ठ नेता डॉ निर्मल कुशवाहा, आर एस के स्कूल के निदेशक आनंद सिंह, बासपा नेत्री सोना केसरी, सुनील राम सहित कई लोगों ने अम्बेडकर चौक पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। अनुसूचित जाति जनजाति कर्मचारी संघ अनुमंडल के अध्यक्ष शशांक शिव शेखर के नेतृत्व में विशाल शोभायात्रा निकाली गई जो डिहरी बाजार होते हुए कर्पूरी चौक पर पहुंच कर माल्यार्पण किया। शोभा यात्रा पाली रोड स्टेशन रोड, चुना भट्ठा कैनाल रोड होते हुए पुनः अम्बेडकर चौक पर पहुंच सभा में तब्दील हो गया। जदयू नेता डॉ निर्मल कुशवाहा ने बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के उपरांत कहा कि शिक्षा समानता और न्याय के बल पर समाजिक क्रांति की नींव रखने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी आजीवन वंचितों के अधिकारों के लिए कटिबद्ध रहे। समता, स्वतंत्रता और बंधुत्व पर आधारित संविधान की रचना कर उन्होंने भारत की महान लोकतांत्रिक विरासत को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज निर्माण की दिशा में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को विचार आज भी हम सभी को प्रेरणा प्रदान करते हैं। इस मौके पर प्रमोद पासवान पीर मोहम्मद में दुर्गेश कुमार गुड्डु कुमार, मास्टर अखिलेश सिंह, पिंटू पासवान स्नेही राम राजेंद्र राम, जन अधिकार पार्टी के सरफुद्दीन अंसारी, अख्तर अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे। वहीं अकोढ़ीगोला में दलित अधिकार मंच के अध्यक्ष सुजीत कुमार के नेतृत्व में बाबा भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती धूमधाम से मनाया गया। उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस मौके पर रविंद्र राम, सुरेंद्र राम अयोध्या पासवान संजय दास रामप्रवेश राम राम केशी राम सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## हाइवा की चपेट में आने से बच्ची घायल, परिजनों ने किया घंटों सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ी गोला।** दरिहट थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम दरिहट के मुख्य बाजार में लक्ष्मी मिष्ठान भंडार के समीप रविवार की संध्या करीब आठ बजे बालू लदे अठारह चक्का हाइवा के चपेट में आने से एक 6 वर्षीय मासूम की दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा निजी क्लीनिक में प्राथमिक उपचार कराया गया एवं परिजनों को इसकी सूचना दी गई। सूचना पाते ही परिवार वाले रोते बिलखते क्लीनिक पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने डायल 112 की वाहन से अनुमंडलीय अस्पताल डिहरी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने मासूम की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज हेतु वाराणसी रेफर कर दिया गया। परिजनों के द्वारा गाड़ी मालिक को बुलाकर इलाज करवाने की मुआवजा राशि को लेकर घंटों सड़क जाम किया गया। सड़क जाम की सूचना पाकर पुलिस तथा वरीय अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा परिजनों को समझने का प्रयास किया। घंटों समझाने बुझाने के बाद परिजनों को मनाया गया तथा जाम को हटवाया गया। परियों ने बताया कि आकृति कुमारी उम्र 8 वर्ष रोहतास अकबरपुर की रहने वाली है अपनी नानी के घर शादी समारोह में आई थी तभी या घटना घटी। आकृति कुमारी की हालत गंभीर है।

## महादलित टोले में विशेष शिविर में बंटे प्रमाण पत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** डॉ आंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत कैमूर जिले के भभुआ प्रखंड वेटरि पंचायत के कावर महादलित टोले में विशेष शिविर में जिला पदाधिकारी सावन कुमार के द्वारा विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर आशा कुमारी को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत नौकरी का प्रमाण पत्र दिया गया। चश्मा वितरण, पुस्तक



वितरण, प्रधान मंत्री मातृवंदन योजना, ई श्रम कार्ड, मनरेगा कार्ड, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, जनधन पास बुक, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी इत्यादि का वितरण किया गया।

## गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय में चतुर्थ आउटरीच प्रोग्राम का समापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा आगामी 2028 में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय परिसर में करने की घोषणा के साथ ही कल देर रात एक दिवसीय चतुर्थ आउटरीच प्रोग्राम का समापन हो गया। इस दौरान अस्थि रोग विभाग के स्नातकोत्तर चिकित्सा छात्रों हेतु एक महत्वपूर्ण पुस्तक का विमोचन भी किया गया। विमोचन के क्रम में पुस्तक के लेखक डॉक्टर उज्ज्वल



कुमार वर्मा एवं डॉक्टर प्रियांक दीपक भी उपस्थित रहे। लेखकों के मुताबिक यह पुस्तक एम एस आर्थो, डी एन बीऑर्थो, डी आर्थो, सीपीएस आर्थो एवं अन्य परीक्षा हेतु अत्यंत उपयोगी है जो अस्थि रोग विभाग के छात्रों को काफी मदद पहुंचाएगी। एकदिवसीय आउटरीच प्रोग्राम के दौरान वरीय नागरिकों को हड्डी संबंधी हो रही विभिन्न समस्याओं को लेकर काफी शोधपरक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए जिसमें आए हुए अतिथियों ने अपना विचार व अनुभव को साझा किया। नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के अस्थि रोग विभाग के छात्रों द्वारा बुजुर्गों की समस्याओं पर आधारित पोस्टर प्रस्तुतीकरण किया गया जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु उन्हें संस्थान के सचिव गोविंद नारायण सिंह एवं प्रबंध निदेशक त्रिविक्रम नारायण सिंह के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। समापन सत्र में संगठन के अध्यक्ष डॉ उपेंद्र प्रसाद, सचिव डॉक्टर प्रवीण कुमार साहू, प्रोग्राम समन्वयक डॉक्टर विकास कुमार, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर अजीत सहगल एवं आयोजन सचिव डॉक्टर कुमार अंशुमान ने संस्थान द्वारा सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया एवं धन्यवाद ज्ञापन में संस्थान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर अतिथियों के मनोरंजन हेतु कल देर रात्रि गाला नाइट का आयोजन भी किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश से आए कलाकारों द्वारा नृत्य -संगीत का रंगारंग प्रस्तुतीकरण किया गया।

## समाज सुधारक और संविधान निर्माता की जयंती मनायी गयी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अकोढी गोला(रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आदर्श ग्राम दरिहट सहित आसपास के क्षेत्र में धूमधाम से अंबेडकर जयंती मनाई गई। भारतीय राजनीतिक, समाज सुधारक और संविधान निर्माता, आधुनिक भारत के शिल्पकार भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयन्ति पर उन्हें याद किया गया तथा उनके विचारों पर परिचर्चा की गई। आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित सामुदायिक भवन पर बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती केक काटकर बनाई गई वहीं उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण भी की गई। डिहरी जिला पार्षद नथुनी पासवान ने बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण किया और उपस्थित लोगों को बाबा साहब के बताए हुए रास्ते एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। जयंती समारोह में उपस्थित कृष्णा पासवान सरपंच, मनमुन पासवान, सुजीत पासवान, विजय पासवान, कृष्णा, सुशील, बलजीत, हरिशंकर, रविरंजन, लवकुश, दीपक, संजय, नरेन्द्र, लड्डू सहित काफी शंख्या में लोग उपस्थित रहे। जयंती समारोह का संचालन ललन जी पासवान के द्वारा किया गया।

## 27 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 27आरोपितों को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में आर्म्स एक्ट, हत्या कांड, एस सी एसटी एक्ट, चोरी, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। दस लीटर देशी शराब, एक दोनाली बंदूक स्कूटी, एक बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में 51 हजार500 रुपए जुमार्ने की राशि वसूली गई ।

## बच्चे को खेलाने के बहाने डेढ़ वर्षीय बच्चे को लेकर युवक फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दुर्गावती।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत कर्मनाशा बाजार में गैस भराने के लिए आईं महिला की गोद से खेलाने के बहाने डेढ़ वर्षीय एक बच्चे को लेकर एक युवक फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब बच्चे का पता नहीं चला तो महिला के द्वारा इसकी सूचना दुर्गावती पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस मौके पर पहुंच कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र अंतर्गत खजुरा पंचायत के सरैया गांव निवासी बिक्की यादव की पत्नी शारदा देवी अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को लेकर कर्मनाशा बाजार में गैस भराने आई थी। तभी एक युवक आया और उसके गोद से बच्चे को लेकर खेलाने लगा। इसी बीच युवक बच्चे को लेकर गायब हो गया। कुछ देर तक जब वह नहीं आया तो महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही दुर्गावती पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस मामले में स्थानीय थाना अध्यक्ष गिरीश कुमार ने बताया कि बच्चा चोरी की सूचना आवेदन के माध्यम से प्राप्त हुई है जिसके आलोक में घटनास्थल पर पुलिस गई थी साथ ही आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल ने डिहरी बाजार श्री हनुमान मानस मंदिर के प्रागंण में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव का शुभारंभ सामूहिक हनुमान चालीसा से हुआ। हनुमान जी कि विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजा पर बैठे विहिप के भोला चौहान, अर्जुन प्रसाद केशरी, चंदन गुप्ता, नीरज कुमार, रवि गुप्ता ने पूजन के बाद सामूहिक आरती किया गया। डिहरी नगर के सभी हनुमान भक्तों महिला एवं पुरुषों के साथ 11 बार हनुमान चालीसा पाठ गाया गया। किन्नर समाज की मंडली द्वारा प्रभू श्रीराम जी एवं हनुमान जी के कई गीत गाये गए। बजरंग दल नगर संयोजक अमर सिन्हा के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव हनुमान जी के जन्म के उपलक्ष्य में मनाया




जाता है। यह भारत के विभिन्न भागों में परंपरानुसार चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था यह माना जाता है। बजरंग दल प्रान्त सुरक्षा प्रमुख दीपक दास ने बताया कि विष्णु जी के राम अवतार के बाद रावण को दिव्य शक्ति प्रदान हो गई जिससे रावण ने अपनी मोक्ष प्राप्ति हेतु शिवजी से वरदान मांगा की उन्हें मोक्ष प्रदान करने हेतु कोई उपाय बताए। तब शिवजी ने राम के हाथों मोक्ष प्रदान करने के लिए लीला रचि। शिवजी की लीला के अनुसार उन्होंने हनुमान के रूप में जन्म लिया ताकि रावण को मोक्ष दिलवा सके। इस कार्य में रामजी का साथ देने हेतु स्वयं शिवजी के अवतार हनुमान जी आये थे, जो कि सदा के लिए अमर हो गए। रावण के वरदान के अनुसार उन्हें मृत्यु के साथ-साथ उसे मोक्ष भी दिलवाया।

## अम्बेडकर जयंती पर निकली रथ यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज (रोहतास)।** बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर जयंती पर यात्रा का आयोजन हुआ। नासरीगंज प्रखंड अंतर्गत शंकरपुर परसिया से जाप के पूर्व जिला अध्यक्ष नेतृत्व ई विशाल कुशवाहा के नेतत्व में भीम भगत शोभा यात्रा निकाला गया। इस दौरान मानववादी विचारधारा के सैकड़ों लोग रथ के पीछे मोटरसाइकिल के साथ शामिल हुए। भीम भगत शोभा यात्रा शंकरपुर परासिया से चलकर मौना, राजपुर होते हुए नोखा बस स्टैंड तक हुआ, बारिश में भींगते हुए भी अंबेडकरवादी जय भीम का उदघोष करते रहे जहां अंत में सभा का आयोजन कर कार्यक्रम को समाप्त किया गया। सभा की अध्यक्षता नोखा के समाजसेवी अरविन्द चक्रवर्ती ने किया।

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर एक महान सामाजिक सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। उनके विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें समाज में समानता और न्याय के लिए प्रेरित करते हैं। विशाल कुशवाहा ने कहा कि बाबा साहब के विचारों और आदर्शों को प्रसारित करने के लिए स्थापित करना हमारा लक्ष्य है।

## हॉकी एसोसिएशन की दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण एवं हॉकी एशोसिएशन ऑफ बिहार के निदेशानुसार हॉकी एशोसिएशन ऑफ कैमूर के तत्वावधान में हो रहे दो दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन पुलिस अधीक्षक कैमूर एवं डीएवी स्कूल जद्दुपुर के डायरेक्टर दिनेश सिंह के द्वारा किया गया। पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला को डीएवी स्कूल के डायरेक्टर दिनेश सिंह के द्वारा अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ मोमेंटो स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। मंच संचालन अरुण कुमार तथा खेल का संचालन कैमूर जिला हॉकी सचिव ओम प्रकाश ने



किया। जिला स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका राहुल शुक्ला, अजित कुमार, मोहम्मद इमरान तथा नीरज कुमार ने किया। इस प्रतियोगिता में अतिथि रामप्रसाद सिंह हरिशंकर तिवारी, अवधेश कुमार, रमेश निषाद, अरुण कुमार, महावीर कुमार सिंह, पप्पू कुमार, निर्मल सिंह, विकास कुमार, आनंद निषाद, सतीश कुमार, संदीप तिवारी (अध्यक्ष) उपस्थित थे। सभी अतिथि गण को हॉकी एसोसिएशन ऑफ कैमूर के सचिव ओमप्रकाश जी के द्वारा अंग वस्त्र, पुष्प गुच्छ से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल आठ टीमें भाग ले रही हैं। उद्घाटन का पहला मैच अंडर 14 बालिका वर्ग का मैच रामपुर और भगवानपुर के बीच खेला गया जिसमें रामपुर ने विजेता हासिल किया। अंडर- 16 बालक वर्ग का मैच भभुआ और रामपुर के बीच खेला गया जिसमें रामपुर की टीम विजयी रही। हॉकी एशोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह के द्वारा एक अच्छी पहल है जो कि पूरे बिहार में हॉकी प्रतियोगिता लगातार कराया जा रहा है। इससे हॉकी के खिलाड़ियों के लिए बहुत की खुशी की बात है और खिलाड़ी इस प्रतियोगिता को लेकर बहुत प्रसन्न हैं।

## श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ कराने को लेकर बैठक




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर (कैमूर)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जलालपुर पंचायत के बसीनी गांव मे सोमवार को जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पूर्व तैयारी को लेकर संदीप कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह पैक्स अध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक की गई जिसमें मुख्य अतिथि पंडित शिवपूजन शास्त्री जी, उमाकांत चतुर्वेदी प्रोफेसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के मार्गदर्शन पर यज्ञ शाला से लेकर विद्वानों को रहने का स्थान प्रसाद ग्रहण करने का स्थान आदि जिम्मेवारिया लोगों के बीच शौपी गई। यह यज्ञ 20 मई 2025 से 27 मई 2025 तक चलेगा। शास्त्री जी ने बताया कि इस यज्ञ के दौरान 11 हजार शंखनाद एक साथ किया जाएगा। यह यज्ञ विश्व शांति विश्व कल्याण के लिए आयोजित की जा रही है।

## अंबेडकर जयंती पर तिलौथू में बच्चों के बीच वितरित की गई पाठ्य सामग्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** संविधान निर्माता एवं महान समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर निःशुल्क पाठशाला, बसडीहा (केरपा), तिलौथू में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वहां अध्ययनरत बच्चों के बीच सामाजिक कार्यकर्ता और पाठशाला के संचालक सत्यानंद कुमार ने पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य बाबा साहेब के उस विचार को साकार करना था जिसमें उन्होंने कहा था तुम्हारे पैर में जूते भले ही न हों,



लेकिन हाथ में किताबें जरूर होनी चाहिए क्योंकि शिक्षा ही जीवन का आधार है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक सत्येंद्र राम और समाजसेवियों ने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में बताया और बाबा साहेब के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का संकल्प दिलाया। बच्चों में भी इस अवसर पर विशेष उत्साह देखा गया। इस पहल के माध्यम से आयोजकों ने समाज के वंचित वर्ग तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया। बाबा साहेब के विचारों को जीवंत करते हुए यह आयोजन न सिर्फ बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाया, बल्कि शिक्षा के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई।

## अंबेडकर जयंती पर शोभा यात्रा निकाली गयी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** भीम आर्मी रोहतास, शेरशाह अंबेडकर कल्याण छात्रावास एवं अंबेडकर संघर्ष मोर्चा के द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की जयंती पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसकी अगुवाई भीम आर्मी जिला अध्यक्ष अमित पासवान ने किया। यह शोभा यात्रा जगदेव चौक बौलिया से होते हुए प्रभाकर मोड़ एवं उसके बाद समाहरणालय गेट स्थित अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई। भीम आर्मी नेता अमित पासवान ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर जयंती पर देश ही नहीं वरन सम्पूर्ण विदेश आज उन्हें याद कर रहा है। अभी वर्तमान में हमारे लिए बाबा साहब अंबेडकर द्वारा रचित संविधान को बचाने की सबसे बड़ी चुनौती है। 14 अप्रैल का दिन सामाजिक क्रांति, न्याय, समानता और शिक्षा के महापर्व के रूप में इतिहास में दर्ज है वह दिन जब एक युगपुरुष ने जन्म लिया जिन्होंने भारतीय समाज की जड़ों में व्याप्त असमानता को चुनौती दी और लोकतंत्र को न्यायपूर्ण मूल्यों पर आधारित बनाया। शोभा यात्रा में अमित पासवान, कृष्ण कुमार आनंद, ज्योति कुमार, गुड्डु कुमार, डॉ राम आधार पासवान, छोटू पासवान, रोहित पासवान, इंगलेश गुरुजी, रौशन कुमार, चंद्र भान प्रताप, शहजाद आलम, मुस्लिम अंसारी, गोलू कुमार, सोनू कुमार, राहुल कुशवाहा, जितेंद्र कुशवाहा, अजय सिंधु, मंटू पासवान, वार्ड पार्षद गुड्डु पासवान, बबलू कुमार, अमावस कुमार, संदीप सम्राट, कलेंद्र कुमार, अजय नेता, सूरज राम, बीरेंद्र भाष्कर एवं अन्य मौजूद थे।

## आर एस के पब्लिक स्कूल बस्तीपुर में अम्बेडकर जयंती मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** विद्यालय परिसर में बाबा भीमराव अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद विद्यालय के निदेशक आनंद सिंह के नेतृत्व में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों ने एक शोभा यात्रा निकाली। इस शोभायात्रा में संजय पासवान तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य आर एन सिंह, प्रधानाचार्या प्रेमलता शर्मा, उप प्रधानाचार्य रवि शंकर श्रीवास्तव, सह शैक्षणिक के प्रभारी बादल गुरु तथा सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल हुए। डिहरी नगर स्थित




अम्बेडकर चौक पर पहुंच कर डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात बारह पत्थर के समीप अम्बेडकर नगर पहुंच कर बच्चों के बीच कॉपी, पेंसिल, टॉफी इत्यादि का वितरण किया गया। निदेशक आनंद सिंह ने कहा कि आज के समाज में संविधान निर्माता बाबा भीम राव अम्बेडकर के बताए गए सिद्धांत पूरी तरह सार्थक हैं। शिक्षा और संघर्ष के महत्व पर आधारित उनका जीवन हम सब के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

## कुदरा-भभुआ मोड़ से गुजरना बना जानलेवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत के कुदरा-भभुआ मोड़ से गुजरना जानलेवा हो गया है। गलत दिशा से वाहनों के परिचालन से यहां अक्सर दुर्घटना हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बार-बार दुर्घटना के बावजूद भी प्रशासन गलत दिशा से हो रहे वाहनों के आवाजाही पर रोक नहीं लगा रही है जिससे लोगों में प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही से गलत दिशा से वाहनों का परिचालन पर रोक नहीं लग रही है।

## 81हजार की साइबर ठगी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के पाली रोड स्थित एक प्रतिष्ठान में दो अज्ञात साबर ठग पहुंचे। उन्होंने यूपीआई के केवाईसी करने का झांसा देकर संतोष कुमार से मोबाइल मांगी। मोबाइल मांग ठगों ने कोई ऐप लोड कर 81500 रुपए उड़ा लिया। इस संबंध में डिहरी नगर थाना में पीड़ित ने प्राथमिकी दर्ज कराया है।

## अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभा यात्रा, उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर चेनारी बाजार में सोमवार को एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस आयोजन में चेनारी सहित बभनगावा कटरा खदौली, पेवंदी, मल्हीपुर, पहाड़पुर, बीरनगर समेत आस-पास के दर्जनों गांवों से भारी संख्या में ग्रामीणों की भागीदारी रही। पुरुष, महिलाएं और युवा हाथों में नीले झंडे, बैनर और पोस्टर लिए जय भीम के नारे डॉ. अंबेडकर अमर रहे के नारों के



साथ जुलूस में शामिल हुए। शोभा यात्रा की शुरूआत चेनारी दक्षिण मोहल्ला स्थित रविदास मंदिर से हुई जो गांधी चौक, मुख्य बाजार, थाना चौक, कर्पूरी चौक होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। जुलूस में सबसे आगे बाइक सवार युवा थे जिनके पीछे डॉ. अंबेडकर सहित दर्जनों महापुरुषों की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। इनमें सावित्रीबाई फुले, डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, संत रविदास, गौतम बुद्ध आदि शामिल थे। कई लोग पैदल चलते हुए अंबेडकर की जीवनी पर आधारित गीतों पर थिरकते नजर आए। इस दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। हर प्रमुख चौक-चौराहे पर पुलिस बल तैनात था। चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

## वार्ड पार्षद ने रुकवा दिया सड़क निर्माण का कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कुदरा।** नगर पंचायत के वार्ड नम्बर छह में शुरू हुआ निर्माण कार्य को सोमवार को वार्ड पार्षद ने रोकवा दिया। पार्षद ने निर्माण कार्य के एस्टीमेट नहीं मिलने देने का हवाला देते हुए कहा कि इसमें अनियमितता होने की आशंका है। नगर पंचायत कार्यालय से थाना तक सड़क निर्माण व मरम्मति कार्य में लगे कर्मियों ने इसकी जानकारी कार्यपालक पदाधिकारी उजाली राज को दी। वार्ड पार्षद विशाल कुमार व मौके पर उपस्थित उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मिथलेश कुमार ने बताया कि किसी भी कार्य के शुरू होने से पहले उसकी प्राक्कलन राशि की कॉपी वार्ड पार्षद व मुख्य पार्षद को देनी होती है, लेकिन कराए जा रहे निर्माण रिपेयरिंग के कार्य में कितनी राशि खर्च होनी है, इसकी जानकारी नहीं दी गई है। पार्षद ने बताया कि दस वार्ड में पहले के कार्य को नहीं कराया जा रहा है और नए योजना लेकर कार्य शुरू करा दिया गया।

# बाबा साहब थे मां भारती के सच्चे सपूत : विवेक ठाकुर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** सोमवार को नगर भवन नवादा में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष विनय कुमार ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब अंबेडकर मां भारती के सच्चे सपूत थे। उन्होंने भारत वर्ष में व्याप्त कुप्रथाओं के अंत के साथ ही समरस समाज की स्थापना पर बल दिया। बाबा साहब का सपना था धारा 370 का समापन किया। जिसके पूर्ति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह ने किया। एक ओर कांग्रेस के लोगों ने लंबे समय तक बाबा साहब को भारत



रत्न से वंचित रखा वहीं दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी के समर्थन से बनी 1990 के तत्कालीन सरकार बाबा साहब को भारत रत्न से सम्मानित किया। बाबा साहेब की जयंती सभा को संबोधित करते हुए सांसद ने नवादा में 100 बेड का अनुसूचित जाति छात्रावास खोले जाने को लेकर मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि तीन महादलित मोहल्ले में 30 लाख की लागत से सामुदायिक विकास भवन बनेगा। प्रत्येक वर्ष बाबा साहेब की जयंती मनाई जाएगी। कार्यक्रम में मंच संचालन भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार मुन्ना ने किया। स्वागत भाषण मुकेश कुमार दिनकर ने किया। स्वागत भाषण के दरम्यान दिनकर ने कहा कि सशक्त राष्ट निर्माण के लिए वंचित को सिंचित करने का संकल्प के साथ हम सब इस कार्यक्रम का शुरुआत कर रहे हैं वहीं विषय प्रवेश डॉ सर्वजीत शांडिल्य ने किया। सभा का संबोधन जिला अध्यक्ष अनिल मेहता एवं जदयू के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह वारसलीगंज के विधायक अरुणा देवी पूर्व विधायक कन्हैया रजवार समेत दर्जनों लोगों ने किया। कार्यक्रम का प्रबंधन भाजपा नेता प्रमोद कुमार चुन्नू ने किया। इस अवसर पर रणजीत यादव,अजीत यादव, नरेश वर्मा, नंदकिशोर चौरसिया गौरव सांडिल्य, कमलेश कुमार, प्रमोद चन्द्रवंशी, गौरव शांडिल्य, सुरेंद्र राजवंशी, प्रो सुरेन्द्र चौधरी, विकास कुमार ज्योति पासवान काशीचक प्रमुख पंकज सिंह, पकरी वर्मा के जिला परिषद प्रतिनिधि पंकज सिंह आषाढी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष पिंटू सिंह, जदयू की अफरोज़ा खातून, भाजपा के प्रो सुरेन्द्र चौधरी, विकास कुमार, लोजपा की खुशबू सिन्हा आदि मौजूद थी। केंदुआ के पूर्व मुखिया मनोज सिंह, भाजपा नेता चाणक्य कुमार मुन्ना, बीजू बीघा पंचायत की मुखिया सपना देवी, सरपंच करी देवी, अकरी पंचायत के पूर्व मुखिया रेखा देवी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिसे सांसद ने अंग वस्त्र देकर पार्टी में स्वागत एवं सम्मानित किया। 50 किलो का माला भी पहनाया गया।

# राजगीर से उधमपुर जाने वाली ट्रेन को सांसद व विधायक ने किया रवाना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राजगीर से जम्मू कश्मीर के उधमपुर तक जाने वाली राजगीर-उधमपुर स्पेशल ट्रेन का परिचालन सोमवार से शुरू हो गया। सांसद कौशलेंद्र कुमार और राजगीर विधायक कौशल किशोर ने हरी झंडी दिखाकर राजगीर उधमपुर स्पेशल ट्रेन को रवाना किया। मौके पर शहर के कई गणमान्य और रेल पदाधिकारी उपस्थित रहे। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि राजगीर से अभी हरिद्वार और जम्मू-काश्मीर तक स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया गया है। इसे ट्रायल के रूप में 30 तक चलानें की योजना है परंतु इसमें यात्रियों की अच्छी खासी संख्या को देखते हुए इसे आगे दिनों के लिए बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राजगीर बख्तियारपुर रेलवे लाइन का दोहरीकरण का कार्य भी जल्द हीं शुरू होगा। राजगीर विधायक कौशल किशोर



ने कहा कि राजगीर एक पर्यटक स्थल यहां हर बड़े महानगरों से कनेक्टिविटी शुरू की जा रही है। रेलवे का यह अच्छा पहल है। यह ट्रेन 03221 प्रत्येक सोमवार को राजगीर रेलवे स्टेशन से 2 बजे खुलेगी और दूसरे दिन रात के 11.30 बजे शहिद तुषार महाराज रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह शहिद ट्रेन तुषार महाराज रेलवे स्टेशन से बुधवार को 3.15 बजे खुलेगी जो 3 बजे दोपहर राजगीर स्टेशन पहूंचेगी। मौके पर एससीएम दानापुर मंडल गंगासागर मंडल, सीटीआई श्रीनिवास, अमित कुमार, रियाज उद्दीन, गौरव कुमार, बुकिंग सुपरवाइजर देवेंद्र प्रसाद, स्टेशन मास्टर संजीव कुमार, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष जय राम सिंह, वार्ड पार्षद मीरा कुमारी, पूर्व पार्षद सूवेन्द्र राजवंशी, मुन्ना कुमार,पार्षद कविता कुमारी, सहायक डिपो इंचार्ज आनन्द कुमार, उतम कुमार, सहित अन्य उपस्थित थे। राजगीर स्टेशन से खुलने के बाद इस ट्रेन का ठहराव नालंदा, पावापुरी, बिहारशरीफ, वेना, हरनौत, बख्तियारपुर, फतुहा पटना सिटी, पटना जंक्शन, दानापुर, आरा, बक्सर, दीनदयाल उपाध्याय, न्यू बेस्ट रेलवे स्टेशन, बनारस, जौनपुर, अयोध्या धाम, लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, नजीमाबाद, लक्सर जंक्शन, अम्बाला, लूधियाना, पठान कोर्ट, जम्मू तवी शहीद तुषार महाराज रेलवे स्टेशन पहूंचेगी।

# नारदीगंज प्रखंड के जनपुरा, मियांविघा, रामें, फाजिलपुर गांवों में डॉ अनुज सिंह ने किया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सभी प्रखंड के पंचायतों एवं गांवों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जन जागृति फाउंडेशन के द्वारा लगातार पदयात्रा कर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। जहां सामाजिक कार्यों के द्वारा नवादा जिले में अपनी छाप छोड़ने वाले प्रतिष्ठित शिक्षाविद, समाजसेवी डॉ अनुज घर-घर घूम कर लोगों से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। रविवार को नारदीगंज प्रखंड के जनपुरा, विष्णुपुरी (मियां बिगहा), रामे, फाजिलपुर एवं कहुआरा पंचायत के जनपुरा गांव में पदयात्रा के द्वारा लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को जानने का प्रयास किया गया। इन गांवों में मतदाताओं ने जोरदार स्वागत किया। नवादा के इस चुनावी लहर में पहली बार चुनाव से पूर्व किसी सशक्त समाजसेवी के द्वारा इतने बड़े लोगों से मिलने का कार्य किया जा रहा है जिसका असर कहीं



ना कहीं मतदाताओं के ऊपर पड़ने लगा है। रविवार को चलाए गए उपरोक्त गांव में जनसंवाद को संबोधित करते हुए डॉ अनुज सिंह ने कहा कि हमें आप लोगों के सहयोग से अपने नवादा को एक सशक्त जिला के रूप में बनाना है। मेरा यह वचन है कि अगर आप लोग एक बार हमें अवसर देते हैं तो आने वाले भविष्य में इसका परिणाम अनुकूल मिलेगा।हमारा काम जाति धर्म से ऊपर उठकर नवादा का विकास का होगा। आज नवादा की बदहाली के लिए यहां के जनप्रतिनिधि जिम्मेदार है। मैं जनता जनार्दन को यह विश्वास दिलाता हूं कि अगर आपका सहयोग हमें मिला तो निश्चित तौर पर मैं आपके विश्वास पर खड़ा रहूंगा। मेरा प्रयास है कि हम नवादा के हर गांव जाकर लोगों को जगाने का काम करें, इसलिए यह अभियान चलाया जा रहा है। मौके पर उपस्थित प्रोफ़ेसर कृष्ण कुमार प्रभाकर ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नवादा विधानसभा में वर्तमान समय में डॉ अनुज सिंह के अतिरिक्त इमानदार स्वच्छ एवं सामाजिक कार्य में रुचि रखने वाले और कोई व्यक्ति नजर नहीं आ रहा। चुनाव की बात छोड़ दें आज पूरा नवादा उनके किए गए पिछले 15 वर्षों से सामाजिक कार्य को जान रहा है इसलिए आप तमाम ग्रामीणों से अनुरोध है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में एक बार बदलाव लाने का प्रयास करें। मौके प्रसाद चल रहे लक्ष्मी पूजा समिति ओड़ो के अध्यक्ष संजय सिंह, समाजसेवी अनिल कुमार सिंह पसई, ग्राम पंचायत रामे के पूर्व मुखिया रविंद्र सिंह, जनपुरा के अनुज सिंह, मुरारी सिंह, बस्ती बीघा निवासी डॉ जेपी चौधरी, गोनामा निवासी युवा नेता चंदन सिंह, नारदीडीह के सेवानिवृत शिक्षक प्रवीण कुमार,पचाढ़ा पंचायत के पूर्व मुखिया महेश कुमार, पूर्व प्रबंधक कोऑपरेटिव बैंक ललन सिंह, रामे के शालीग्राम सिंह,रौशन कुमार, अनिल कुमार, कुंदन कुमार सहजपुरा, मुकेश सिंह केना, नवलेश कुमार दयालीबिघा, द्वारिका प्रसाद कौवाकोल, ईश्वरी सिंह आषाढ़ी, प्रो वीरेंद्र कुमार सिंह कोसला, अखिलेश सिंह, राहुल रंजन सहित हजारों की संख्या में अनुज सिंह के समर्थक भ्रमण करते दिख रहे थे।

# सड़क हादसे में बाइक चालक की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां-नवादा पथ पर भगवानपुर के पास सड़क हादसे में ढोढा गांव के रोहन चौधरी का 30 वर्षीय पुत्र अजय चौधरी की मौत हो गई। बताया जाaa है कि वह नवादा से अपना गांव लौट रहा था। इस दौरान भगवानपुर के पास हादसा हुआ। बताया गया कि सड़क पर भैंस आ जाने के कारण बाइक असंतुलित होकर पलट गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पेट्रोलिंग वाहन ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे नवादा रेफर कर दिया गया है। नवादा से उसे पटना ले जाया गया। बताया गया कि पटना में निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परिवार वालों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# विधायक नीतू ने बाबा साहेब के बताये रास्ते पर चलने पर दिया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ (नवादा)।** नगर सहित विभिन्न गांवों में भारत रत्न डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर की 134वीं जयंती सोमवार को बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। नगर के महादेव मोड़ स्थित अम्बेडकर भवन में कृष्णा चौधरी उर्फ किरो चौधरी की अध्यक्षता में एवं बनवारी रविदास के संचालन में धूमधाम से मनाया गया। जहां बाबा साहेब के अनुयायियों ने बाबा साहब की चित्र पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिसुआ विधानसभा के विधायक नीतू कुमारी थी। उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी पर चर्चा करते हुए उनके बताए गये रास्ते पर चलने को कहा। बाबा साहेव के चित्रो पर पुष्प अर्पित कर मौजुद लोगों को उनके बताये गये रास्ते पर चलने की बात कही गई। कीरो चौधरी ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर



की वजह से ही देश के पिछड़े दलितों की स्थिति में सुधार हो सकी और हम थोड़ा मजबूत हो सके। वरना आज हमारी स्थिति जानवर से बदत्तर बनी रहती। उक्त विचार अंबेडकर जयंती पर राजेश चौधरी ने कहा कि मजदूरों से मात्र आठ घंटे तक ही काम लेने,काम के बदले सही मजदूरी देने, रिजर्व बैंक की स्थापना करने, महिलाओं समेत तमाम पिछड़े व दलितों को उचित सम्मान और शिक्षा देने, आर्थिक स्थिति को मजबूती प्रदान करने आदि का श्रेय बाबा साहेब को ही जाता है। पर उनके नाम पर आजकल कई छद्म लोग ठगने और धोखा दे रहे हैं उनसे सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा बाबा साहेब की पुस्तके पढ़ने से हमारा विकास होगा। विनोद चौधरी ने कहा कि डॉ अंबेडकर के साहित्य को पढ़कर ही जीवन को सुधारा जा सकता है। मौके पर बनवारी राम बिनोद चौधरी, अरविंद चौधरी, अरविंद चंद्रवंशी, मो.सगीर आलम, विनोद रविदास कर्मचारी, चंदन रविदास, डॉ. संतोष कुमार, सुनील तुरी, बिनोद रविदास ,लखन रविदास आदि ने भी संबोधित करते हुए समाज में व्याप्त अंधविश्वास और कुरीतियों को मिटाने पर बल दिया।

# बाबा साहब की जयंती पर आयोजित हुए कई कार्यक्रम





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी नवादा जिला अध्यक्ष अनिल मेहता की अध्यक्षता में समाहरणालय के समीप डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं परिसर को सुबह साफ सफाई किया गया । दर्जनों महिला पुरुष कार्यकर्ता पूरे परिसर एवं प्रतिमा का साफ सफाई किया। जयंती के पूर्व संध्या पर पूरे प्रतिमा एवं परिसर को फूल, लाइट एवं दीपक से सजाया गया। शाम में नवादा लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर की उपस्थिति में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा एवं परिसर में दीपक जलाकर दीपोत्सव मनाया। सासंद विवेक ठाकुर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# डैफोडिल पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने कराटे प्रतियोगिता में लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 2025 पटना में 12 एवं 13 अप्रैल को स्टेट कराटे एसोसिएशन ऑफ बिहार के द्वारा आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में नालंदा जिला के तरफ से डैफोडिल पब्लिक स्कूल मंगलास्थान के 3 खिलाड़ियों ने भाग लिए। जिसमें तीनों खिलाड़ी परचम लहराते हुए 5 पदक अपने नाम किया। जिसमें 1 स्वर्ण पदक, 1 रजत पदक एवं तीन कांस्य पदक हैं। जूनियर 42 भार वर्ग व काता में मुस्कान कुमारी ने स्वर्ण पदक तथा कांस्य पदक जितने में कामयाब रही, तेजू वर्मा ने 1 रजत व एक कांस्य पदक तथा मयंक रंजन अपने आयु वर्ग में



कांस्य पदक जीते। विद्यालय के कराटे कोच रेन्शी राकेश राज ने बताया कि स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का चयन आगामी राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस संदर्भ में विद्यालय के सचिव डॉ रविचंद कुमार ने कहा कि हमारे विद्यालय के खिलाड़ियों के द्वारा लगातार कई वर्षों से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर विद्यालय एवं जिला का नाम रोशन करने का काम कर रहे है उन्होंने यह भी कहा कि इस जीत के पीछे विद्यालय के कराटे कोच रेन्शी राकेश राज शारीरिक शिक्षा ऋषिकेश कुमार व रौशन कुमार के कुशल प्रशिक्षण एवं छात्र-छात्राओं के कड़ी मेहनत व लगन है, सभी विजेता खिलाड़ियों को विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद, उपप्राचार्या ज्योति मेहता, अजीत कुमार, रौशन कुमार, प्रीतम भास्कर, ज्योति मौर्या, दीपक कुमार, अन्नू भारती, अतुल अभिलाष, हिना कौसर, सुनील कुमार, शबाना तबस्सुम, अखिलेश प्रसाद, जितेंद्र प्रसाद सिन्हा, रवि रंजन भारती, रीना कुमारी, नंदलाल प्रसाद, राजीव कुमार सिंह, पुलकेश पांडे, सीमा मंडल, तलत आफरीन, अनुज कुमार, धमेंद्र कुमार अमिताभ पाल मिंज, रेवत खवास, अनुषा रूपल, सुरभि चामलिंग, सभ्यता चामलिंग, नैना रस्तोगी व अन्य सभी शिक्षक गण ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दिया।

# जिलाधिकारी ने बाबा साहेब की जयंती किया माल्यार्पण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय के मुख्य द्वार पर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर समस्त जिलेवासियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संविधान निर्माण में बाबा साहेब का योगदान पूरी दुनिया जानती है। उन्होंने कहा कि देश में वंचित वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने हेतु हमारे संविधान में अनेक प्रावधान किए गए हैं। इसका परिणाम है कि समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने



की मूल भावना के साथ आज हमारा देश विकास के पथ पर अग्रसर है। माल्यार्पण समारोह में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर अखिलेश कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी महेश पासवान सहित अन्य प्रशासनिक पदाधिकारी एवं कर्मीगण भी उपस्थित थे।

# महान समाज सुधारक एवं विधि विशेषज्ञ थे बाबा साहब : मोहम्मद कामरान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीम राव अम्बेदकर की 134वीं जयंती सोमवार को कौआकोल प्रखण्ड में श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। प्रखण्ड के जोगाचक गांव से अम्बेदकर के अनुयायियों के द्वारा भव्य जुलूस निकाली गई। जो जोगाचक से कौआकोल बाजार होते हुए प्रखण्ड मुख्यालय स्थित अम्बेदकर पार्क पहुंचा। जहां अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी, गैर कर्मचारी संघ के बैनर तले व संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष ब्रहमदेव रविदास की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान समेत सैकड़ों लोगों ने बाबा साहब की



प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर केक भी काटा गया तथा संविधान के प्रस्तावना को पढकर शपथ भी ली गई वहीं जयंती को लेकर जय भीम,जय भीम के नारों को जोरदार तरीके से लगाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद स्थानीय विधायक मोहम्मद कामरान ने जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ0 बाबा साहब ने हमेशा समाज के पीड़ित,उपेक्षित व दबे कुचले लोगों को बराबरी का दर्ज़ा दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने संविधान के माध्यम से गरीब समाज को अधिकार और सम्मान दिया है। जिसकी बदौलत आज समाज में ऊंच-नीच की खाई मिट रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज में पिछड़े व वंचितों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। वे एक महान समाज सुधारक एवं विधि विशेषज्ञ थे,जिन्होंने भारतीय संविधान की रचना में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके पूर्व विधायक के पहुंचने पर आयोजकों के द्वारा अंगवस्त्र एवं डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया। मौके पर राजद के प्रखण्ड अध्यक्ष कैलाश यादव, पूर्व मुखिया डॉ0 चंद्रिका प्रसाद, गंगा राम, सुरेश सोरेन, भोला पासवान, अशोक पासवान आदि मौजूद थे वहीं दूसरी ओर प्रखण्ड के सोखोदेवरा गांव अवस्थित रविदास टोला में भी बाबा साहब की जयंती मनाई गई। जहां ग्राम निर्माण मण्डल सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार, स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंधक निदेशक योगी त्यागनाथ आदि मौजूद थे।

# बाबा साहब के अमूल्य योगदान को किया याद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच-20 किनारे स्थित अर्चना होटल परिसर के सभागार में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती जदयू के द्वारा धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने महापुरुष के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा संविधान निर्माण में प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया। इस अवसर पर एमएलसी प्रतिनिधि व पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता दीपक कुमार मुन्ना ने बाबा साहब के आदर्शो पर चलकर मजबूत समाज व राष्ट्र के संकल्प को दुहराया। इस अवसर पर पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सह प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष कारू सिंह, प्रखंड पार्टी उपाध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य अजय यादव, 20 सूत्री सदस्य जसीम खान, मो. सफीरउद्दीन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष हाशिम खान, युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सह 20 सूत्री सदस्य संदीप कुमार, नगर अध्यक्ष संतोष शर्मा, पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार, पंचायत अध्यक्ष अवधेश पाण्डेय, शिवजी कुशवाहा, दांगी जी, देवेंद्र कुमार समेत दर्जनों साथियों ने उपस्थित हो श्रद्धा निवेदित किया। वहीं वक्ताओं ने अपने सम्बोधन में विस्तार से उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला और उनके आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया।

# बाबा साहेब के बताए रास्ते पर चलकर होगा समाज का विकास : प्रेमा चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** बुधौल में संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती मनाते हुए उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद प्रेमा चौधरी थी, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पोस्टमास्टर राजेश्वर कुमार तथा संचालन सुनील चौधरी ने किया। कार्यक्रम के आयोजक राजेश्वर कुमार ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सर्वप्रथम बाबा साहेब के चित्र पर फूल माला चढ़ाकर नमन किया गया, जिसके बाद दीप प्रज्जवित करते हुए केक काटकर शानदार तरीके से जन्मदिन मनाया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद व राजद नेत्री प्रेमा चौधरी ने कहा कि बाबा साहब हमलोगों के बीच नहीं है, लेकिन देश और दुनिया के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य और पिछड़े, दलित, शोषित, वंचित और जरूरतमंदों के लिए दिए गए अधिकार आज भी संविधान के रूप में जीवित है। डॉ. अंबेडकर ने दुनिया का सबसे मजबूत और लचीला लोकतंत्र भारतीय संविधान के माध्यम से भारत को दिया। बाबा साहब की जीवनी आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बाबा साहब के विचार की प्रासंगिकता अधिक बढ़ी है क्योंकि समाज के बीच भ्रष्टाचार, शोषण, दमन को समाप्त करने के लिए बाबा साहब के विचार को ही हथियार के रूप में इस्तेमाल करना होगा।

# साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल में मनी अंबेडकर जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** मुख्यालय स्थित साउथ सिटी इंटरनेशनल स्कूल के सभागार स्थल पर सोमवार को डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती विद्यालय के निर्देशक रविन्द्र कुमार के सानिध्य में विद्यालय परिवार के बीच बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कुमार व विद्यालय के प्राचार्य पवन कुमार के द्वारा सर्वप्रथम डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्रपट के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने भी डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर बच्चों के भीमराव अंबेडकर की विस्तारपूर्वक जीवनी के बारे में व्याख्या की, तत्पश्चात विद्यालय के निर्देशक रविंद्र कुमार ने भी अपने संक्षिप्त अभिभाषण में बच्चों को अम्बेडकर की प्रेरणा श्रोत



बताए। उन्होने अम्बेडकर द्वारा बताए गए तीन मूल मंत्रों - शिक्षित बनो, संघर्ष करो, संगठित रहो को जीवन में धारण करने के योग्य बताया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम के इसी कड़ी में विद्यालय के द्वारा अम्बेडकर जयन्ती के अवसर पर बच्चों को प्रोत्साहित करने व अपनी कला, कौशल व ज्ञानवर्तन के लिए तीन प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमें निबंध लेखन, तथा चित्रकला और भाषण को रखा गया। तीनों प्रकार के कार्यक्रम में विद्यालय के भिन्न-भिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इन प्रतिभागियों में प्रथम,द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को अगले दिन प्रार्थना सभा स्थल पर निर्देशक महोदय, प्राचार्य और अन्य वरीय तथा कनीय शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुरुस्कृत किया जाएगा।इस प्रकार का मनोरम, बोद्धिक और कला-कौशल से परिपूर्ण कार्यक्रमों को मनाने की परंपरा हमार विद्यलाय के साथ हमेशा जुड़ी रहेगी।

# अधेड़ को बाइक सवार ने मारी ठोकर, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गुरुवार की तबाही का मंजर अभी लोगों की यादों से मिटा भी नहीं था कि सोमवार को फिर एक बार मौसम ने विकराल रूप ले लिया। दोपहर बाद अचानक तेज हवा और आंधी के साथ मौसम ने करवट ली। चिलचिलाती धूप वाले दिन में कुछ ही मिनटों में ऐसा अंधेरा छाया कि मानो दिन में ही रात उतर आई हो। इसके बाद शुरू हुई रिमझिम बारिश ने शहर और ग्रामीण इलाकों में जनजीवन को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं और बारिश के कारण कई मार्गों पर यातायात बाधित हुआ। प्रशासन ने लोगों से घरों में ही रहने की अपील की है, ताकि किसी अनहोनी से बचा जा सके। गुरुवार को हुई तबाही का दर्द अब भी ताजा है। 10 अप्रैल को हुई आपदा में जिलेभर में 29 लोगों की जान जा चुकी है। प्रशासन की ओर से राहत और बचाव कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल की जा रही है। बारिश और तूफान का असर सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रहा। खेतों में खड़ी प्याज और गेहूं की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो चुकी है। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया है। प्रशासन द्वारा फसल क्षति का सर्वेक्षण शुरू कर दिया गया है। तेज हवा और बारिश की यह जुगलबंदी लगातार पांचवे दिन भी कहर बरपा रही है।

# बारिश से हुई क्षतिपूर्ति की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ ने की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** नगर पंचायत मुख्यालय के बीच बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में भारतीय किसान संघ नवादा की मासिक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष राजीव कुमार ने की।इस कार्यक्रम में उत्तर पूर्व क्षेत्र के संगठन मंत्री हेमराज तथा संघ प्रचारक रंजीत कुमार के अलावे पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह, जिला मंत्री अरविंद कुमार सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वर्तमान दक्षिण बिहार प्रांत के उपाध्यक्ष रामनंदन सिंह, रजौली प्रखंड अध्यक्ष राम लखन प्रसाद यादव, सिरदला प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार सिंह, नरहट प्रखंड अध्यक्ष राम अनुग्रह प्रसाद, कौआकोल प्रखंड अध्यक्ष रामावतार पासवान सहित जिला कार्य समिति



के सभी कार्यकर्ता गण मौजूद रहे। बैठक में मौजूद किसान नेताओं के बीच मुख्य रूप से आंधी पानी में किसानों की हुई क्षति के आंकलन पर चर्चा की गई साथ हीं अनुमंडल प्रशासन समेत पूरा जिला प्रशासन व बिहार सरकार से मांग किया कि किसाने के नष्ट-भ्रष्ट हुए फसलों की क्षतिपूर्ति किया जाए। किसान संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद सिंह तथा जिला मंत्री अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि संबंधित प्रशासन हम किसानों की मांगों पर अगर गहन विचार कर उचित कार्रवाई नहीं करेगी,तो हम किसान संघ के कार्यकर्तागण प्रखंड वार चरणबद्ध तरीके से प्रखंड मुख्यालयों पर एक दिवसीय धरना देने का कार्य करेंगे।

# अंबेडकर जयंती पर डॉ प्रेम कुमार ने किया सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर गया में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अंबेडकर पार्क, पुलिस लाइन रोड, एपी कॉलोनी स्थित बैंक ऑफ इंडिया जोनल ऑफिस, धनिया बगीचा, गुरुद्वारा रोड, पितामहेश्वर स्लम बस्ती, समीर तकिया स्लम बस्ती सहित कई स्थानों पर भाग लिया। धनिया बगीचा वार्ड नंबर एक में डॉ प्रेम कुमार ने पांच लाख तीन हजार की लागत से बनने वाले अंबेडकर प्रतिमा स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया और तीन महीने में कार्य पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि बाबा साहब केवल संविधान निर्माता नहीं थे, बल्कि वे दार्शनिक, अर्थशास्त्री, लेखक, न्यायविद, समाज सुधारक और वंचितों के मसीहा थे। उन्होंने बताया कि बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू (मप्र) में एक दलित परिवार में हुआ था और उन्होंने पूरी दुनिया में भारत का नाम रौशन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 से 14 अप्रैल को समानता दिवस के रूप में मनाने की शुरूआत की और अंबेडकर से जुड़े पांच पवित्र स्थलों -भीम जन्मभूमि महू, दीक्षाभूमि नागपुर, लंदन, चैत्यभूमि मुंबई और दिल्ली स्थित नेशनल मेमोरियल का विकास किया गया है। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि अंबेडकर ने छुआछूत, असमानता और सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आजीवन संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा को हथियार बनाकर समाज को आगे बढ़ाया और कहा था, ज्ञान के लिए पढ़ो और अधिकार के लिए लड़ो। कार्यक्रम में अधिवक्ता मुकेश शर्मा, प्रेमसागर, देवानंद पासवान, सुनील सिन्हा, विकास कुमार, अजय पासवान, संजय रविदास, दीपक चंद्रवंशी, परमार, सुजीत सिंह, जितेंद्र सिन्हा, गोपाल चंद्रवंशी, हरि यादव, धीरू, विक्की, बंटी वर्मा, अक्षय यादव, किशोर पासवान, मनोज पासवान, दीपू, राम पुकार सिंह, शिव मांझी, निर्मला देवी, सुनील दास, टिंकू गोस्वामी, इंदू प्रजापति, मधु शर्मा, रामलखन तुरी, ऋषि लोहानी, अमर यादव, जितेंद्र दास, पप्पू कुमार, किशोर पासवान समेत बड़ी संख्या में नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# फैशन और सामाजिक सरोकार के लिए सम्मानित किए गए वरिष्ठ छायाकार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार में फैशन और सामाजिक सरोकार के लिए नारी-नीति संस्थान और फैशन डिजाइनर नीतीश चन्द्रा ब्रांड द्वारा पटना के एक होटल में 'दिल से बिहार, दिल में बिहार' थीम पर आधारित मिसेज ग्लोबल बिहार सह फैशन शो कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध वरिष्ठ छायाकार रूपक सिन्हा को 'ट्रेंड सेटर (पथ प्रदर्शक) बिहार से जुड़े कई सेलिब्रिटी की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। विदित हो कि रूपक सिन्हा ने आपमें लगन और मेहनत से बड़ी कामयाबी हासिल की है। छायांकन के क्षेत्र में उन्होंने अपने बिहार की विरासत और संस्कृति को प्रोमोट करने में जुड़े रहे हैं। इन्हीं जुनून ने श्री सिन्हा को देश के नामचीन संस्थानों द्वारा निरंतर सम्मानित किया जाता रहा है।

# अंबेडकर जयंती पर निकाला भव्य जुलूस



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** डॉ. भीम राव अंबेडकर की 135 वीं जयंती समारोह पर सोमवार को प्रखंड सहित पंचायतों में भव्य जुलूस निकाला गया जिसमें हजारों लोगों ने भाग लिया। जुलूस में डॉ. अंबेडकर की झांकियां और उनके जीवन और कार्यों को दर्शाती तस्वीरें शामिल थीं। बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिन्होंने डॉ. अंबेडकर के विचारों और योगदान को उजागर किया। जुलूस का उद्देश्य डॉ. अंबेडकर के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना और सामाजिक समानता और न्याय को बढ़ावा देना था। उक्त कार्यक्रम राजद, सामाजिक संगठन, विद्यालयों और स्थानीय निवासियों के सौजन्य से किया गया। राजद प्रभारी डॉ रामाशीष कुमार ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के आह्वान पर प्रखंड में प्रखंड कमिटी और पंचायत में पंचायत कमिटी के सौजन्य से बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर का जयंती समारोह मनाया गया था। मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष सुरेश यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष शिव कुमार चौहान, जिला पार्षद प्रतिनिधि सत्येंद्र प्रजापति, परसावां मुखिया दिलीप कुमार, युवा नेता सुजीत यादव, युवा अध्यक्ष मनोज यादव, दारा सिंह, श्रीगांव मुखिया कलावती कुमारी, लालू यादव, अरुण कुमार, राजेंद्र यादव, रमेश यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# गया में 9वां हाई फ्लाइंग पिजन टूर्नामेंट संपन्न

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया विजेताओं को सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** गया पिजन क्लब द्वारा आयोजित 9वां हाई फ्लाइंग पिजन टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण समारोह 13 अप्रैल 2025 को गया के अशोक अतिथि निवास हॉल में धूमधाम से आयोजित किया गया। इस मौके पर बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीनानाथ मेहरवार ने की। विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता संजू साव, राजेश कुमार (छोटू) और गरिमामय उपस्थिति में भाजपा उपाध्यक्ष सुनील सिन्हा, विकास कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान और मंडल अध्यक्ष धीरू मौजूद रहे। समारोह में जिले भर से आए प्रतिभागियों और कबूतरबाजी प्रेमियों ने हिस्सा लिया। गौरतलब है कि यह टूर्नामेंट गत वर्ष 26 मई 2024 को आयोजित किया गया था जिसमें प्रतिभागियों ने अपने उत्कृष्ट रूप से प्रशिक्षित कबूतरों के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया था। कबूतरों की उड़ान क्षमता, दिशा निर्धारण और गति जैसे गुणों के आधार पर विजेताओं का चयन किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कबूतरबाजी केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत है। एक समय था जब इन्हीं पक्षियों के माध्यम से संदेश भेजे जाते थे। यह देख कर हर्ष होता है कि आज भी हमारे युवा इस परंपरा को जीवित रखे हुए हैं। इस टूर्नामेंट के माध्यम से न केवल कबूतरबाजी को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि यह युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने का भी कार्य कर रहा है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार मोदासिर कुरैशी, द्वितीय पुरस्कार कुमार गौरव, और तृतीय पुरस्कार बयासी रिजवान को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त समारोह में मौजूद अन्य प्रमुख प्रतिभागियों में अमित कुमार, मोहम्मद एरिजोना, टोनी कुमार, मोदासिर वीरता, भोलू खान, सुजीत साहनी, राजीव कुमार चौधरी, दुर्गा कुमार, निशांत पोलाड, ईशान पाठक, आशीष पाठक, शुभम झांगर, विकास सिजुयार, ब्रजेश कुमार, आशीष गोस्वामी और मोहम्मद फजल सहित अनेक लोग शामिल रहे।

# जन्मदिन पर याद किये गए विधिवेत्ता भीमराव अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खिजरसराय।** भारतीय कानून के रचयिता विधिवेता समाजसुधारक अर्थशास्त्री दलित पिछड़ों के रक्षक सामाजिक न्यायकर्ता संविधान निमार्ता ज्ञानी पुरुष डॉक्टर भीमराव अंबेडकर को एक सौ पैंतीसवें जन्म दिन पर लोगों ने धूमधाम से याद किये। प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाके ग्राम विहटा में इनके अनुयायियों ने भीमराव अंबेडकर के जन्मदिन पर झांकी रैली निकाल कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्यस्तरीय सदस्य कॉमरेड जानकी पासवान के कहा कि डॉ. अम्बेडकर सामाजिक न्याय के पुरोद्धा थे। उन्होंने अपने जीवन काल में अकेले संघर्ष करते रहे, दलितों महादलितों पिछड़ों के सामाजिक न्याय अधिकार के लिए जीवनपर्यंत कार्य करते रहे। भीमराव अंबेडकर न होते तो इस आजाद भारत में हमारा कोई अस्तित्व न होता। हमे भीम राव अम्बेडकर के बताए गए रास्ते पर चलकर अपना शिक्षा सम्मान अधिकार प्राप्त कर विकासशील भारत का निर्माण करना है। साथ ही लोगों से आहवाहन की के हर संभव भारतीय संबिधान को पाखंडियों से बचकर रखना है।

# मगध विश्वविद्यालय में भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के मन्नूलाल पुस्तकालय के सभागार में एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ। यह समारोह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही के कुशल निर्देशन प्रबन्धन विभाग, अर्थशास्त्र विभाग, श्रम और समाज कल्याण विभाग तथा भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता प्रो प्रमोद कुमार चौधरी (समाजशास्त्र विभाग) तथा डॉ बीपी नलिन (निदेशक, फिजियोथेरेपी) तथा डॉ पिंटू कुमार सहायक प्राध्यापक भूगोल विभाग थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो आरएस जमुआर, संकायाध्यक्ष प्रबंधन एवं समाजिक विज्ञान संकाय ने किया। वक्ताओं ने बाबा साहेब के संविधान, शिक्षा, समाज सुधार और सामाजिक समरसता में दिए गए योगदान को रेखांकित किया। डॉ भीमराव आंबेडकर भारतीय लोकतंत्र के शिल्पी थे। उन्होंने न केवल भारत के संविधान की रचना की, बल्कि सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के सिद्धांतों को भी जन-जन तक पहुंचाया। आज का दिन हमें उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेने का दिन है। बाबा साहेब का जीवन संघर्ष, विद्वता और समाज सुधार का प्रतीक है। हमें उनके विचारों को व्यवहार में उतारकर सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करनी चाहिए। बाबा साहेब ने जो चेतना समाज को दी है, वह आज भी प्रासंगिक है। उनकी दृष्टि न केवल भारत के लिए, बल्कि वैश्विक सामाजिक संरचना के लिए मार्गदर्शक है। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के शिक्षक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रबी फसलों को भारी नुकसान



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** बेमौसम बरसात एवं ओला पड़ने से मां तारा नगरी केसपा एवं आसपास के गांवों में रबी फसलों को भारी नुकसान हुआ है। कई किसान गेहूं के फसल को काटकर खेतों में छोड़ दिए थे, लेकिन आज की बारिश और ओला ने सभी किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने सरकार से किसानों के लिए उचित मुआवजा की मांग किया है। बेमौसम बरसात एक प्राकृतिक आपदा है एवं इस आपदा की घड़ी में सरकार को आम नागरिकों की सहायता करनी चाहिए।

# पात्र लाभुकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का मिले लाभ : जिलाधिकारी

## शिविर में 1078 लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाया



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** डॉ. अम्बेडकर जयंती के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के शुभारंभ के अवसर पर शिविर का आयोजन जिले के सुदूरवर्ती मोहनपुर प्रखंड के बगुला महादलित टोला में किया गया जिसका शुभारंभ जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिलाधिकारी सहित वरीय अधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। बताते चले कि आज बाबा साहेब डॉ० भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान का शुभारम्भ तथा विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के 600 लाभुकों को एकमुश्त राशि का अंतरण किया गया। कार्यक्रम में मंत्री सहकारिता विभाग डॉ० प्रेम कुमार, जिलाधिकारी, सिटी एसपी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारियों ने समाहरणालय से वर्चुअल माध्यम से भाग लिया। इसके उपरांत जिलाधिकारी गया द्वारा मोहनपुर के बगुला महादलित टोला में आयोजित अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित विकास शिविर पहुंचे। औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम के उपरांत जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा इस कार्यक्रम का जिले में विधिवत शुरूआत 19 अप्रैल होगा,जिसका रोस्टर तैयार के लिया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सप्ताह बुधवार एवं शनिवारको को निर्धारित टोला में शिविर आयोजित कर सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत लाभुकों तक पहुंचाया जाएगा ताकि एक भी पात्र लाभुक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित नहीं रहे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आने वाले दो महीना में 3500 से ऊपर अनुसूचित जाति जनजाति के टोला में अभियान चलाकर राज्य सरकार की 22 प्रकार की विभिन्न योजनाओं को आप सभी के बीच लाभ पहुंचाया जाएगा।

# रेड क्रॉस सोसाइटी भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन


## हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर कार्य करना होगा : राज्यपाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दरभंगा।** बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी मानवता को समर्पित संस्था है, जो न कि आपदा के समय में बल्कि सामान्य परिस्थितियों में भी पीड़ित लोगों, गरीब लोगों के कल्याण के लिए निरंतर सहायता पहुंचाने का कार्य करती है। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, दरभंगा शाखा के नए कार्यालय के भवन निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम के उपरांत प्रेक्षागृह में आयोजित संबोधन कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करने के बाद अपने संबोधन में कहा कि अगर हम सभ्य और सुसंस्कृत जीवन जीना चाहते हैं तो हमें अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर कार्य करना होगा। भवन निर्माण के लिए आयोजित पूजा में आमंत्रित किये जाने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा के लिए संस्था प्रतिबद्ध है। यह संस्था मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक आदि सिद्धांत पर कार्य करता है। मुझे पूरा विश्वास है कि भवन निर्माण होने के बाद रेड क्रॉस सोसाइटी और ज्यादा प्रभावी और सुचारू रूप से काम करेगी और दरभंगा के लोगों की सेवा करेगी। उन्होंने संवाददाता को संबोधित करते हुए कहा कि रेड क्रॉस प्रेरणा का भी स्रोत है। बहुत सारे लोग भी आते हैं कि हम रक्त दान करना चाहते हैं। राजपाल ने कहा कि जो संस्था जन कल्याण के कार्यों में लगी है, उसे हमें जितना भी उत्साह वर्धन हो करना चाहिए वो हमारे लिए बहुत जरूरी है। पूजन के दौरान सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। बिहार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि आज दरभंगा और रेड क्रॉस सोसाइटी के लिए बहुत बड़ा दिन है। रेड क्रॉस सोसाइटी अपने सीमित संसाधन के माध्यम से पीड़ित मानवता की सेवा दरभंगा में कर रहा है। मामला चाहे आपदा का हो, रक्तदान का हो, आपदा में कैंप के माध्यम से पीड़ित की सेवा करना हो। मंच संचालन करते हुए सचिव मनमोहन सरावगी ने रेड क्रॉस के इतिहास के साथ-साथ रेड क्रॉस दरभंगा द्वारा विगत दिनों किए गए सेवा कार्यों की विस्तृत रूपरेखा से सभी अतिथियों को अवगत कराया। इस अवसर पर भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी, विधायक बेनीपुर विनय कुमार चौधरी, विधायक केवटी मुरारी मोहन झा, महापौर अंजूम आरा, जिला परिषद अध्यक्ष सीता देवी, जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन, वरीय पुलिस अधीक्षक जगुन्नाथ रेड्डी जला रेड्डी उपस्थित रहे।

# शिक्षाविद मो. अबरार आलम की पुस्तक 'अल्फाज का सफर' का विमोचन 26 को




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी के प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद, कवि मोहम्मद अबरार आलम की पुस्तक 'अल्फाज का सफर' का विमोचन आगामी 26 अप्रैल को दिनकर स्मृति समारोह के अवसर पर जगजीवन कॉलेज गया में किया जाएगा। उपरोक्त जानकारी मां निर्दोष सेवा केंद्र के सचिव ई हिमांशु शेखर ने सभी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि मोहम्मद अबरार आलम की यह पुस्तक लोगों को साहित्य के प्रति प्रेरित करती है। अच्छी सोच पाठक में समाज के लिए उनकी जवाबदेही तय करने की प्रेरणा देती है। टेकारी में साहित्यिक गोष्ठी विगत 20 वर्षों से वह करते आ रहे हैं। उनके बिना टिकारी का कोई भी साहित्यिक कार्यक्रम अधूरा लगता है। इनके पुस्तक का विमोचन हिंदी साहित्य के महान कवि दिनकर के स्मृति के अवसर पर किया जाना खुद शायर और टिकारी दोनों के लिए सौभाग्य की बात होगी। इस बाबत शायर अबरार टिकरावी ने कहा कि मेरे गुरु टेकारी के मशहूर शायर समर टिकरावी उर्फ कवि जी थे जिनकी निगरानी में मैंने गजल, मुक्तक, कविता लिखना सीखा। साथ ही साथ सामाजिक कार्य में रुचि भी उन्हीं के पाठशाला की देन है।

# अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**इमामगंज।** प्रखंड क्षेत्र में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जन्म जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सभी राजनैतिक दलों ने कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इसे लेकर इमामगंज प्रखंड के रानीगंज, भवण्डिह, पकरी-गुरिया, नगमा सहित अन्य विभिन्न गांव से गाजे बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल लोगों ने हाथ में उनकी फोटो, संविधान की पुस्तक एवं झंडा लहराते हुए जय भीम जय भारत के नारे लगाते हुए, रानीगंज एवं इमामगंज बाजार को भ्रमण करते हुए इमामगंज डुमरिया मोड़ स्थित अंबेडकर चौराहा पहुंचे जहां सभी लोगों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला पहनाकर एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया और उन्हें नमन किया जो यह कार्यक्रम अंबेडकर विचार संघ मोर्चा के द्वारा किया गया। वहीं इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इमामगंज एसडीपीओ अमित कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वही इस दौरान अमित कुमार ने भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माला पहनकर एवं पुष्प अर्पित श्रद्धांजलि दिया। इस बीच उपस्थित अन्य लोगों ने भी बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बाबा साहेब के अनुयायी शामिल हुए और डीजे की धुन पर लोगों ने नृत्य किया और उत्साह का माहौल बनाया।

# अम्बेडकर की 134 वीं जयंती पर कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** अनूसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद सिबटा के अध्यक्षता में आंबेडकर पार्क पर संविधान निर्माता एवं अग्रणी राष्ट्र निर्माण बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135 जयंती पूरे धूम धाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएम डॉ त्याग राजन एस एम ने उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं केक काट कर किया। डीएम ने कहा कि बाबा साहब हमेशा वंचितों,आजीवन कमजोर वर्ग के उत्थान में लगे रहे और उन्हें लोकतंत्र में अटूट विश्वास था। आज हम सबों को उनके बताए रास्ते पर चलने की जरुरत है। इस कार्यक्रम में जिला परिवहन अधिकारी राजेश कुमार, सिविल सर्जन डॉ राजाराम प्रसाद, कोषाध्यक्ष रणवीर पासवान, सचिव उमेश रजक, रमेश चौधरी, रंजन पासवान, डॉ संजीव सुमन, कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी सह जिला सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति अनुसूचित जाति /जनजाति अत्याचार निवारण के सदस्य डॉ जितेंद्र कुमार ने किया। और कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व को अपनाने की जरुरत है।

संपादकीय

# चीन और अमेरिका के बीच छिड़ी आर्थिक जंग

अमेरिका और चीन के बीच में खतरनाक ट्रेड वॉर शुरू हो चुका है। पहले तो सिर्फ राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ही चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाया गया था। लेकिन चीन ने दूसरे देशों की तरह समझौता नहीं किया, बातचीत की टेबल पर वह नहीं आया, उसने उल्टा अमेरिका को आंखें दिखाई, चेतावनी दी और फिर जवाबी टैरिफ भी लगा डाला। अब आर्थिक लड़ाई अमेरिका और चीन के बीच में है, लेकिन मुश्किल में पूरी दुनिया है, जानकार मान रहे हैं मंदी का दौर शुरू हो सकता है।

अगर पिछले साल के आंकड़ों की बात करें तो अमेरिका और चीन के बीच में 585 बिलियन डॉलर का कारोबार हुआ है। बड़ी बात यह है कि अमेरिकाने चीन से 440 बिलियन डॉलर का आयात किया है, वहीं चीन ने सिर्फ 145 बिलियन डॉलर का। यह बताने के लिए काफी है कि अमेरिका को चीन से ज्यादा सामान मिलता है, उसकी निर्भरता कुछ ज्यादा है। अगर दूसरे शब्दों में बोलें तो वर्तमान में अमेरिका का चीन के साथ 295 बिलियन डॉलर का ट्रेड डेफिसिट चल रहा है। इसे अमेरिका की एक फीसदी अर्थव्यवस्था के बराबर कहा जा सकता है। अमेरिका की रणनीति यह जरूर दिखाई देती है कि वो चीन के साथ अपने आयात को कुछ कम करना चाहता है, लेकिन अभी भी अंतर इतना है कि आने वाले कुछ सालों तक तो स्थिति नहीं बदलने वाली है। अब समझने की बात यह है कि चीन पूरी दुनिया का राजा है, बात जब इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्ट्स की आती है, रॉ मटिरियल की आती है या फिर सोलर पैनल की। हाउसहोल्ड गुड्स और जूतों के कारोबार में भी चीन का कोई जवाब नहीं। अब इन्हीं सब सामानों की चीन में कई फैक्ट्रियां हैं, वहां से अमेरिका को कम दाम में काफी कुछ मिलता है। अब दिक्कत यह है कि अमेरिका को लग रहा है कि चीन से क्योंकि ये सारा सामान आता है, ऐसे में उनके वहां पर लोगों की नौकरी छिन रही है, फैक्ट्री बंद पड़ रही हैं। अगर राष्ट्रपति ट्रंप 145 फीसदी टैरिफ लगाकर इस पैटर्न को बदलना चाहते हैं। लेकिन चुनौती सारी इस बात की है कि अमेरिका की चीन पर जो निर्भरता है, वो इतनी जल्दी तो कम नहीं होने वाली। ऐसे में इस टैरिफ वाली कड़वी दवाई का नुकसान अभी अमेरिका को ही उठाना पड़ेगा। फिर चाहे अमेरिका में इससे बढ़ने वाली महंगाई हो या फिर टैक्स बढ़ोतरी। जेपी मॉर्गन का विश्लेषण तो कहता है कि अमेरिकी लोगों के लिए आने वाले समय में 860 बिलियन डॉलर तक की टैक्स बढ़ोतरी हो सकती है। असल में अमेरिका को अपने देश में उतनी फैक्ट्री खोलने की जरूरत पड़ेगी जिससे चीन पर निर्भरता कम, लेकिन खेल वही है- यह काम एक दिन में या कुछ महीनों में नहीं होता है। अब अमेरिका की चुनौती क्यों ज्यादा है, यह तो पता चल गया। यहां पर जानना जरूरी हो जाता है कि आखिर चीन अमेरिका से कितना आयात करता है। यह समझना इसलिए जरूरी है क्योंकि इसी से चीन की अकड़ को समझा जा सकता है। अब ऊपर दी गई टेबल से पता चलता है कि चीन, अमेरिका से आयात तो करता है, लेकिन उतना नहीं जितना अमेरिका। यह एक बड़ा कारण कि चीन क्यों ज्यादा आक्रमक रुख अपना सकता है। जानकार यह भी मानते हैं कि अगर चीन की सख्ती से जरूरी सामानों की सप्लाई चेन बाधित हो जाती है, उस स्थिति में अमेरिका को ज्यादा नुकसान उठाना पड़ेगा। चीन की चालाकी को इस बात से भी समझा जा सकता है कि उसके निर्माता अब उन देशों का रुख कर रहे हैं जहां पर अमेरिकी ड्यूटी काफी कम चल रही है। उदाहरण के लिए वियतनाम और कंबोडिया जैसे देशों से व्यापार बढ़ाने की कोशिश है। अब नुकसान तो चीन को भी होना है, लेकिन अमेरिका ज्यादा घाटे में जा सकता है। ऐसे में अगर टैरिफ का खेल ज्यादा लंबे समय तक चलेगा, हाथ अमेरिका के ही जलेंगे, वहां के लोग ही आक्रोशित हो सकते हैं।

# योगी ने साकार किया राम को रोटी से जोड़ने का सपना

**करीब 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद जब राम मंदिर आंदोलन के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तो केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही। सोने पर सुहागा यह कि इस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ थे। यह वह पीठ है जिसका राम मंदिर आंदोलन से वास्ता करीब 100 वर्षों का है। योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और खुद योगी आदित्यनाथ राम मंदिर आंदोलन के हर महत्वपूर्ण घटना के समय मौजूद रहे। ऐसे में जनमानस के मन में यह बैठ गया है कि अयोध्या में श्रीराम को फिर से पुनर्स्थापित करने का काम भाजपा ने किया। इस काम में गोरक्षपीठ की अहम भूमिका रही। बतौर पीठ के पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल इस कसौटी पर खरे उतरे, बल्कि काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य धार्मिक स्थलों के नियोजित विकास से अपने पद एवं दायित्व के अनुसार उसे विस्तार भी दिया। यह सिलसिला अभी जारी है।**

अंकित सिंह



उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा।

अपने यहां कहा जाता है,÷जिसने जन्म दिया वही रोटी का भी इंतजाम करेगा÷। यह ऊपरवाले पर मुकम्मल भरोसे के साथ इस बात की ओर भी संकेत करता है कि अगर अपने इष्टदेवों से जुड़े स्थलों को सजा सवार दिया जाय। वहां आने वाले पर्यटकों की सुरक्षा एवं सुविधा के मद्देनजर बुनियादी सुविधाएं विकसित कर दी जाएं तो वहां भारी संख्या में रोजी रोजगार के अवसर स्थानीय और आसपास के लोगों को उपलब्ध होते हैं। यह राम को रोटी को जोड़ने जैसा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे सच साबित कर दिया। आज शिव की अविनाशी काशी और राम की अयोध्या पर्यटकों की आमद के मद्देनजर यहां के लाखों लोगों की रोजी-रोटी का जरिया बन गए हैं। कमोबेश यही स्थिति अन्य तीर्थ स्थलों की भी है। तीरथराज प्रयाग में आयोजित महाकुंभ में तो इसका चरमोत्कर्ष दिखा। सरकार का अनुमान था कि करीब डेढ़ महीने तक चलने वाले विश्व के इस सबसे बड़े धार्मिक समागम में करीब 35 से 40 करोड़ श्रद्धालु एवं पर्यटक शामिल होंगे, पर शामिल हुए 66 करोड़ से अधिक लोग। इनमें से बहुतों की मंजिल सिर्फ प्रयागराज ही नहीं, काशी, अयोध्या, वनगमन के दौरान जहां भाई लक्ष्मण और पत्नी सीता सहित राम को निषादराज ने जहां उनको गंगा पार कराया था वह श्रृंगवेरपुर और वनगमन के दौरान राम ने मंदाकिनी के तट पर जिस चित्रकूट में सर्वाधिक समय गुजारा था, वह भी थी। कई लोगों ने विंध्याचल स्थित मां जगदंबा के दरबार में भी हाजिरी लगाई।

अब एक पर्यटक ने औसतन इस दौरान कितना खर्च किया। इस खर्च का कितना कितना लाभ इस सेक्टर्स से जुड़े स्टेकहोल्डर्स और स्थानीय लोगों को मिला। केंद्र और राज्य सरकार के हिस्से में प्रयागराज के महाकुंभ और काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर और राममंदिर एवं अयोध्या के कायाकल्प पर हुए खर्च की तुलना में कितना लाभ हुआ, यह अर्थशास्त्र के जानकारों के लिए अनुमान विषय है। पर, यह निर्विवाद सच है कि पर्यटकों एवं श्रद्धालुओं की बढ़ती आमद से लाभ में सब रहे। साथ ही इसने उत्तर प्रदेश के लिए संभावनाओं का एक नया और बड़ा दरवाजा खोल दिया। क्योंकि, बहुसंख्यक समाज के रोम रोम में बसने वाले राम की अयोध्या, तीनों लोकों से न्यारी शिव की काशी और राधा कृष्ण की जन्म भूमि, ग्वाल बालों और गोपियों के साथ लीला के स्थल ब्रज उत्तर प्रदेश में है। इन सभी जगहों की संभावनाओं के मद्देनजर योगी सरकार यहां आने वालों की सुरक्षा और सुविधा के लिहाज से लगातार काम भी कर रही है।

इसका नतीजा है कि पर्यटकों की आमद के हिसाब से उत्तर प्रदेश लगातार नए रिकॉर्ड बना रहा है। 2022 से ही घरेलू पर्यटकों के लिहाज से उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक पर बना हुआ है। सरकार के आंकड़ों पर गौर करें तो 2017 में उत्तर प्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या मात्र 24 करोड़ थी, जो 2024 में बढ़कर 65 करोड़ हो गई। आठ वर्षों में 41 करोड़ की यह वृद्धि खुद में अभूतपूर्व है। स्वाभाविक है कि महाकुंभ के नाते 2025 एक नया रिकॉर्ड रचेगा। यह संख्या एक अरब का ऊपर तक जा सकती है।


पंजाब, हरियाणा और दिल्ली चैंबर ऑफ कॉमर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 60 फीसद से अधिक घेरलू यात्राएं धार्मिक स्थलों की होती हैं। धार्मिक पर्यटन आर्थिक उन्नति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं का अधिकतम लाभ लेने के लिए ऐसी सभी जगहों को बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं, सड़क और एयर कनेक्टिविटी, आने वालों की सुरक्षा और सेवा देनी होती है। यह सारा काम उत्तर प्रदेश सरकार पूरी संजीदगी से कर रही है।

यह सब यूं ही नहीं हुआ। इसकी पृष्ठभूमि मार्च 2017 में जब योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने तभी से शुरू हो गई थी। तब अयोध्या जाना तो दूर की बात, कोई नेता अयोध्या का नाम तक नहीं लेना चाहता था उस अयोध्या में वह बार बार गए। हर बार उन्होंने अयोध्या को विकास की बड़ी सौगात दी। दीपावली के एक दिन पूर्व भव्य दीपोत्सव आयोजन कराया। इससे एक बार फिर देश-दुनिया में राम को मानने वालों का ध्यान अयोध्या की ओर गया। राम मंदिर के पक्ष में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने और मंदिर का शिलान्यास होने के बाद तो केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या के कायाकल्प के लिए खजाने का मुंह खोल दिया। मुख्यमंत्री की मंशा अयोध्या को दुनिया की सबसे खूबसूरत पर्यटन नगरी बनाने की है। इसे वे कई बार सार्वजनिक मंचों से भी कह चुके हैं। उसी मंशा के अनुरूप अयोध्या में लगातार काम भी हो रहे है। काशी, प्रयाग, ब्रज क्षेत्र पर भी उनका इसी तरह फोकस है।

उल्लेखनीय है कि राम और रोटी का रिश्ता अटूट है। दोनों एक-दूसरे के पूरक हैं। राम मंदिर आंदोलन को धार देकर भाजपा ने इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का सबसे प्रमुख एजेंडा बनाया। करीब 500 वर्षों के लंबे संघर्ष के बाद जब राम मंदिर आंदोलन के बारे में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और अयोध्या में राम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण शुरू हुआ तो केंद्र और उत्तर प्रदेश में भाजपा ही सत्ता में रही। सोने पर सुहागा यह कि इस समय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ थे। यह वह पीठ है जिसका राम मंदिर आंदोलन से वास्ता करीब 100 वर्षों का है। योगी के दादागुरु ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ, गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ और खुद योगी आदित्यनाथ राम मंदिर आंदोलन के हर महत्वपूर्ण घटना के समय मौजूद रहे। ऐसे में जनमानस के मन में यह बैठ गया है कि अयोध्या में श्रीराम को फिर से पुनर्स्थापित करने का काम भाजपा ने किया। इस काम में गोरक्षपीठ की अहम भूमिका रही। बतौर पीठ के पीठाधीश्वर एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ न केवल इस कसौटी पर खरे उतरे, बल्कि काशी, मथुरा, प्रयागराज सहित अन्य धार्मिक स्थलों के नियोजित विकास से अपने पद एवं दायित्व के अनुसार उसे विस्तार भी दिया।

अध्यात्म

# हमें दूसरों की गलतियां या कमियां नहीं देखनी चाहिए



एक बार गौतम बुद्ध से किसी महिला ने पूछा कि आप तो किसी राजकुमार की तरह दिखते हैं, आपने युवावस्था में गेरुआ वस्त्र क्यों धारण किए हैं? बुद्ध ने कहा कि मैंने तीन प्रश्नों के हल ढूंढने के लिए संन्यास लिया है। हमारा शरीर युवा और आकर्षक है, लेकिन यह वृद्ध होगा, फिर बीमार होगा और अंत में यह मृत्यु को प्राप्त हो जाएगा। मुझे वृद्धावस्था, बीमारी और मृत्यु के कारण का ज्ञान प्राप्त करना है। बुद्ध की ये बात सुनकर महिला बहुत प्रभावित हो गई और उसने उन्हें भोजन के लिए अपने घर पर आमंत्रित किया।

जब ये बात गांव के लोगों को मालूम हुई तो सभी ने बुद्ध से कहा कि वे उस महिला के यहां न जाए, क्योंकि उसका चरित्र अच्छा नहीं है। बुद्ध ने गांव के सरपंच से पूछा कि क्या ये बात सही है? सरपंच ने भी गांव के लोगों की बात को सही बताया।

तब बुद्ध ने सरपंच का एक हाथ पकड़ कर कहा कि अब ताली बजाकर दिखाओ। सरपंच ने कहा कि यह असंभव है, एक हाथ से ताली नहीं बज सकती। बुद्ध ने कहा कि ठीक इसी प्रकार कोई महिला अकेले ही चरित्रहीन नहीं हो सकती है। अगर इस गांव के पुरुष चरित्रहीन नहीं होते तो वह स्त्री भी चरित्रहीन नहीं होती। अगर इस गांव के सभी पुरुष अच्छे होते तो यह महिला ऐसी न होती। ये बातें सुनकर वहां खड़े सभी लोग शर्मिंदा हो गए।

इस प्रसंग की सीख यह है कि हमें दूसरों की गलतियां या कमियां नहीं देखनी चाहिए, बल्कि हमें खुद की गलतियों को और कमियों को सुधारने की कोशिश करनी चाहिए। अगर हम अच्छे बनेंगे तो समाज में अच्छा बनेगा। हम बिगड़ेंगे तो समाज भी बिगड़ जाएगा।

# सामाजिक क्रांति के महानायक थे डॉ अम्बेडकर



डॉ मणिकांत झा

आज अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है इसके पीछे चाहे जो भी कारण हो पर इतना तो अवश्य है कि इन आयोजनों की सार्थकता तभी होगी जब बाबा साहब के सिद्धांतों को आत्मसात कर उसे व्यवहारिक आधार दिया जाए।

वास्तव में महापुरुष का अपना एक स्वतंत्र परिवेश होता है जिसमें वह फूलता फलता है और निकटवर्ती वातावरण से अपने जीवन की उपयोगिता को सिद्ध करने में जुट जाता है। परिस्थितियों की भयावह स्थिति की बावजूद धार्मिक सांस्कृतिक राजनीतिक और सामाजिक क्रांति का पुरोधा बनकर सामुदायिक चेतना को जन्म देता है और वैचारिक क्रांति के माध्यम से समूचे स्तर को नया आयाम देने के लिए कमर कस लेता है। कुछ ऐसे ही कालजयी क्रांतिकारी महापुरुष थे डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जिन्होंने दलित एवं शोषितों के उद्धार के लिए अपनी सारी जिंदगी ही आहुति कर दी।

महार जाति में जन्मे बालक भीमराव प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि के थे अछूतों के लिए स्वतंत्रता समानता और भारतीय भावना पाने के अधिकारों की जोरदार पेशकश की। सिर्फ इतना ही नहीं इसे राष्ट्रीय व्रत मानकर सक्रिय प्रयास किया और सफल भी रहे। उन्होंने माना कि बिना राजनीतिक सत्ता के लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो सकती और उन्होंने विधान परिषद की सदस्यता स्वीकार कर इस क्षेत्र में कदम बढ़ा दी। कृषक व मजदूर वर्ग की समस्या से वे अच्छी तरह परिचित थे। बेगार प्रथा, भूमि दासता आदि शोषण प्रथाओं पर जमकर प्रहार किया। देश की स्वतंत्रता के साथ-साथ दलित एवं शोषितों की स्वतंत्रता के प्रबल पक्षधर भी रहे। वे विश्व के सभी धर्म का तुलनात्मक अध्ययन कर बौद्ध धर्म को अधिक उपयुक्त समझा तभी तो संविधान में सामाजिक-आर्थिक और राजनीतिक क्षमता का समावेश किया। धर्म के प्रति उनका स्पष्ट सोच रहा कि धर्म मनुष्य के लिए है मनुष्य धर्म के लिए नहीं। जो सभी को परस्पर एक सूत्र में बांधकर रखें वही धर्म है। उन्हें दृढ़ विश्वास था कि मानव कल्याण और जाति कल्याण राजनीतिक चेतना के साथ ही धार्मिक प्रेरणा से ही संभव है। धर्म का संबंध आत्मिक विशुद्ध चेतना से होता है समानता और परतंत्रता से नहीं। उसका फल क्षमता और स्वतंत्रता होनी चाहिए भेदभाव और उच्च नीच का रूप नहीं। उनके अनुसार यही आदर्श समाज की कल्पना है इसमें व्यक्ति को निजी संपत्ति रखने के अधिकार के साथ-साथ कार्य स्वतंत्रता हो, राजनीतिक दलों को मान्यता हो और हो क्षमता का व्यावहारिक रूप। अंबेडकर के इस आदर्श समाज में सभी को पूरा न्याय मिलेगा मानवता के आधार पर सभी का व्यवहार होगा कानून और संविधान के ऊपर कोई नहीं होगा सही मायने में अंबेडकर सुशिक्षा और बौद्धिकता के भी पक्षधर रहे थे। वही जातिवाद के उन्मूलन के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे।

डॉ आंबेडकर साम्यवादी विचारधारा से प्रभावित रहे थे। श्रमिक वर्ग के उत्थान के लिए वे जहां लेनिन के प्रशंसक रहे वहीं कार्ल मार्क्स के विचारों से मतभेद रखते थे । वे समाज में स्थाई शांति के पक्षधर थे। वे समाज के नैतिक विकास में धर्म की भूमिका को महत्वपूर्ण मानते रहे। उनका यह भी तर्क था कि मार्क्स का सिद्धांत इसे तिरस्कृत करने वाला है। उनका मानना था कि मार्क्सवाद आर्थिक परिवर्तन को ही सामाजिक उत्थान का मूल कारण मानता है जबकि बाबा साहेब की दृष्टि में भारतीय समाज व्यवस्था समाज संबंधों पर ही निर्भर नहीं है बल्कि आर्थिक शक्ति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है धर्म की शक्ति। मार्क्सवाद में नैतिकता सर्वहारा वर्ग के हितों की रक्षा करती है पर डॉक्टर अंबेडकर का यह सिद्धांत मान्य नहीं था उनके अनुसार वर्ग नैतिकताएं समाज के पतन का कारण बन सकती है वहां ईमानदारी समाप्त हो जाती है इसलिए वे सभी जातियों और समाजके समान नैतिकता पर विश्वास करते थे। मार्क्सवाद सर्वहारावर्ग के अधिनायकत्व और एक दलीय पद्धति में विश्वास करता है ।जबकि वे संसदीय प्रजातंत्र तथा व्यक्तिक स्वतंत्रता की पक्षधर दिखते हैं। उनकी सोच में विश्व के लिए शांति और सहयोग की आवश्यकता है। अहिंसात्मक जनतांत्रिक और जनवादी प्रक्रिया मार्क्सवाद में कहीं दिखाई नहीं देती ।बाबा साहब ऐसे पुरोधा रहे जो समाज की सर्वांगीण विकास में अपना अनुपम योगदान दिया। शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो यह उनका अजर अमर वाक्य जीवन का अमर संदेश देता रहेगा। आज भी उनके सिद्धांत देश व समाजिक शांति एवं विकास के लिए प्रासंगिक हो गया है। तभी तो आज सभी सामाजिक संस्थाएं एवं सभी राजनीतिक दल उनके आदर्श पर चलकर नए समाज निर्माण की सीख दे रहा है।( लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं)

# आधुनिक भारत के निर्माता डा. अम्बेडकर और उनका अखंड राष्ट्रवाद



पंकज कुमार

आधुनिक भारत के निर्माता और 19वीं सदी के महानायक के डा. अम्बेडकर के अनुसार राष्ट्र के निर्माण के लिए भूमि, *वहां का समाज तथा समाज की श्रेष्ठ परम्परा, यह तीनों अनिवार्य अंग हैं। राष्ट्र केवल भौतिक ईकाई नहीं है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र एक जीवित आत्मा हैं।* मुम्बई विधान परिषद् द्वारा साइमन कमीशन को दी गई रिपोर्ट पर बाबा साहेब ने हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया और 17 मई 1929 को उन्होंने अपनी एक स्वतन्त्र रिपोर्ट दी । उस रिपोर्ट का एक छोटा सा अंश उनकी अखंड-अक्षुण्ण राष्ट्रभक्ति का बोध कराता है, जो आज भी उतना ही प्रासंगिक है,जितना उस दौर में था ।

रिपोर्ट में उन्होंने कहा था कि- %मैं कर्नाटक को मुम्बई( तत्कालिन बम्बई) से अलग करने के विरुद्ध हूं,क्योंकि एक भाषा एक प्रान्त का सिद्धांत अमल में लाने के योग्य नहीं है। आज की सबसे बड़ी आवश्यकता यह है कि लोगों में संयुक्त राष्ट्रीयता का आभास उत्पन्न हो। उनमें यह भावना हो कि सर्वप्रथम वे भारतीय है और बाद में हिन्दू, मुसलमान, सिंधी और कर्नाटकी हैं ।

यह भावना कि वह प्रथमतः और अंततः भारतीय हैं,यह उत्पन्न की जाए। यदि यह आदर्श हो तो फिर ऐसी कोई बात नहीं करनी चाहिए, जिससे क्षेत्रीयतावाद और पृथक-पृथक समूह चेतनाओं का उदय हो। एक व्यक्ति की भांति राष्ट्र भूतकालीन लोगों द्वारा किए गए सतत् प्रयत्न, ने हमें बनाया है। वीरतापूर्ण भूतकाल, श्रेष्ठ पूर्वज और उनकी महान यश गाथाएं हमारी सामाजिक पूंजी के ढांचे का निर्माण करती हैं, जिस पर हम अपने राष्ट्र की रचना कर सकते हैं। राष्ट्र किसी भी धर्म से ऊपर है,उन्होनें सपष्ट कहा ÷मैं अपने जन्म के धर्म को अस्वीकार करते हुए पुनर्जन्म लेता हूँ। मैं उस धर्म का त्याग करता हूँ जो मानवता के विकास के लिए रुकावट पैदा करता है और जो मुझे एक नीच के रूप में मानता है।÷ इसलिये सामाजिक स्तर पर शिक्षा, भौतिक स्तर पर आजीविका के नए साधन, राजनीतिक स्तर पर राजनीतिक संगठन और आध्यात्मिक स्तर पर आत्म-विश्वास का होना नितांत आवश्यक है ।

सांप्रदायिक ध्रुवीकरण और राजनीति के सांप्रदायिकरण का उन्मूलन आवश्यक है राष्ट्रवाद प्रथम और अंतिम सिद्धांत के लिए, संवैधानिक नैतिकता की अंबेडकर की दृष्टि को भारतीय संविधान में स्थायी क्षति से बचाने के लिये धार्मिक नैतिकता का समर्थन किया जाना चाहिए।

डॉ अंबेडकर के अर्थशास्त्र पर रिसर्च पेपर में ब्रिटिश राज की नीतियों की धारदार आलोचना करते हुए तथ्यों और आंकड़ों की मदद से साबित किया है कि ब्रिटेन की आर्थिक नीतियों ने भारतीय जनता को किस तरह बर्बाद करने का काम किया है. उन्होंने यह भी बताया है कि अंग्रेजी राज 'ट्रिब्यूट'' और 'ट्रांसफर' के नाम पर किस तरह भारतीय संपदा की लूट हो रही है. अंबेडकर ने इस लेख में ईस्ट इंडिया कंपनी के हाथों भारतीय जनता के शोषण को जिस तरह ठोस आर्थिक दलीलों के जरिये साबित किया है, वह उनकी गहरी और शुद्ध राष्ट्रीयता का बेजोड़ मिसाल है। इतिहासकार आर.सी. गुहा के अनुसार, डॉ. बी.आर. अंबेडकर अधिकांश विपरीत परिस्थितियों में भी राष्ट्रीयता का अनूठा उदाहरण हैं। आज भारत जातिवाद, सांप्रदायिकता, अलगाववाद, लैंगिग असमानता आदि जैसी कई सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहा है। हमें अपने भीतर अंबेडकर की भावना को खोजने की ज़रूरत है, ताकि हम इन चुनौतियों से खुद को बाहर निकाल सकें और हम राष्ट्रवाद प्रथमतः और अंततः के लक्ष्य को प्राप्त कर सके ।

**( लेखक पतरातू विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (एनटीपीसी ) में वरिष्ठ प्रबंधक हैं )**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपकी मन:स्थिति कुछ विचलित हो सकती है। स्वार्थी व्यवहार के मित्रों से आपकी अनबन हो सकती है। आज आपको गरिष्ठ भोजन का त्याग करना चाहिये।

**वृषभ**
महिलाओं का स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। लोग आपके प्रति सहानुभूति रखेंगे। अपनी रुचि के अनुसार कार्य करने का प्रयास करें।

**मिथुन**
आज आपको जोड़ों में दर्द की शिकायत हो सकती है। अनैतिक कार्यों से आपको दूरी बनाकर रखनी चाहिये। लोन और कर्ज लेने से बचें।

**कर्क**
सॉफ्टवेयर इण्डस्ट्री से जुड़े लोगों को जॉब के नये मौके मिल सकते हैं। विपरीत लिंग के जातकों की ओर आकर्षित रहेंगे। विदेश यात्रा में आ रही रुकावट दूर होगी।

**सिंह**
वैवाहिक जीवन सामान्य रहेगा। पुराने मामलों का निपटारा हो सकता है। किसी सामाजिक कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। आय के विकल्पों में वृद्धि होगी।

**कन्या**
दिन की शुरुआत थोड़ी कमजोर हो सकती है। अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। काम की उलझनों में आप फँस सकते हैं।

**तुला**
सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। काम की उलझनों के कारण आप फँस सकते हैं। शरीर में थकावट और कमजोरी हो सकती है।

**वृश्चिक**
पिता के प्रति आदर का भाव बढ़ेगा। दिखावे के लिये धन खर्च कर सकते हैं। जरूरतमन्द लोगों की मदद करेंगे। अव्यावहारिक लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करेंगे।

**धनु**
नयी नौकरी शुरू करने के लिये समय उत्तम है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपका प्रदर्शन उत्कृष्ट रहने वाला है। लोगों के बीच आपके सम्पर्क का दायरा बढ़ेगा। कारोबार में इच्छित परिणाम प्राप्त होंगे।

**मकर**
परिवार में आपके सदगुणों की प्रशंसा होगी। बड़े-बुजुर्गों के लिये उपहार खरीद सकते हैं। जल्दबाजी और गुस्से के कारण काम खराब हो सकते हैं। मन में नये-नये विचार उत्पन्न होंगे।

**कुंभ**
अनावश्यक खर्चों की चिन्ता मन में रहेगी। नकारात्मक बातों को अधिक तूल न दें। अधीनस्थ कर्मचारियों पर अधिक विश्वास न करें।

**मीन**
घर का माहौल अनुशासित और मर्यादित रहने वाला है। ऑफिस में आपको ओवरटाइम करना पड़ सकता है। आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

# बाबा साहेब ने गरीब दलितों के उत्थान के लिए दिया संवैधानिक अधिकार

## बाबा साहब की जयंती पर कई जगहों पर आयोजित हुए कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** बाबा साहब डा. भीम राव अंबेदकर की जयंती पर जिले में धूमधाम से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आरा सदर अस्पताल परिसर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी प्रतिमा स्थल पर महान समाज सुधारक, भारत के संविधान निर्माता, भारतरत्न से सम्मानित बाबा साहब भीम राव आंबेडकर की 134 वीं जन्मोत्सव धूमधाम से मनाने के साथ साथ, आम जनता के बीच मिठाइयां बांटी गई। अध्यक्षता जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष सह संयोजक गांव गरीब चेतना मंच आरा भोजपुर के डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह चंद्रवंशी ने किया। सर्वप्रथम बाबा साहब की तैल चित्र पर माल्यार्पण कर सिविल सर्जन सह जिला स्वास्थ्य प्रतिरक्षण पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि बाबा साहब भीम राव अंबेडकर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से चर्चा की। वे जनहित और राष्ट्रहित में आजाद भारत के संविधान निर्माता बनकर उभरे। संसाधन विहीन समाज के उत्थान के लिए दूरदृष्टा और उनका आदर्श सबसे निचले स्तर पर जीवन बसर करने वाले मेहनतकश, दलित, महादलित लोगों के जीवन स्तर को उच्चा उठाने में संवैधानिक अधिकार दिया है। जो ऐतिहासिक और प्रेरणा का श्रोत है। डॉ केएन सिन्हा, डॉ अभय आनंद व डॉ मो कलीम ने कहा कि आज का दिन हम लोगों को उनके संघर्ष से नौजवान, किसान, छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में उनका सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, शैक्षणिक जीवन और ऐतिहासिक योगदान देशहित में अनुकरणीय है। पूर्व वार्ड पार्षद विनोद गुप्ता ने कहा कि आजाद भारत के बिहार प्रदेश में संविधान निर्माता बाबा साहब का देन है कि हम सभी को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अति पिछड़ा वर्ग को पंचायतीराज, नगर निगम में मुखिया, सरपंच, मेयर, अति पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति को आरक्षण मिला और जनप्रतिनिधि बने हैं। ऐसे महामानव बाबा साहब को शत शत नमन करते हैं। अतिथियों को धन्यवाद देते हुए डॉ राजेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि बाबा साहब भीम राव आंबेडकर ने उच्च शिक्षा के लिए न्यूयार्क 20 जुलाई 1913 में, 1931 में महात्मा गांधी से मुलाकात होना, 11 अक्टूबर 1951 में मंत्री मंडल से इस्तीफा देना, 1956 में बौद्ध धर्म ग्रहण किया। मौके पर पंकज कुमार, शशि जी, रणधीर कुमार, दिलीप कुमार, आर के, लक्ष्मण शर्मा, जितेंद्र पांडेय, लाल बाबू पासवान, धीरज कुमार, बीरेंद्र कुमार समेत अन्य मौजूद थे।



### डीएम-एसपी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर अर्पित की पुष्पांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा।** देश के संविधान निर्माता बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर समाहरणालय के समीप अंबेदकर चौक पर डीएम तनय सुल्तानिया व एसपी मिस्टर राज ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, अपर समाहर्ता, राजस्व, अपर समाहर्ता, लोक शिकायत, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विकास शाखा एवं सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी मौजूद थे।



### संविधान के शिल्पकार डा. भीमराव की जयंती मनी

**आरा।** बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट भोजपुर के जिला कार्यालय पूर्वी गुमटी मिल रोड आरा में संविधान के शिल्पकार, आरक्षण के जन्मदाता, डॉ भीम राव अंबेडकर के जयन्ती पर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामानन्द सिंह जिला अध्यक्ष बिहार राज्य चौकीदार दफ़ादार सरकारी कर्मचारी संघ और प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट भोजपुर के बैनर तले संयुक्त रूप से किया गया। संचालन उमेश कुमार सुमन जिला सचिव गोप गुट भोजपुर ने किया। अपने संबोधन में सुमन ने कहा कि डॉ अंबेडकर के 22 प्रतिज्ञा को आत्मसात करने की जरूरत है, संकल्प लेने की जरूरत है। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ अंबेडकर के तैलीय चित्र पर फूल माला जानकी प्रसाद मुख्य संरक्षक कर्मचारी महासंघ गोप गुट ने अर्पित की। अम्बेडकर के जीवनी पर विस्तार से उपस्थित साथियो के बीच में चर्चा की। उपस्थित साथियों ने भी बारी बारी से डॉ अंबेडकर के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया। सम्बोधित करने वालों में डॉ मनोज कुमार गुप्ता, सत्येन्द्र कुमार धर्म कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट भोजपुर अवधेश पासवान, लाल जी, राज देव, विक्रम यादव चौकीदार दफादार संघ, समीर मलेरिया छिड़काव कर्मचारी संघ सहित मजदूर, छात्र छात्राएं भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## गड़हनी में धूमधाम से मनी डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गड़हनी/भोजपुर।** स्थानीय प्रखंड में सोमवार को जनप्रतिनिधियों व सामाजिक कार्यकर्ताओ ने धूमधाम से डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई। स्थानीय प्रखण्ड परिसर में बना बाबा भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर सभी लोगो ने फूलमाला चढ़ाया औऱ उनको नमन किया। संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर अमर रहे अमर रहे का नारा लगा रहे थे। अगिआंव विधायक शिवप्रकाश राम ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर ने देश के सभी जाति धर्म के लोगो को एक साथ अधिकार को देते हुए संविधान का निर्माण किया था। आज देश उन्ही के संविधान पर चल रही है। ऐसे भारत रत्न विभूति को सबको याद करना चाहिए कि ऐसे विभूति देश को हमेशा मिले। इस मौके पर राजद नेता भिखारी राम, राजद युवा अध्यक्ष प्रमोद यादव, मुन्ना यादव, सन्नी यादव, पूर्व मुखिया तस्लीम आरिफ़, हरिवंश सिंह, बिजय पासवान, नागेंद्र मास्टर, मोहन राम,अमजद अली, इमरान अहमद उर्फ सोनू सहित कई लोग शामिल थे।



### भारतीय संविधान के जनक थे डा. अंबेडकर : राजीव रंजन

**जगदीशपुर/भोजपुर।** जगदीशपुर विधानसभा क्षेत्र के राजपुर खीरीकोन, नगर के वार्ड संख्या 18 में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे राजद नेता राजीव रंजन उर्फ पिंकू भैया ने शामिल हुए। और भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। आयोजनकर्ताओ द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। राजद नेता राजीव रंजन ने कहा कि बाबा साहब ने अपनी कलम से समाज के वंचित वर्गों को सशक्त बनाने का जो कार्य किया है, वह हमेशा याद रखा जाएगा। कार्यक्रम में अंबेडकर के आदर्शों और संविधान निर्माण में उनके योगदान को भी याद किया गया। आंबेडकर जयंती या भीम जयंती, डॉ. भीमराव आंबेडकर जिन्हें डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है, का जन्म दिन 14 अप्रैल को पर्व के रूप में भारत समेत पूरे विश्व में मनाया जाता है।

## भारतीय क्रांतिवीर पार्टी ने मनाई बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**संदेश/भोजपुर।** संदेश बाजार स्थित स्टेट हाईवे रोड चौक पर भारतीय क्रांति वीर पार्टी द्वारा बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यराज कृष्ण पासवान एवं संचालक दशरथ प्रसाद ने किया। संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वैद्यराज कृष्ण पासवान ने कहा बाबा साहब द्वारा लिखित संविधान दिए गए हक, अधिकार एवं आरक्षण के बल पे जीते हुए प्रतिनिधि मुखिया, विधायक, सांसद अपने ही वर्ग के लोगों पर शोषण करते हैं। इस लिए आने वाले समय में जनता ऐसों लोगों को पहचाने और उनका बहिष्कार करे। तभी बाबा साहब अम्बेडकर का सपना सकार होगा । इस जयंती समारोह में पार्टी के सुरेश पासवान, अशोक राय, वीरेन्द्र राम, राजदेव पासवान, तेज बलम चौधरी सहित सभी कार्यकर्ता अपने अपने हाथ में बाबा साहब के फोटो, झंडा ले कर उपस्थित थे। इस दौरान सभी राजनीतिक पार्टी के कार्यालयों में बाबा साहब अम्बेडकर 134 वीं जयंती समारोह बड़ी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया एवं मोटर साइकिल पर सवार हो कर जुलूस निकाला गया।

## जगदीशपुर में उत्सह से मनाई गयी डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती

### शोभायात्रा, पुष्पांजलि सभा और अन्य कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** भोजपुर के जगदीशपुर नगर और पूरे प्रखंड क्षेत्र में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती सोमवार को बड़े उत्साह के साथ मनाई गई। राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने शोभायात्रा, पुष्पांजलि सभा और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। बहुजन समाज पार्टी और भारतीय अंबेडकर क्लब द्वारा निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। नगर पंचायत चेयरमैन संतोष कुमार यादव, राजद के युवा नेता राजीव रंजन, पूर्व विधायक भाई दिनेश, वरिष्ठ अधिवक्ता वृन्दानन्द सिंह व फहद वारिस खान ने शिरकत की। भाकपा माले ने न्याय मार्च निकाला, जिसमें इंदु सिंह, शाहनवाज खान और अरविंद कुमार मौजूद थे। नपं चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने कहा कि डॉ. अंबेडकर के पदचिन्हों पर चलकर ही समाज का कल्याण और क्षेत्र का विकास संभव है। वही क्लब द्वारा चेयरमैन को सम्मानित किया गया। राजीव रंजन ने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी यादव ने महादलित परिवारों के लोगों को साथ देने और उनके सपनों को पूरा करने का काम किया है। बहुजन समाज पार्टी के रविंद्र कुमार और जेडी गोल्ड जय कुमार सहित अन्य लोगों ने सराहनीय योगदान दिया। अंबेडकर क्लब के श्री भगवान राम और चंदन भारती, लल्लू राम व सोनु साहिल ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही पूर्व विधायक भाई दिनेश के नेतृत्व में कई गांवों में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पार्टी के आह्वान पर कई जगहों पर जयंती मनाई गई।

## प्रथम श्रेणी से उतीर्ण छात्रों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सहार।** प्रगतिशील युवा क्लब, अंधारी के तत्वाधान में संविधान निर्माता भारतरत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती सह विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पार्षद लक्ष्मण सिंह व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी नकुल राय, मैथमेटिक्स टीचर एसके प्रसाद, पूर्व मुखिया चमकीला पासवान मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला पार्षद लक्ष्मण सिंह, नकुल प्रसाद, ददन पासवान, जयराम राम, अजय चौधरी, राम नरेश मेहता सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मैट्रिक व इंटर परीक्षा 2025 में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण क्षेत्र के 50 छात्र- छात्राओं को मेडल, मोमेंटो, संविधान की प्रस्तावना, डॉ. भीमराव अंबेडकर बालपोथी, कलम और कॉपी देकर अतिथियों के हाथों सम्मानित किया गया। क्लब के अध्यक्ष बबलू कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अनूप कुमार, रंजीत कुमार, गुड्डू यादव, शत्रुघन यादव, राजेंद्र चौधरी, रोहित कुमार, उमेश कुमार, सोनू चौधरी, शक्ति यादव, मुकेश यादव, धनजी कुमार, सुमित कुमार, गोलू कुमार, अंकित कुमार, शिवम कुमार, राकेश कुमार, मुन्ना कुमार, साहिल कुमार, गंगा कुमार, प्रदुमन सोनी, रौशन पाठक, रजनीकांत, रंजन कुमार, धर्मेंद्र साहू, संतन कुमार आदि लोगों की सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण संस्था के सचिव शिव कुमार सिंह किया। मंच संचालन राज किरण प्रसाद ने किया।



## एक नजर

### पूर्व मुखिया के ससुर का निधन

**जगदीशपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जगदीशपुर प्रखंड के मोर्चा गांव निवासी पूर्व स्वास्थ्य कर्मी व पूर्व मुखिया मीरा देवी के ससुर राम निहोरा सिंह का निधन 90 वर्ष की आयु में पटना के पारस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन पर जगदीशपुर विधायक राम विशुन सिंह लोहिया, पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, मुख्य पार्षद संतोष कुमार यादव, राजद नेता राजीव रंजन पिंकू भइया और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने शोक व्यक्त किया। राम निहोरा सिंह के दो पुत्र राजद के वरीय नेता हरिशंकर सिंह, सवारथ साहू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार और एक पुत्री हैं। उनके निधन की खबर सुनकर हजारों लोगों की भीड़ उनके घर पर जमा हो गई और लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### बाबा साहब की मनी जयंती

**शिवाजीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के करियन पंचायत के भड़रिया गांव में बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अंबेडकर जी के 135 वां जयंती समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख डॉ गोबिंद कुमार, बीडीओ आलोक कुमार सिंह, पंचायत मुखिया संजीव कुमार पासवान सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम दौरान उपस्थित अतिथियों ने अपने अपने विचारों को रख उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर रजौर रामभद्रपुर पंचायत मुखिया राम चंद्र सिंह, ईसर देव पासवान,राम कृपाल पासवान, रंजीत पासवान, किशोर पासवान, सूर्य नारायण पासवान, दीपक कुमार, सुजीत कुमार, अरुण कुमार,राज कुमार पासवान, दिव्यानी कुमारी, बुधन पासवान, घूरन यादव, प्रदीप कुमार पासवान, पूनम कुमारी ,जय कंात, मदन प्रसाद, चंदन कुमार, राहुल चौधरी, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

### लापता युवक का नहीं मिला सुराग

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर पंचायत कोइलवर के वार्ड नंबर 2 निवासी विष्णुकांत मिश्रा के पुत्र कमलकांत मिश्रा 5 अप्रैल से ही लापता है। इसकी शिकायत स्थानीय थाना एवं भोजपुर एसपी को भी दी गई। लेकिन अभी तक पुलिस इसकी कोई भी सुराग नहीं ढूंढ पाई है। जिसको लेकर उसके बड़े भाई अनिल कुमार मिश्रा एसपी के पास मदद की गुहार लगाने पहुंच गया। बरहाल बात देखने वाली होगी कब तक इस पर ठोस कदम उठाई जा रही है। वहीं स्थानीय थाना से इस बारे में बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि इसकी खोजबीन जारी है। पुलिस अपनी काम को तत्परता दिखाते हुए गोपनीय तरीके से जांच कर रही है। इधर कमल कंान्त के बड़े भाई अनिल कुमार मिश्रा अपनी फरियाद लेकर दर-दर ठोकर खा रहे हैं। बड़े भाई से बातचीत की गई तो इन्होंने बताया कि बहुत जगह पर खोजबीन हम लोगों ने किया लेकिन अभी तक कहीं पर भी पता नहीं चल पाया। अपने रिश्तेदार के पास भी खोजा गया लेकिन कुछ नहीं हासिल हो पाया। वही अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि 5 अप्रैल को दोपहर 2 बजे के तकरीबन घर से खाना खाकर और वापसी पुराने मकान पर गया था। उसके बाद घर पर ही मोबाइल रखकर और ताला बंद कर कर चाबी छोड़कर गायब हो गया। आज 9 दिन हो गया लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया। घर के परिजनों का रो रो का बुरा हाल हो चुका है।

### देसी कट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के चांदी थाना अंतर्गत सलेमपुर गांव से सोमवार की दोपहर 3 बजे चांदी थाना की पुलिस ने देशी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक लाल जी कुमार है। वह चांदी थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव निवासी राम किशन का पुत्र है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार रोशन को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक सलेमपुर के आसपास देशी कट्टा लेकर घुमते रहता है। साथ ही हथियार को लहराते हुए दहशत फैलाते रहता है। उसके इस रवैया से ग्रामीण सहमे है। सूचना मिलते ही कोईलवर पुलिस अपने मुखबीरों को सूचना दिया। मुखबीरों ने उपरोक्त युवक को गांव में रहने की सूचना दिया। पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सलेमपुर गांव पहुची। जहां एक युवक को पकड़ा। उसके घर से एक देशी कट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने जब उसका नाम पता पुछा। युवक लाल जी कुमार बताया। पुलिस ने अवैध हथियार रखने का दोषी मानते हुए आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया। उसके बाद आरोपु युवक को जेल भेज दिया।

### महाविद्यालय का स्थापना दिवस मना

**शाहपुर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गौतम नगर शाहपुर के श्री त्रिवेडी देव राजकीय डिग्री महाविद्यालय का द्वितीय स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित के साथ विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो0 डॉ0 लाल बाबू सिंह, अवध बिहारी सिंह विभागाध्यक्ष, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष सह डिन और सीनेटर श्री संतोष तिवारी एवं प्रधानाध्यापक ड्रॉ0 गुलाब फलाहारी के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय कुलानुशासन प्रो0 लाल बाबू थे। उन्होंने कहा कि कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ़ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये। हम सभी बाबा साहेब के पदचिन्हों पर चलना चाहिए। कठिन परिश्रम और लगन के बदौलत उन्होंने अपने दर्शन के विद्वान और एक समाज सुधारक थे।

## सतुआनी गंगा स्नान में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने लगाई श्रद्धा की डुबकी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बड़हरा/भोजपुर।** चैत सतुआनी स्नान भोजपुरी संस्कृति के काल बोधक पर्व है। यह बिहार, झारखंड समेत कई राज्यों में मनाई जाती है। पर्व पर बड़हरा प्रखंड के गंगा नदी घाटों पर श्रद्धालु गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाते है। सोमवार को अहले सुबह से गंगा स्नान करने के लिए लोग नदी घाट की ओर जा रहे थे। जिसमे पीपरपाती, बलुआ, केवटिया, महुली, सिन्हा, नेकनाम टोला, बबुरा, गंगापार खवासपुर महुली घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ रही। भीड़ वाले नदी घाट में स्नान करने वाले महिला पुरुष, सामान बेचने वाले दुकानदार, बैंण्ड बाजा व नर्तक भी इसबार आस्था की डूबकी लगाने में पीछे नही रहे। वही महुली घाट पर बने पीपापुल पर भी भीड़ जमी रही। इन सभी घाटो पर करीब 30 हजार से अधिक लोगो ने स्नान किया। उसके बाद पूजा अर्चना कर सतु व आम का टिकोला का सेवन किया। सबसे खास रहा कि गंगा स्नान के बाद बलुआ, महुली, सिन्हा व अन्य जगहो पर मेला लगा हुआ था। इस मेले में जलेबी, पटौरा, शंकर की मिठाई, छोला, सिंगार प्रशाधन की वस्तुएं बिक रही थी। कुछ श्रद्धालु नदी घाटों पर पूजा अर्चना के बाद नये अन्न के सतमेझरा सतु और आम के टिकोला का चटनी का भी सेवन कर रहे थे। वही गंगा स्नान के बाद श्रद्धालु अपने बच्चों का मुंडन समारोह भी करते देखे गये। उसके बाद मंदिरों में माता रानी का दर्शन करने पहुच रहे थे।



#### चैत सतुआन से सभी मांगलिक कार्य होते है संपन्न

ज्ञानपुर गांव निवासी आचार्य ब्रह्मेश्वर उपाध्याय ने बताया कि हिंदु पतरा में चैत सतुआन के बाद सूर्य के मीन से मेष राशि में चले जाने से ग्रीष्म ऋतु आरंभ हो जाता है। यानि हिन्दु नया साल। इसलिए इस मौसम में शरीर को ठंडक देने वाले आहार के सेवन का प्रावधान सदियों से है। इस समय तक नया चने का सतु भी आ जाता है। आम के टिकोले से बनी चटनी शरीर को ठंडक प्रदान करने के साथ सुपाच्य भी होती है। इसलिए नया सतु खाने का रिवाज है। गांवों में देवी मंदिर में पूजा करने के बाद जौ और चना की सतु आम की चटनी के साथ खाई जाती है। उन्होने बताया कि सूर्य का उच्च राशि में प्रवेश के बाद खरमास की समाप्ति हो जाती है। इसी दिन से सभी मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। दूसरे महीनों की अपेक्षा सूर्य ज्यादा प्रभावशाली होता है। सूर्य का उच्च राशि में प्रवेश शुभ माना गया है। यह पर्व अन्य राज्यों में विभिन्न नामों से जाना जाता है। जिसमें बिहार में 'सतुआन', केरल में 'विशु', असम में 'बिहू', पंजाब में 'वैशाखी', मिथिलांचल में 'सतुआनि' और 'जुड़ शीतल' के नाम से मनाया जाता है।

सतुआन पर गंगा स्नान के बाद खेती करने वाले किसान दियारा क्षेत्र व नदी किनारे बैठकर सतु सेवन करने तरीका जानकर आश्चर्य उन्हे होगा जो दो मिनट में मैगी खाते है। सतुआ गूंथने में मिनटों नहीं लगता है। ना ही आग पर पकाने की जरूरत और ना ही बर्तन की आवश्यकता है। सात भुने अनाज के आटे से बने सतुआ (सतमेझरा) को घोल कर पी भी सकते है। इसे गुंथ कर भी खा सकते है। इसे गमछा बिछा कर पानी डाल कर और थोड़ा सा नमक मिला कर तैयार किया जा सकता है। जिसका स्वाद बेजोड़ होता है।

## बेमौसम बारिश व आंधी से पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जगदीशपुर/भोजपुर।** बेमौसम बारिश, तेज हवा और ओलावृष्टि से जगदीशपुर नगर समेत पूरे प्रखंड में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। नगर पंचायत ने जेसीबी की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया। बिहिया-पीरो पथ पर बौली मोड़ स्थित माउंट कार्मेल एकेडमी के पास सड़क पर कई पेड़ गिर जाने से कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन बाधित रहा। नगर के अस्पताल रोड जाने वाली सड़क पर रेफरल अस्पताल, इफको बाजार, वार्ड नंबर 18 के गढ़ में 100 साल पुराना बरगद का पेड़, खपट्टाहां समेत अन्य जगहों पर पेड़ गिर गए हैं। नगर पंचायत चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने जेसीबी मशीन की मदद से सभी जगहों पर गिरे पेड़ों को हटवाया और सड़क पर आवागमन शुरू कराया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि बेमौसम बारिश के कारण खेत खलिहान में तैयार रखे गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान चिंतित हैं। वहीं नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर बिजली के खंभे और बिजली के तार गिरने से बिजली बाधित हो गई है। बिजली विभाग के जेई राकेश कुमार ने बताया कि तेज हवा और बारिश से काफी नुकसान हुआ है। सभी जगहों पर नुकसान का आकलन करने के बाद मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां-जहां काम पूरा हो जाएगा वहां बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। वही बारिश के कारण कई जगहों पर जलजमाव भी हो गया है। पीरो-बिहियां स्टेट हाईवे पर सिअरुआँ मोड़ व अंबेडकर चौक पर बारिश की वजह से सड़कों पर पानी लग गया है। तेज हवा और ओलावृष्टि से जगदीशपुर नगर समेत पूरे प्रखंड में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई है। कई जगहों पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित हो गया। नगर पंचायत ने जेसीबी की मदद से सड़क पर गिरे पेड़ों को हटाया। बिहिया-पीरो पथ पर बौली मोड़ स्थित माउंट कार्मेल एकेडमी के पास सड़क पर कई पेड़ गिर जाने से कुछ देर के लिए वाहनों का परिचालन बाधित रहा। नगर के अस्पताल रोड जाने वाली सड़क पर रेफरल अस्पताल, इफको बाजार, वार्ड नंबर 18 के गढ़ में 100 साल पुराना बरगद का पेड़, खपट्टाहां समेत अन्य जगहों पर पेड़ गिर गए हैं। नगर पंचायत चेयरमैन संतोष कुमार यादव ने जेसीबी मशीन की मदद से सभी जगहों पर गिरे पेड़ों को हटवाया और सड़क पर आवागमन शुरू कराया। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जबकि बेमौसम बारिश के कारण खेत खलिहान में तैयार रखे गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है, जिससे किसान चिंतित हैं। वहीं नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहों पर बिजली के खंभे और बिजली के तार गिरने से बिजली बाधित हो गई है। बिजली विभाग के जेई राकेश कुमार ने बताया कि तेज हवा और बारिश से काफी नुकसान हुआ है। सभी जगहों पर नुकसान का आकलन करने के बाद मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है। जहां-जहां काम पूरा हो जाएगा वहां बिजली आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

CMYK

# मुख्यमंत्री ने वीसी के माध्यम से किया डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 135वीं जयंती के पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा राज्य स्तर पर पटना के अधिवेशन भवन में 'डॉ. अंबेडकर समग्र सेवा अभियान' का शुभारंभ किया गया। साथ ही विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन/शिलान्यास एवं मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत 600 लाभुकों को एक मुश्त राशि का अंतरण किया गया। पटना में संपन्न हुए कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया। लाइव प्रसारण से समाहरणालय मोतिहारी के एनआईसी में जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी गण जुड़े रहे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के पश्चात आज पूर्वी चंपारण जिले में अभियान की शुरुआत मोतिहारी सदर प्रखंड के रुलही पंचायत के वार्ड नंबर 6 स्थित मुसहर टोला सामुदायिक भवन में किया गया जहां राज्य सरकार द्वारा चिन्हित किए गए सभी 22 योजनाओं का स्टॉल लगाया गया था। जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात के द्वारा सभी स्टॉल्स का निरीक्षण किया गया और वहां पर किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की गई। डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत आयोजित आज के कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों खासकर महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई वहीं जिलाधिकारी ने कहा कि अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोलों में आधारभूत संरचना के विकास सहित अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति परिवारों को नियमानुसार सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करना सरकार की प्राथमिकता रही है। अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति परिवारों को सरकारी योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए सभी अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति टोला में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। पूर्वी चंपारण जिला के लगभग 2000 महादलित टोला में इस अभियान का आयोजन किया जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति बहुल टोले में लगने वाले विकास शिविर में राशन कार्ड, उज्जवला योजना, औपचारिक शिक्षा, आंगनबाड़ी, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, कुशल युवा प्रोग्राम / कौशल विकास कार्यक्रम, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, ई श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड/ स्वास्थ्य कार्ड / हेल्थ कैम्प, प्रधानमंत्री आवास योजना/वास भूमि/बंदोबस्ती, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांगजन की योजनाएं, हर घर नल जल योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण पक्की गली-नली, मनरेगा जॉब कार्ड, प्रधानमंत्री जनधन, बिजली कनेक्शन से नियमानुसार आच्छादन किया जाना है।

# जटवलिया गांव में बम विस्फोट, घर के परखच्चे उड़े, पुलिस जांच में जुटी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ढाका (पूर्वी चम्पारण)।** पूर्वी चम्पारण जिले के कुंडवा चैनपुर थाना क्षेत्र के जटवलिया गांव में शनिवार रात एक आवासीय घर में हुए भीषण बम विस्फोट ने इलाके में सनसनी फैला दी। विस्फोट इतना जोरदार था कि घर की दीवारें और एस्बेस्टस की छत पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह घर गांव निवासी कपिल देव दुबे का बताया जा रहा है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है, लेकिन विस्फोट के बाद घर के लोग मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही कुंडवा चैनपुर पुलिस, फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम और पुलिस क्षेत्र निरीक्षक घटनास्थल पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। बम निरोधक दस्ते के आने का इंतजार किया जा रहा है। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि विस्फोट किसी विस्फोटक पदार्थ के कारण हुआ, जिससे घर को भारी नुकसान पहुंचाया। घटना के बाद गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है और तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल पर कैंप स्थापित कर स्थिति पर नजर रखी है। चाकूबाजी मामले में फरार है कपिल देव दुबे का पुत्र जानकारी के अनुसार, जिस घर में विस्फोट हुआ, वह कपिल देव दुबे का है। उनके पुत्र छोटेलाल दुबे पर दो महीने पहले गांव के ही नंद किशोर दुबे को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल करने का आरोप है। इस मामले में नंद किशोर की पत्नी सुंदरम देवी ने छोटेलाल के खिलाफ मुकदमा (58/25) दर्ज कराया था। छोटेलाल तब से फरार है। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश होने की बात भी सामने आई है, जिसे पुलिस विस्फोट की घटना से जोड़कर जांच कर रही है।

# संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती पर जहानाबाद में विशेष विकास शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर डॉ. अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के अंतर्गत जहानाबाद जिले के काको प्रखंड के सैदाबाद अनुसूचित जाति एवं जनजाति बहुल महादलित टोला में सरकार आपके द्वार विशेष विकास शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी जिला पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता ब्रजेश कुमार ने की।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। जिला पदाधिकारी ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन और उनके विचारों पर प्रकाश डालते हुए सभी से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर हमारे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था के शिल्पकार थे, और उन्हीं की देन है कि आज समाज के वंचित वर्गों को गरिमापूर्ण जीवन जीने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह ने भी अपने वक्तव्य में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आज देश की एकजुटता और समरसता में डॉ. अम्बेडकर के सिद्धांतों और संविधान की महत्वपूर्ण भूमिका है।

इस दौरान अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को योजनाओं की जानकारी दी गई एवं आवेदन प्राप्त किए गए। इसके अतिरिक्त, श्रमिकों को ई-श्रम कार्ड वितरित किए गए तथा वृद्धजनों की आंखों की जांच कर चश्मा वितरण भी किया गया। पूर्व से लाभान्वित लाभुकों ने अपनी उपलब्धियों को साझा कर अन्य लोगों को भी प्रेरित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला प्रशासन के कई वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे जिनमें धनंजय त्रिपाठी (जिला पंचायत राज पदाधिकारी), रोहित मिश्रा (निदेशक, डीआरडीए), सूर्दशन कुमार (निदेशक, एनईपी), पूनम कुमारी (सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग), रंजना कुमारी (जिला कल्याण पदाधिकारी), रचना (जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस), नेहा कुमारी (वरीय उप समाहर्ता), होमा इरफान (वरीय उप समाहर्ता), प्रखंड विकास पदाधिकारी, काको प्रमुख थे। शिविर में शिक्षा, स्वास्थ्य, जीविका, स्वच्छता आदि विभागों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और शिविर को सफल बनाया।

# मोदी सरकार ने बाबा साहब को दिया सम्मान : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पीपराकोठी (पूर्वी चम्पारण)।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को स्थानीय प्रखंड परिसर स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री सह सांसद राधामोहन सिंह, विधायक प्रमोद कुमार व भाजपा नेताओं ने पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धा से याद किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री श्री सिंह ने कहा की मोदी सरकार ने बाबा साहेब विचारों को सम्मान देने के साथ उनको स्थान भी दिया है। और जगह जगह उनके स्मारक बनवाई है। जबकि पूर्व की कांग्रेस की सरकार ने जीवनकाल में ही नहीं, महापरिनिर्वाण के बाद भी बाबासाहेब का अपमान किया। दिल्ली में अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दिया। सरकारी विमान नहीं दिया। 26 अलीपुर रोड को स्मारक बनाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। वही मोदी शासनकाल में उन्हें सम्मान दिया जा रहा है वही उनके जयंती के पूर्व संध्या पर स्मारक स्थल पर भाजपा नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर मुख्य रूप से मौके पर विधायक प्रमोद कुमार, प्रखंड अध्यक्ष उपेन्द्र सहनी, कामेश्वर चौरसिया, उमाशंकर शर्मा, रविंद्र सहनी, उमेश गिरी, गौरीशंकर साह, टुन्ना गिरी, गुंजन जयसवाल, अवध महतो, पवन गुप्ता, रंजन गुप्ता, गुड्डु सिंह, राजकिशोर सिंह सहित अन्य भाजपा नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

# बाबा साहेब की जयंती पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय में संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के कुलपति प्रो. एसपी शाही ने बाबा साहेब के जीवन दर्शन पर अपने विचार व्यक्त किए।

प्रो. शाही ने कहा कि बाबा साहेब का सम्पूर्ण जीवन मानव गरिमा, न्याय, समानता और बौद्धिक क्रांति का प्रतीक था। उन्होंने जाति को न केवल सामाजिक बुराई, बल्कि आत्मा की बीमारी बताया, जो मानव एकता को नष्ट करती है। बाबा साहेब के लिए स्वतंत्रता का अर्थ केवल राजनीतिक आजादी नहीं, बल्कि अंतरात्मा की मुक्ति, स्वतंत्र सोच और अन्याय को चुनौती देने की क्षमता थी। उनके अनुसार, न्याय का मतलब ऐसी व्यवस्था का निर्माण है, जो कमजोरों को समानता से वंचित न करे। प्रो. शाही ने आगे कहा कि बाबा साहेब धर्म को उत्पीड़न का साधन नहीं, बल्कि करुणा और तर्क पर आधारित उत्थान का माध्यम मानते थे। उन्होंने संविधान को केवल कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि एक नैतिक ग्रंथ के रूप में देखा। उनकी कल्पना एक ऐसे नैतिक लोकतंत्र की थी, जहां सिर्फ वोट ही नहीं, बल्कि आपसी सम्मान भी हो। अहिंसा, समानता और नैतिकता उनके जीवन के मूल्यों का केंद्र थे। उन्होंने शिक्षा और आत्मजागरण को राष्ट्र निर्माण का आधार बताया। बाबा साहेब का लोकतंत्र केवल शासन प्रणाली नहीं, बल्कि एक नैतिक जीवन पद्धति थी। वे नैतिक समाजवाद को आत्मिक आवश्यकता के रूप में देखते थे।

संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, और बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

# विवाहिता की गला दबाकर हत्या, ससुराल वाले फरार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र के रायपट्टी भटहां गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद ससुराल वाले घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश में छापेमारी शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मृतिका मझौलिया थाना क्षेत्र के रुलही गांव निवासी बालेसी यादव की पुत्री थी, जिसका विवाह सुगौली थाना क्षेत्र के रायपट्टी भटहां निवासी वासुदेव यादव के पुत्र शीव यादव के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 पर दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतका के भाई ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी बहन को गला दबाकर मार डाला गया और शव को पलंग पर लिटा दिया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि घटना से पहले पति-पत्नी के बीच नोंकझोंक हुई थी। हालांकि, पुलिस का कहना है कि हत्या के सटीक कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। सुगौली थाना की पुलिस ने बताया कि मामले की गहन जांच की जा रही है।

# बाबा साहब की 135वीं जयंती पर कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)।** भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर कोटवा प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। भाजपा द्वारा मच्छरगांवा पंचायत के सबैया टोला टाली स्थित रविदास टोले और भोपतपुर उत्तरी पंचायत में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद राधा मोहन सिंह द्वारा प्रदत्त बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई।

# बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे बाबा साहेब : डॉ. शंभूनाथ सीकरीया


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण के सिकरिया बी.एड. कॉलेज के राधा कॉन्फ्रेंस हॉल में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ पूर्व न्यायाधीश सत्यनारायण राम, राष्ट्रीय दलित मानवाधिकार अभियान के स्टेट कोऑर्डिनेटर विधानंद राम, तुरकौलिया के मुखिया रामजनम पासवान, पारस नाथ अंबेडकर, मोतिहारी नगर निगम के उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, बिहार सरकार के सामाजिक न्याय केंद्र के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शंभूनाथ सिकरिया और नगर निगम के पूर्व व वर्तमान पार्षदों ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. शंभूनाथ सिकरिया ने कहा, बाबा साहेब एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, जिनकी क्षतिपूर्ति असंभव है। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी भूमिका और सामाजिक न्याय व दलित अधिकारों के लिए उनकी लड़ाई को हमें आगे बढ़ाना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व न्यायाधीश सत्यनारायण राम, उपमहापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद, विधानंद राम और रामजन्म पासवान ने भी अपने विचार रखे और बाबा साहेब के योगदान को याद किया। सभी वक्ताओं ने डॉ. सीकरीया को पुष्पगुच्छ और शॉल भेंटकर सम्मानित किया। भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया ने सभी पार्षदों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों को अंगवस्त्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा, पिछले 10 वर्षों में हमारी भाजपा सरकार ने दलित और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए सराहनीय कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बाबा साहेब के सपनों को साकार करने के लिए कृतसंकल्प हैं। वर्ष 2047 तक हमारा समाज भेदभाव, छुआछूत और जातिवाद से मुक्त होगा। कार्यक्रम में धीरज जायसवाल, सत्य प्रकाश राम, डॉ. संजय, राजेश राम, रामप्रवेश राम, शारदा राम, महावीर पासवान, राजू पासवान, किरण राम, पल्लवी सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# विश्वकर्मा समाज को एकजुट होने की जरूरत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण के मोतिहारी में रविवार को बापू सभागार प्रेक्षा गृह, राजा बाजार में अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा की ओर से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस महासम्मेलन में घोड़ासहन, चकिया, रक्सौल, सुगौली, अरेराज, केसरिया, कल्याणपुर, पिपरा, ढाका सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों और आसपास के गांवों से विश्वकर्मा समाज के प्रबुद्ध लोग और स्वर्ण व्यवसायी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार ने अपने संबोधन में कहा, विश्वकर्मा समाज को एकजुट करने और सामाजिक एकता को बढ़ावा देने के लिए इस विश्वकर्मा सामाजिक एकता सह स्वाभिमान जागृति सम्मेलन का आयोजन किया गया है। वहीं, जिला महामंत्री सुधीर गुप्ता ने कहा, विभिन्न उपजातियों में बंटने के कारण हमारा समाज कमजोर हुआ था। आज हम सभी विश्वकर्मा समाज के लोग एक मंच पर एकत्र हुए हैं, जो हमारी सामाजिक एकता को दर्शाता है। हमारा कर्तव्य है कि एक लक्ष्य के साथ कार्य करें और विश्वकर्मा समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाएं। सम्मेलन में उपाध्यक्ष दीपक सर्राफ, धीरज सर्राफ, सचिव राजेश कुमार, कोषाध्यक्ष संजय सर्राफ, कार्यक्रम संयोजक अरविंद सर्राफ, सह सचिव राजीव कुमार राजू, अर्जुन कुमार, संगठन मंत्री सूरज सर्राफ, रंजन कुमार सोनी, सह कोषाध्यक्ष नीलेश रंजन, पवन सर्राफ, दिलीप सर्राफ, दीपेंद्र सर्राफ, प्रदीप सर्राफ, संरक्षक मंडल के लक्ष्मी प्रसाद, रामबाबू प्रसाद, जितेंद्र ज्वैलर्स, पशुपतिनाथ प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद, दीपक स्वर्णकार, सदस्य जय प्रकाश गुप्ता, दिनेश कुमार, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के जिलाध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष हजारी शर्मा, डॉ. अखिलेश शर्मा, पारस विश्वकर्मा, गौरीशंकर शर्मा, राजेश्वर शर्मा, रामचंद्र शर्मा, कमलेश्वर प्रसाद, प्रो. नारायण प्रसाद, विकास शर्मा, श्याम बदन विश्वकर्मा, प्रो. अमिताभ ज्ञान रंजन, प्रो. डॉ. अरविंद कुमार शर्मा, रमाकांत शर्मा सहित पूर्वी चम्पारण और आसपास के जिलों से विश्वकर्मा समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# गुजरात के बड़े व्यवसाई की हत्या की गुथी सुलझाने में उलझी तीन जिलों की पुलिस

## गुजरात के व्यवसाई के रूप में दो दिन पूर्व मिले शव की हुई पहचान
## साइबर ठगों ने हत्या की घटना को दिया अंजाम, जांच में जुटी पुलिस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के बंधुगंज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-33 पर दो दिन पूर्व मिले अज्ञात शव की पहचान होते ही पुलिस के हांथ पांव फूलने लगे हैं। क्योंकि शव किसी आम आदमी का नहीं बल्कि गुजरात के एक बड़े व्यवसाई का है। इस हाइ प्रोफाइल हत्या से बिहार पुलिस के माथे पर भी बल पड़ा है। गुजरात के बड़े व्यवसायी का बिहार के जहानाबाद जिले में मर्डर से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह हत्या साइबर ठगों के गिरोह द्वारा किया गया है। बताया जाता है कि साइबर ठगों ने व्यवसायी को फोन करके पटना बुलाया था। फिर पटना एयरपोर्ट से अपहरण कर दो दिन तक नालंदा के हिलसा में बंधक बनाए रखा। जब ठगों को कोई फायदा नहीं हुआ, तो बेरहमी से व्यवसाई की हत्या कर शव को जहानाबाद में फेंक दिया। अब पटना, नालंदा और जहानाबाद जिले की पुलिस मिलकर इस हाई-प्रोफाइल मर्डर केस की जांच में जुटी है। फिलहाल साइबर ठगों के गिरोह की पूरी कुंडली खंगालने में पुलिस लगी हुई है। तीनों जिलों की पुलिस इस केस को गंभीरता से लेते हुए जाँच पड़ताल में जुटी है। फिलहाल जो बातें सामने आई है, उसमें युवक के अपहरण की सूचना पटना के हवाई अड्डे थाने में दर्ज कराई गई थी। जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व उसकी लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। लेकिन जहानाबाद में शव बरामद होने के बाद जहानाबाद जिले के घोसी थाने में अभी तक किसी भी तरह का कोई भी केस दर्ज नहीं किया गया है। जो पुलिस के कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। जैसा कि ज्ञात हो 12 अप्रैल को घोसी थाना क्षेत्र के झुनकी एवं मननपुर गांव के बीच में सड़क किनारे एन एच - 33 पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव फेंका हुआ मिला था। शव मिलने के बाद जब इस बात की जानकारी आस-पास के लोगों ने स्थानीय घोसी थाने की पुलिस को दी थी। जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और उसे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया था बाद में उस व्यक्ति की पहचान गुजरात के एक बड़े व्यवसायी के रूप में हुई है।

# मखदुमपुर और हुलासगंज प्रखंड में डॉ भीमराव अंबेडकर की मनाई गई 135वीं जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में डॉ भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती धूमधाम के साथ मनाए गई। मौके पर स्थानीय विधायक सतीश कुमार द्वारा प्रखंड मुख्यालय स्थित राजद कार्यालय में केक काटकर एवं उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इधर मलाठी पंचायत के मिश्रा बिगहा गांव में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के मूर्ति का अनावरण किया है। मौके पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर विधायक ने कहा की आज पूरे देश में लोग हर्षो उल्लास के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनाई जा रही हैं। उन्होंने वहां मौजूद लोगों से कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर का देन है कि हम विधायक बनकर आप लोगों के सामने खड़े हैं साथ ही उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सपनों को यदि साकार करना है तो अपने बच्चों को शिक्षित करें, क्योंकि बाबा भीमराव अंबेडकर का सपना था की हर घर में शिक्षा का अलख जगे उन्होंने कहा कि जब तक हर घर के बच्चे शिक्षित नहीं होंगे तब तक अंबेडकर के सपने को हम साकार नहीं कर सकते हैं। मौके पर राजद प्रखण्ड अध्यक्ष राजप्रेम यादव, राजद नेता शारीक फतह, मनोज यादव, विनोद यादव, अरुण पासवान, संजय पासवान, रणजीत यादव, मुस्तफा अहमद, सलेश यादव, लालन यादव, राजू अहमद, सुरेश चौधरी, सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)।** आदापुर थाना पुलिस ने सैनिक रोड, बेलदरवा के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए दो चरस तस्करों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए भरथमगी गांव निवासी झापस पासवान के पुत्र विनोद पासवान और हरपुर थाना क्षेत्र के चिकनी गांव निवासी झाकर पासवान के पुत्र रामविनय पासवान को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक पल्सर मोटरसाइकिल (बीआर 05 बीएफ 3563) पर रखे 1 किलो 187 ग्राम चरस और एक रेडमी मोबाइल फोन बरामद किया है। प्रभारी ने बताया कि जब्त मोबाइल से अन्य चरस तस्करों के बारे में जानकारी मिलने की संभावना है। मामले की गहन जांच की जा रही है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती पर भव्य समारोह

**संग्रामपुर (पूर्वी चम्पारण)।** संग्रामपुर के पकड़ी बाजार में भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. राजेश कुमार ने बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। डॉ. राजेश कुमार ने कहा, बाबा साहेब ने जीवन भर छुआछूत, जातिवाद और सामाजिक असमानता के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने शिक्षा, समानता और अधिकारों की वकालत की, जो आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। समारोह में मुखिया गोपालजी सहनी, सत्यप्रकाश चंद्र, विजय चंद्र राम, सुरेंद्र सहनी, अमित सिंह, रामानंद राम, तुलसी दास, उमेश लोहार, रूपेश पासवान, अभिषेक आदित्य, भगवानारायण कुशवाहा, अर्जुन सहनी, सोनू राम, संजीत राम, लालबाबू राम, अकिंद्र राम, चंदन कुमार, दीपक कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया गया।

### कचरा स्थल के खिलाफ निकाला जुलूस

**पकड़ीदयाल(पूर्वी चम्पारण)।** नगर पंचायत द्वारा चोरमा में बन रहे कचरा प्रबंधन के खिलाफ शिवहर के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी राणा रंजीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने जुलूस निकाला। उक्त जुलूस बांकीपुर चौक पर स्थित कर्पूरी ठाकुर के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पत्रकारों को संबोधित करते हुए राणा रंजीत सिंह ने कहा कि नवनिर्मित कंचरा स्थल से दो सौ से पांच सौ मीटर के अंदर में स्कूल, अस्पताल, महादलित बस्ती, मंदिर और ईदगाह है । प्रखंड में अनेक जगहों पर सरकारी भूमि खाली है लेकिन पदाधिकारी वहां नहीं निर्माण करवाकर चोरमा में निर्माण कार्य किया जा रहा है। जो नियम के विरुद्ध है। यहां पर निर्माण हो जाने से लोगों को दुर्गंध से रहना मुश्किल हो जाएगा। अन्यत्र जगह पर अगर कचरा प्रबंधन का निर्माण नहीं होता है तो इसके लिए जन आंदोलन चलाया जाएगा। मौके पर रंजीत पटेल, विकास कुमार, इमरान खान, वकील राय, राकेश कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बाबा साहब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाया

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सोमवार को शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा की शुरुआत शहर के मुजफ्फरपुर रोड स्थित गांधी मैदान में फूलों से सजे रथ में रखे बाबा साहब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर की गई। रथ व गाजे बाजे के साथ लोगों ने शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण किया व पुनः गांधी मैदान पहुंच शोभा यात्रा समाप्त हुई। इस दौरान लोगों ने बाबा साहब का हाथ में झंडा लेकर उनसे संबंधित गगन भेदी नारे लगाए व उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया। शोभा यात्रा का नेतृत्व लखींद्र राम व निरंजन कुमार आजाद ने की। शोभा यात्रा में रामनारायण पासवान, सुरेश राम, नारायण पासवान, डॉ अरविंद राम, चंदन कुमार, दीपक पासवान, सुनील राम, शंभू राम, लालन राम, विशाल सहित अन्य शामिल थे।

### विधायक ने किया प्रतिमा पर माल्यार्पण

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** विधायक राणा रंधीर सिंह ने अनुमंडल परिसर में डा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इन्होंने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत के संविधान निर्माता भारत रत्न डा अम्बेडकर दबे कुचले लोगों को मुख्य धारा में लाने वाले समाज सुधारक थे। इनके पास 32 डिग्रियां एवं नौ भाषा का ज्ञानी थे। इनके जीवनी से सीख लेने का आह्वान किया। इनको नारी स्वतंत्रता के मुक्तिदाता, विचारों के पुरोधा, शिक्षा, सभ्यता संघर्ष, धैर्य और सामर्थ्य के धनी, कहा जाता है। सभा का अध्यक्षता व संचालन जीतेन्द्र पासवान ने किया। मौके पर ढाका जिला अध्यक्ष सुनील सहनी, शंभू पासवान, प्रेम पासवान,भागवत पासवान, नीतेश सर्राफ, वीरेंद्र सिंह, अशोक सिंह, हुलास, लाल साहेब सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर डीएम ने किया माल्यार्पण

**मोतिहारी।** शहर के डॉ भीमराव अंबेडकर भवन के प्रांगण में स्थापित बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर उनके जन्म जयंती के अवसर पर जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला अंबेडकर कल्याण समिति सौरभ जोरवाल, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ पूर्वी चंपारण अध्यक्ष सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी राम जन्म पासवान ने किया माल्यार्पण द्य अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी संघ पूर्वी चंपारण चतुर्भुज बैठा, पूर्व अध्यक्ष अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति आयोग बिहार राजेंद्र राम, राम दयाल राम कोषाध्यक्ष, अशोक कुमार हाजरा, कृष्ण कुमार पासवान, राजू बैठा मुखलाल राम, सुकृत राम, शून्यदेव पासवान, विक्रम बैठा, रुपन पासवान, आलोक बैठा, तेजीलाल बैठा, ओम प्रकाश कुमार के द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# 10 साल बाद भी महादलित परिवारों को नहीं मिला सम्पर्क पथ, डीएम के आदेश बेअसर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**संग्रामपुर (पूर्वी चंपारण)।** सरकार भले ही महादलित परिवारों को सामाजिक-आर्थिक रूप से मुख्यधारा से जोड़ने के लिए करोड़ों रुपये की योजनाएं चला रही हो, लेकिन पूर्वी चंपारण के संग्रामपुर प्रखंड के मधुबनी पंचायत के वार्ड-3, सुखल्हिया टोला में लगभग 40 महादलित परिवार पिछले 10 साल से एक सम्पर्क पथ के लिए तरस रहे हैं। मानवाधिकार आयोग के निर्देश पर 2016 में शुरू हुई कार्रवाई आज तक अधूरी है। ग्रामीण अंचल कार्यालय से लेकर जिला मुख्यालय तक चक्कर काट रहे हैं, लेकिन समाधान नहीं मिल रहा। स्थानीय निवासियों सुबोध राम, मदन राम, ज्ञानती देवी, राजनंदनी देवी, शिवकली देवी, पासपति देवी, जितेंद्र राम, रामनाथ राम, सुनील राम और रामचंद्र राम ने बताया कि 2016 में बिनोद राम के नेतृत्व में मानवाधिकार आयोग में सम्पर्क पथ निर्माण की मांग की गई थी। 2017 में डीएम ने भू-अर्जन अधिनियम 2013 के तहत भूमि अधिग्रहण का आदेश दिया। छह सदस्यीय टीम ने 15 नवंबर 2019 को भूमि अधिग्रहण का प्रकाशन किया, और 30 नवंबर 2021 को अंचलाधिकारी ने भूमि का दखल-कब्जा ले लिया। भू-मालिकों को निबंधित डाक से सूचना भेजी गई, लेकिन किसी ने पत्र स्वीकार नहीं किया।


मोतिहारी भू-अर्जन पदाधिकारी ने 26 नवंबर 2021 को मुआवजा राशि को मुजफ्फरपुर लारा कोर्ट में जमा कर दिया। दो रैयतों ने मुआवजा लेने से इनकार कर दिया और पटना उच्च न्यायालय का रुख किया। उच्च न्यायालय ने उनकी याचिका खारिज कर मुआवजा लेने के लिए डीएम कोर्ट जाने का निर्देश दिया। रैयतों का आरोप है कि उनकी भूमि का अधिग्रहण गलत तरीके से किया गया, जबकि अंचल प्रशासन का कहना है कि सभी प्रक्रियाएं भू-अर्जन अधिनियम के तहत पूरी की गईं। डीएम ने रैयतों की आपत्तियां खारिज करते हुए अंचलाधिकारी को सम्पर्क पथ निर्माण में अवरोध हटाने का स्पष्ट निर्देश दिया, लेकिन यह आदेश कागजों तक सीमित रह गया। ग्रामीणों ने बताया कि एक रैयत ने अधिग्रहित भूमि पर दीवार खड़ी कर दी, जिससे निर्माण कार्य रुका हुआ है। 3 जनवरी 2024 को मनरेगा पदाधिकारी ने भी अंचलाधिकारी को पत्र लिखकर सम्पर्क पथ के लिए भूमि उपलब्ध कराने की मांग की, लेकिन एक साल बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। सड़क के अभाव में महादलित परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क न होने से लड़कियों की शादी में बाधा आ रही है, क्योंकि बरात दरवाजे तक नहीं पहुंच पाती। यह स्थिति प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है।

# कार्यालयों में धूमधाम से मनी बाबा साहब की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** जिले के रफीगंज प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाई। नगर मंडल के अब्दुलपुर, गांधी टोला, कासमा मंडल के प्राणपुर, भटकुरहा, भदवा मंडल के सिमरा बीबीपुर, कजपा, मंझौली, ग्रामीण मंडल के गोरडीहा, मई और खैरा मंझौली गांवों में आयोजित समारोह में बाबा साहेब के विचारों को याद किया गया और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।





कार्यक्रम की अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष विकास पासवान ने की, जबकि संचालन भाजपा महामंत्री शिवनारायण साव ने किया। समारोह का शुभारंभ बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वक्ताओं ने बाबा साहेब के सामाजिक समानता और दलित उत्थान के लिए किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला।

जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह ने कहा, कांग्रेस ने बाबा साहेब का अपमान करने का कोई अवसर नहीं छोड़ा। चाहे उन्हें चुनाव में हराने की कोशिश हो या उनके संविधान को कमजोर करने का प्रयास, कांग्रेस ने हमेशा दलितों के अधिकारों को कुचलने का काम किया। संतोष साहू ने कहा, भाजपा ने बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया और उनके स्मृति स्थलों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित किया। नरेंद्र मोदी सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के माध्यम से पाकिस्तान और बांग्लादेश से आए दलित और पिछड़े परिवारों को भारत की नागरिकता देकर बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि दी। उन्होंने बाबा साहेब के कथन, शिक्षित बनो, नेक बनो और एक बनो, को दोहराते हुए एकजुटता पर जोर दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता अवधेश कुमार सिंह, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दीनानाथ विश्वकर्मा, नगर अध्यक्ष संतोष कुमार साहू, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष बब्लू सिंह, कासमा मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार यादव, भदवा मंडल अध्यक्ष रामकुमार सिंह, पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉ. गोपाल प्रसाद, शशिभूषण मिश्रा, बिमलेश पासवान, मुसाफिर पासवान, विक्रम कुमार, सुरेश राम, राजू पासवान, मोहन राम, उज्ज्वल मिश्रा, अजय कुमार, अनूप कुमार, सुदर्शन साहू, संजय सिंह, रवि राम, रंजन जोशी, यदुनंदन राम, विजय पासवान, दीनबंधु चौधरी, दीनबंधु सिंह, रामचंद्र दास, अजय राम, जयराम राम, इंद्रदेव राम, पांचू साहू, सुनील विश्वकर्मा, प्रभु पासवान, रंजन राम सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

वहीं रफीगंज प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में सोमवार को अपराह्न लगभग 2:00 बजे संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ हुई। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के जीवन और उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की। रफीगंज प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह ने कहा, बाबा साहेब न केवल एक महान समाज सुधारक थे, बल्कि प्रखर बुद्धिजीवी, कानूनविद और अर्थशास्त्री भी थे। उन्होंने दलितों और वंचितों के उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहेब ने कहा था कि लोकतंत्र का स्वरूप और उद्देश्य समय के साथ बदलता रहता है, और आधुनिक लोकतंत्र का लक्ष्य समाज के कल्याण पर केंद्रित होना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव (अल्पसंख्यक विभाग) हसन सिद्दीकी, जिला सचिव रामराज सिंह, प्रखंड उपाध्यक्ष अजीम खान, पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष राणा रंग बहादुर सिंह, सत्येंद्र सिंह, विष्णु देव पासवान, अजय सिंह, शंकर यादव, मोहम्मद मिस्टर, मोहम्मद सिकंदर आलम, हरिंदर सिंह, सोहन प्रसाद, मोहम्मद इकबाल, पंकज कुमार सिंह, अमरजीत सिंह, राज मुन्नी देवी, गीता कुमारी, रूपा देवी सहित कई अन्य कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। सभा में बाबा साहेब के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने और उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया गया।

# यूआर कॉलेज में बाबा साहब की 135वीं जयंती पर संगोष्ठी, लगाए गए फलदार पौधे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रोसड़ा (समस्तीपुर)।** यूआर कॉलेज, रोसड़ा में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर रविवार को एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई, अंबेडकर राजकीय कल्याण छात्रावास और पिछड़ा-अति पिछड़ा कल्याण छात्रावास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. घनश्याम राय ने की। संगोष्ठी का विषय था- वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों की प्रासंगिकता। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया, और मंच पर उपस्थित अतिथियों को पाग, चादर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. राय ने कहा कि बाबा साहब ने जीवन भर सामाजिक न्याय और समानता के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा, जब तक समाज में छुआछूत, ऊंच-नीच और असमानता रहेगी, बाबा साहब के विचार प्रासंगिक बने रहेंगे। उनका दर्शन था कि जीवन की अवधि या पद से अधिक महत्वपूर्ण यह है कि आपने क्या किया। स्थानीय विधायक बीरेन्द्र कुमार ने कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी विश्व भर में प्रासंगिक हैं, और उनकी जयंती का वैश्विक स्तर पर आयोजन इसकी पुष्टि करता है। उन्होंने बाबा साहब के नारे शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो को दोहराते हुए उनके विचारों की महत्ता पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में वक्ताओं ने भारतीय संविधान और कानून निर्माण में बाबा साहब के योगदान पर विस्तार से चर्चा की। वक्ताओं में प्रो. गौरी शंकर प्रसाद सिंह, प्रभारी अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी (मझौल) प्रमोद कुमार, रोसड़ा नगर निकाय अध्यक्ष मीरा सिंह, श्याम बाबू सिंह, अमरेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. उमाशंकर साह, ऑक्सीजन मैन राजेश कुमार सुमन, अधिवक्ता कपिल देव सहनी, राजेंद्र सहनी, दिलीप पासवान आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. श्याम सुंदर शर्मा और अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास के अधीक्षक डॉ. अमरेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. निविद चंद्रा, डॉ. अमन अबेद, डॉ. अनुराग कुमार, डॉ. सतीश कुमार, डॉ. अरुण कुमार राय, डॉ. संतोष कुमार, हेमकांत ठाकुर, छात्र-छात्राएं और कर्मचारी उपस्थित रहे। डॉ. विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।



# अनुसूचित जाति-जनजाति शिविर के लिए बैठक, 19 अप्रैल से शुरू होंगे शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में अनुसूचित जाति और जनजाति के लिए आयोजित होने वाले शिविरों के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में शिक्षकों, विकास मित्रों, आंगनबाड़ी सेविकाओं, एएनएम, पंचायत सचिवों, मुखियाओं सहित अन्य कर्मियों ने हिस्सा लिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रखंड की सभी ग्राम पंचायतों के विभिन्न गांवों में 19 अप्रैल से शिविरों का आयोजन शुरू होगा। इन शिविरों का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने चेतावनी दी कि शिविरों में किसी भी कर्मचारी या पदाधिकारी द्वारा लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) अशोक कुमार ने बताया कि शिविरों के माध्यम से बुनियाद केंद्र, हर घर नल-जल योजना, मनरेगा, जॉब कार्ड, बिजली कनेक्शन, जीविका, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन, शौचालय निर्माण, कुशल युवा कार्यक्रम, स्वयं सहायता भत्ता, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड सहित सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि शिविर में आवेदन स्वीकार किए जाएंगे और उनका त्वरित निदान भी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में मुखिया राकेश कुमार, पंचायत सचिव सुरेंद्र सिंह, प्रधानाध्यापक शशि रंजन, शमशेर आलम, विकास मित्र ललन चौधरी, शिवशंकर राम, शंभू शरण सिंह सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। शिविरों के आयोजन को लेकर सभी ने मिलकर इसे सफल बनाने का संकल्प लिया, ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों तक पहुंच सके।



# साहित्यकार डॉ. हेरम्ब को 'पंडित गोपाल लाल सिजुआर स्मृति सम्मान'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के वरिष्ठ साहित्यकार एवं उद्घोषक डॉ. हेरम्ब कुमार मिश्र को गया जिला में आयोजित एक भव्य साहित्यिक समारोह में 'पंडित गोपाल लाल सिजुआर स्मृति सम्मान' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें साहित्यिक सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह अवसर था स्वर्गीय पंडित गोपाल लाल सिजुआर की हीरक जयंती का, जिसे गया जिले के सिजुआर भवन में साहित्यिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सच्चिदानंद प्रेमी और डॉ. रामकृष्ण मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर अतिथियों का स्वागत राजन सिजुआर ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन कवि सुमन्त कुमार ने किया। डॉ. हेरम्ब को अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ, प्रतीक चिह्न और सम्मान-पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथियों ने स्वर्गीय पंडित सिजुआर के साहित्यिक योगदान और प्रेरणादायक व्यक्तित्व पर सारगर्भित वक्तव्य भी प्रस्तुत किए।




कार्यक्रम के दौरान आयोजित कवि सम्मेलन में मगध क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधि कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंच पर वरीय कवि दीनबंधु, कुमार कांत, मनोज मिश्र 'पद्मनाभ', अरुण हारिवाल, अंजू कुमारी, ममता कुमारी, विश्वजीत अलबेला, देवेंद्र पाठक और स्वयं डॉ. हेरम्ब की प्रस्तुति ने खासा प्रभाव छोड़ा। डॉ. मिश्र की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ साहित्यकार और समकालीन जवाबदेही के संपादक डॉ. सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, उज्ज्वल रंजन, सुरेश विद्यार्थी, चंदन कुमार पाठक, विनय मामुलीबुद्धि, नागेंद्र केशरी, अशोक पांडेय, भारती भूषण सहित अनेक साहित्यप्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

# पूर्व विधायक स्व. वीरेंद्र प्रसाद सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि मनाई गई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद जिले के हसपुरा प्रखंड अंतर्गत कोइलवा में इंजीनियर रविंद्र शर्मा के आवास पर भाजपा के पूर्व विधायक स्वर्गीय वीरेंद्र प्रसाद सिंह की पांचवीं पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर उनके सरल स्वभाव, मृदुभाषी व्यक्तित्व और उच्च चरित्र की चर्चा की गई। स्व. वीरेंद्र प्रसाद सिंह 1980 में ओबरा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पहले विधायक के रूप में निर्वाचित हुए थे। उनका निधन 14 अप्रैल 2020 को हुआ था। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने की। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्व. सिंह के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया। उनके कार्यों को प्रेरणादायक बताते हुए उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कोइलवा पंचायत के पूर्व मुखिया अनिल शर्मा, रविंद्र शर्मा, मृत्युंजय शर्मा, विकास शर्मा, नीरज शर्मा, गोपाल शर्मा, अमन कुशवाहा, नवीन शर्मा, प्रमोद चंद्रवंशी, रंजन चंद्रवंशी, भीखम मिस्त्री, वीरेंद्र मिस्त्री, दिलीप शर्मा, जंग बहादुर शर्मा, प्रोफ़ेसर भगवान शर्मा के साथ-साथ स्व. वीरेंद्र प्रसाद सिंह के पुत्र अभय कुमार सिंह और उनकी धर्मपत्नी चंचला सिंह उपस्थित रहे। सभा में स्व. सिंह के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों और समाज सेवा को याद किया गया।

# समारोहपूर्वक मनाया संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ अंबेडकर का 135वां जन्मोत्सव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** भारतीय जनता पार्टी जिला समस्तीपुर द्वारा पूरे जिले में बूथ स्तर पर भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 135वां जन्मदिन समारोह पूर्वक मनाया गया। इस क्रम में भाजपा समस्तीपुर उत्तरी के जिलाध्यक्ष नीलम सहनी के अध्यक्षता व दक्षिणी जिलाध्यक्ष शशिधर झा के संचालन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के दौरान सबसे पहले जयंती की पुर्व संध्या पर रविवार को भाजपाइयों ने अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर दीप जला कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पुनः सोमवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व श्रद्धासुमन अर्पित कर सादर नमन किया। साथ ही उनके द्वारा बनाए गए संविधान के मुल प्रारुप को श्रद्धा के साथ पढ़ा और उनके बताए रास्ते पर चलकर समाज और राष्ट्र के लिए अपना योगदान देनें का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाजपा नेता सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार सिंह, राकेश राज, प्रदीप शाह शिवे, सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल रहे।



# ब्लैकमेल कर छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** गोह थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती से छेड़छाड़ और ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पीड़िता ने गोह थाना में दिए आवेदन में बताया कि वह गांव के ही गणेश कुमार के पास कोचिंग पढ़ने जाती थी। इसी दौरान एक बार उसने आरोपी के साथ एक सेल्फी ली थी। उसी फोटो का सहारा लेकर युवक ने उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोप है कि वह बार-बार फोटो दिखाकर अशोभनीय हरकतें करता था और विरोध करने पर फोटो वायरल करने की धमकी देता था। इससे परेशान होकर युवती ने रविवार को गोह थाना में लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी गणेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया और सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले को लेकर गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट ने किया सिंघिया खुर्द में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** संविधान निर्माता और भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के सिंघिया खुर्द गांव में श्री रामचंद्र सेवा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम बाबा साहेब को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। ट्रस्ट के संस्थापक और समस्तीपुर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित शिविर में डॉ. कुमार देवाशीष एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुषमा शिखा समेत मेडिकल टीम ने ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर जरूरी चिकित्सकीय परामर्श, दिए तथा निःशुल्क दवाइयाँ वितरण की गई। इस अवसर पर डॉ. सिंह ने कहा कि, बाबा साहेब ने हमें जो संविधान दिया, उसमें हर नागरिक को समान अधिकार प्राप्त है। स्वास्थ्य का अधिकार, गरिमायुक्त जीवन के अधिकार में निहित है, और इसे गांव-गांव तक पहुंचाना ही बाबा साहेब के सपनों को साकार करना है। इस दौरान उन्होंनेघोषणा किया कि शिविर में आए मरीजों का आगे का इलाज अपना निजी अस्पताल श्री रामचंद्र सेवा सदन, आदर्शनगर, समस्तीपुर में पूर्णतः निःशुल्क करेंगे। डॉ. सिंह ने कहा कि उनके लिए डॉक्टर होने का अर्थ केवल दवा देना नहीं, बल्कि जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना भी है। सेवा ही सच्चा धर्म है, और अगर उनकी सेवा किसी की पीड़ा कम कर सके, तो वही उनके जीवन का सबसे बड़ा पुरस्कार होगा। इस मौके पर कौशल सिंह, अमित कुमार बब्लू, गुलशन कुमार, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार, सुरेश राय, जिला परिषद सदस्य सत्यप्रकाश सिंह कुशवाहा, प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ठाकुर, अमरेंद्र कुमार, शत्रुघ्न पासवान, दिलीप कुशवाहा, दुर्गानंद झा, लक्ष्मण सिंह, विश्वजीत सिंह, महेश्वर साह, सत्यनारायण राय समेत सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।




# औरंगाबाद में स्थाई लोक अदालत के सदस्य बने हृषिकेश और आयुष बागरिया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने आम जनता की दैनिक जन उपयोगी समस्याओं के त्वरित निपटारे के लिए स्थाई लोक अदालतों का पुनर्गठन किया है। इसके तहत औरंगाबाद जिले में अशोक राज को स्थाई लोक अदालत का अध्यक्ष, जबकि हृषिकेश और आयुष बागरिया को सदस्य नियुक्त किया गया है। बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 2002 की धारा 22 के तहत वर्ष 2002 में जन उपयोगी समस्याओं के समाधान के लिए स्थाई लोक अदालतों की स्थापना की थी। कुछ समय के लिए यह व्यवस्था बंद रही, लेकिन अब राज्य के 33 जिलों में इन अदालतों का पुनर्गठन करते हुए नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रत्येक जिले में एक अध्यक्ष और दो सदस्यों की नियुक्ति की गई है, जो जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे। यह कदम आम लोगों को सुलभ और त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

# अंबेडकर जयंती को लेकर निकली शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** सोमवार को पकरीबरावां प्रखण्ड में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पूरे उल्लास एवं धूमधाम से मनायी गयी। शोभायात्रा पकरीबरावां बाजार होते प्रखण्ड कार्यालय पहुंचीं। प्रखण्ड कार्यालय परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर एसडीपीओ महेश चौधरी, एसआई कन्हैया कुमार, सुभाष कुमार, अध्यक्ष आसो पासवान, लवली टेलर, समाजसेवी विश्वनाथ यादव, सोनू कुमार, दलित नेता अधिवक्ता केके चौधरी, उदय दिनकर, सुरेंद्र पासवान, शिवालक पासवान, भरत पासवान, सुनील रविदास आदि ने माल्यार्पण किया।

# शिद्दत से याद किए गये भारत रत्न बाबा साहेब अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** सोमवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। अनुमंडल परिसर समस्तीपुर स्थित डॉ अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष भुपनेस्वर राम की अध्यक्षता में सम्पन्न इस समारोह में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तदुपरांत अध्यक्षीय संबोधन में श्री राम ने कहा कि मनुष्य पहलं स्वयं से संघर्ष कर शिक्षा प्राप्त करें, ज्ञान हासिल करे। फिर संगठित होकर संघर्ष करें, तभी समाज का विकास संभव है। इसके पुर्व उद्घाटनकर्ता जिला प्रभारी पदाधिकारी समस्तीपुर विनय तिवारी, मुख्य अतिथि महापौर नगर निगम समस्तीपुर अनिता राम आदि ने परंपरानुसार समारोह का उद्घाटन किया। श्रीराम ने अपने संबोधन में कहा कि समाजिक, आर्थिक, और शैक्षणिक उन्नति से ही हमारा विकास संभव है। इसीलिए बाबा साहेब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित हो, और संघर्ष करो। इस अवसर पर आरक्षी अधीक्षक समस्तीपुर अशोक मिश्रा ने बाबा साहेब की एक अन्य उक्ति को उद्धृत करते हुए कहा कि शिक्षा वो शेरनी का दुध है, जो जितना पियेगा वो उतना दहाड़ेगा कह कर बाबा साहेब ने शिक्षा के महत्व और इसके फायदे को स्पष्ट कर दिया था। मौके पर सिविल सर्जन समस्तीपुर सदर संजय कुमार चौधरी, अनुमंडल पदाधिकारी समस्तीपुर सदर दिलीप कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष खुशबू कुमारी, नगर प्रबंधक रघुनाथ पासवान, सशक्त स्थायी समिति सदस्य धिरज कुमार शर्मा, गौतम कुमार, रंजित कुमार दास, नरेश रजक, जवाहर लाल राम, विरेन्द्र रजक, राजेश्वर राम, अरविन्द्र कुमार राम, कैलाश रजक, दिलिप राम, धर्मेन्द्र पासवान, आनन्दी राय, विद्या भूषण प्रसाद, संजय कुमार पासवान, शिवपूजन ठाकुर, सुशील कुमार जादव, धमेन्द्र मेहता, अच्छेलाला साह, विशेश्वर बैठा, योगेन्द्र बैठा, बनारसी ठाकुर, दिलीप कुमार, रामाश्रय राय, राम नारायण राम, एखलाकुर रहमान सिददीकी, उमेश राय, संजीत राम, मीना देवी, आदि मौजूद थे।



# भाकपा माले ने संविधान रक्षा का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूसा।** भाकपा (माले) प्रखंड कमिटी के बैनर तले हरपुर पंचायत में भी बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड सचिव अमित कुमार ने की। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने डॉ अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि दी तथा संविधान की रक्षा एवं बाबा साहेब के सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। मौके पर महेश कुमार, प्रखंड कमेटी सदस्य जितेंद्र कुमार राय, आदि उपस्थित थे।

# जयंती पर याद किये गये बाबा साहेब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पूसा।** स्थानीय चकले वैनी गांव के वार्ड 13 में बाबा साहब भीम राव अंबेडकर जयंती मनाई गई। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी पूसा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष मधु कुमारी ने किया। इस अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मंडल अध्यक्ष ने उनके जीवन का एक-एक पल अनुकरणीय एवं प्रेरक है। हमें उनकी बातों व उनके सिद्धांतों से सीख लेनी चाहिए। वहीं पुर्व मंडल अध्यक्ष अशोक पासवान ने कहा कि हम शिक्षित होंगे, संगठित होंगे यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी और तभी बाबा साहेब का सपना साकार होगा। इस दौरान मैट्रिक एवं इंटर के घोषित वार्षिक परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों अभिषेक, मुस्कान, बबीता, राजनंदनी, सुमन, चंदा, नीलू, ज्योति, हर्ष, कृष्णा, आयुष, योगेश, को समाजसेवी शशि रंजन मिश्रा ने पाठ्य सामग्री प्रदान कर प्रोत्साहित किया, उन्हें शुभकामना सहित बधाई देते हुए कहा कि छात्रों को ध्यान केंद्रित कर अध्ययन करना चाहिए। मौके पर सूरज कुमार चैधरी, राजकिशोर पासवान, सूर्य कुमार पासवान, प्रमोद कुमार पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।



# धूमधाम से मनी बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा फुले की जयंती

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज।** प्रखंड के फदरपुरा गांव स्थित कुशवाहा मेमोरियल ट्रस्ट परिसर में रविवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर और महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर ट्रस्ट का स्थापना दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव हरिद्वार प्रसाद कुशवाहा ने की, जबकि संचालन सोनू कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर और महात्मा फुले के संघर्ष और योगदान का ही परिणाम है कि आज समाज के अंतिम तबके के लोगों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबा साहब के सपनों को साकार करने के लिए कई योजनाएं चला रहे हैं, जिससे राज्य के सुदूर क्षेत्रों का भी विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि रफीगंज में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, बाईपास निर्माण, पुल-पुलियों और सड़कों का निर्माण इसी दिशा में उठाए गए ठोस कदम हैं।

# लोजपा (रा) ने दी बाबा साहेब को श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), जिलाध्यक्ष अनुपम कुमार सिंह की अध्यक्षता में 14 अप्रेल को जिला कार्यालय शम्भूपटी में भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर उपस्थित जिला प्रभारी प्रभाकर ठाकुर सहित सभी लोजपा रा कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प माला अर्पित कर उन्हें याद किया। जिसमें जिला प्रधान महासचिव राजकिशोर हजारी, एससी/एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष जवाहर पासवान, जिला महासचिव प्रदीप सिंह, ब्रजदेव झा, डॉ अरुण पासवान, राजकुमार पाल, रामेश्वर प्रसाद सिंह कुशवाहा, रीना सहनी, जिला उपाध्यक्ष मनोज सिंह, जिला संगठन सचिव मुकेश कुमार, प्रदेश सचिव संतोष पासवान, आईटी सेल जिलाध्यक्ष श्याम पासवान, खेल प्रकोष्ठ पप्पू कुमार, युवा जिलाध्यक्ष राकेश साहू, धीरेंद्र कुमार, मुकेश सिंह, जिला सचिव विकास कुमार, पवन पासवान, रामचन्द्र पासवान आदि मौजूद थे।



CMYK

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ तंजीम-ए-इंसाफ का प्रदर्शन

## हजारों लोगों की रही सहभागिता, सरकार से कानून वापस लेने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ सोमवार को ऑल इंडिया तंजीम-ए-इंसाफ के बैनर तले जीडी कॉलेज से एक विशाल जुलूस निकाला गया। इस शांतिपूर्ण लेकिन प्रभावशाली प्रदर्शन में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया और संविधान के अनुच्छेद 14 और 26 के उल्लंघन के खिलाफ आवाज बुलंद की। प्रदर्शनकारियों ने 'वक्फ बिल वापस लो', 'एक समुदाय को टारगेट करना बंद करो' और 'समाज को बांटना बंद करो' जैसे नारे लगाते हुए तिरंगा झंडा, पोस्टर और बैनर के साथ जीडी कॉलेज से लेकर पटेल चौक, मेन मार्केट, शहीद चौक, नगर पालिका चौक होते हुए कैंटीन चौक तक जुलूस निकाला। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व तंजीम-ए-इंसाफ के जिलाध्यक्ष एवं एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा, जिला सचिव नूर आलम खान, ताइक्वांडो के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शादाब खुर्शीद एवं शारिक अंजुम ने किया। सभा को संबोधित करते हुए तंजीम-ए-इंसाफ के राज्य सचिव इरफान अहमद फातमी ने कहा कि वक्फ संशोधन कानून संविधान विरोधी है। तीन तलाक, हिजाब, सीएए-एनआरसी के बाद यह एक और हमला है, जो अल्पसंख्यक मुसलमानों को निशाना बनाने की कोशिश है। सरकार को यह कानून तुरंत वापस लेना चाहिए। इस अवसर पर अमीन हमजा और नूर आलम खान ने संयुक्त रूप से कहा कि जब से केंद्र में मोदी सरकार आई है, तब से दलितों के आरक्षण, अग्निपथ योजना और नई शिक्षा नीति के जरिए लोकतांत्रिक संस्थाओं और नागरिक अधिकारों पर प्रहार किया गया है। वक्फ संशोधन कानून उसी कड़ी का हिस्सा है, जो अनुच्छेद 14 और 26 का खुला उल्लंघन करता है। सभा की अध्यक्षता अमीन हमजा ने की, जिसमें पोखरिया वार्ड पार्षद शगुफ्ता ताजवर, एआईएसएफ जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार, सत्यम भारद्वाज, कैसर रेहान, एआईवाईएफ राज्य अध्यक्ष शंभु देवा, मुफ्ती सुल्तान कास्मी, मुफ्ती जकीउल्ला रहमानी, मोहम्मद जहांगीर, पूर्व उप चेयरमैन जावेद समेत कई अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं और नेताओं ने भी संबोधित किया। इस दौरान शाहरुख इकबाल, आलमीन, जावेद खान, मोहम्मद राशिद, आकिब, सरताज, फिरदौस, डॉ. पप्पू, मोहम्मद सरफराज, इंतखाब, मिंटू, मोहम्मद कामरान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# सोई अवस्था में वृद्ध को गोली मारकर किया घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के साहेबपुर कमाल वार्ड-2 में अपराधियो ने सोए अवस्था में गोली मारकर घायल कर दिया।
गोली लगने से घायल बुजुर्ग व्यक्ति को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज चल रहा है। घायल बुजुर्ग व्यक्ति की पहचान साहेबपुर कमाल वार्ड-2 के रहने वाले 60 वर्षीय वृद्ध कृष्णदेव साह के रूप में की गई है। इस घटना के संबंध में घायल कृष्णदेव साह ने बताया है कि वह अपने घर के बरामदा पर सोया हुआ था तभी अज्ञात अपराधी आया और गोली मारकर फरार हो गया है। गोली की आवाज सुनकर परिवार दौड़ते हुए बरामदा पर आए। देखा कि गोली लगी है। जिसके बाद घायल अवस्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। बता दें कि कृष्णदेव साह को गोली लगने से शरीर से काफी मात्रा में खून निकल रहा था। आनन-फानन में परिजनों ने घायल अवस्था में कृष्ण देव साह इलाज के लिए बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज चल रहा है। फिलहाल इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कृष्णदेव साह को किस वजह से अपराधी ने गोली मारी है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# अभाविप ने मनाई बाबा साहब की जयंती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बखरी।** सोमवार को बखरी में बाबा साहब अंबेडकर की जयंती मनाई गई। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बखरी इकाई ने बाबासाहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर संस्थापक व पूर्व अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत रत्न डा. अंबेडकर भारतीय संविधान के शिल्पकार थे। उन्होंने हमेशा समानता, स्वतंत्रता तथा बंधुत्व की वकालत की। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद ने 14 अप्रैल 1990 को बखरी में अंबेडकर चौक की स्थापना कर उनके विचारों को मूर्तरूप देने का कार्य किया था। आज यह चौक बखरी का गौरव है। यहां विद्यार्थी परिषद सालों भर रचनात्मक कार्यक्रम चलाती है। जिसमें समाज के सभी वर्गों की सहभागिता भी रहती है। परंतु यहां कुछ लोग उनके नाम पर समाज को बांटने की कोशिश कर रहे हैं। विद्यार्थी परिषद ऐसी संकुचित मानसिकता के लोगों की तीव्र निंदा करती है। प्रदेश कार्यकारणी सदस्य मनीष कुमार पूर्व नगर मंत्री अनुभव आनंद ने कहा कि बाबा साहब अंबेडकर ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के कार्य किए है। इसलिए हमें उनके आदर्श अपना कर देश की एकता और अखंडता के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर करने का संकल्प ले। इससे पूर्व अनुमंडल प्रशासन की ओर से अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरभ, एसडीपीओ कुंदन कुमार, थानाध्यक्ष फैसल अहमद द्वारा अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।मौके पर नगर मंत्री रविंद्र कुमार, उपाध्यक्ष आलोक कुमार, चंदन कुमार, पूर्व नगरमंत्री प्रिंस सिंह परमार, जयशंकर जायसवाल, समीर श्रवण,सहमंत्री रामू कुमार, ललित पासवान, आदित्य कुमार, दिलखुश कुमार, सौरभ कुमार, रोहित केसरी, विकास मेहता, गौतम राठौड़ अभिषेक कुमार, केशव सिन्हा, मोहित, मुकेश, मनीष सहित दर्जनों की संख्या में अभाविप कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर पूर्व मुखिया शिवनारायण राम, भिखारी दास, बिपिन राम सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जयंती पर डॉ. अंबेडकर के विचारों पर हुई चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**भागलपुर।** अम्बेडकर जयंती के अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की भागलपुर इकाई द्वारा आज डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, भागलपुर में एक विशेष परिचर्चा सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व, कृतित्व और समाज के प्रति उनके योगदान पर विस्तार से चर्चा की गई।
कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य दिवाकर दास और केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार द्वारा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानाचार्य दिवाकर दास ने छात्रों से बाबा साहब के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया और उनके सामाजिक न्याय में योगदान को रेखांकित किया। शिक्षक रंजीत कुमार ने अंबेडकर के विचारों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया, जबकि शिक्षक कृष्ण कुमार यादव और शैलेंद्र कुमार ने उनकी जीवनी, शिक्षाओं और समानता के लिए उनके संघर्ष पर प्रकाश डाला। शिक्षिका साधना यादव ने महिलाओं को अधिकार दिलाने में डॉ. अंबेडकर की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में सागर कुमार, धर्मवीर, दिलीप मांझी, शुभम कुमार, जितेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, प्रेम रतन, वीर कुमार, अभिनंदन कुमार और रिक्की राज रोशन जैसे छात्र विजेता बने, जिन्हें सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया गया।
कार्यक्रम का संचालन वरीय शिक्षक सनम सिंह ने किया। इस कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभात कुमार का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण कृष्ण कुमार, रोहित कुमार, शैलेंद्र कुमार, अमन सिन्हा, संतोष कुमार जनक, सोनी कुमारी, सुरुवली सोरेन, अर्पिता कुमारी, नीलिमा मरांडी, प्रभात सुमन, राकेश कुमार और अनुपम कृष्ण उपाध्याय भी उपस्थित थे।

# अंबेदकर जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के रजौरा बाजार में डा. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर नागरिक संवाद समिति एवं ज्ञान विज्ञान समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने केंद्र की मौजूदा सरकार पर तीखा हमला बोला। डा. आंबेडकर की विरासत व संविधान और लोकतंत्र पर बढ़ता हमला विषय पर आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता संतोष महतो ने की। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण और श्रद्धांजलि एवं बाल कला जत्था नोनपुर की टीम की सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुई। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वायुसेना के सेवानिवृत्त विंग कमांडर रंजीत कुमार ने कहा कि आज संविधान की मूल भावना को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं। उन्होंने कहा, संविधान को बचाना अब मात्र सरकार का नहीं, हर नागरिक का कर्तव्य बन चुका है। अगर हम आज चुप रहे, तो कल लोकतंत्र केवल किताबों में मिलेगा। चंद्रदेव वर्मा ने डा. आंबेडकर के सामाजिक न्याय, समानता और बंधुता के विचारों को रेखांकित करते हुए कहा कि आज देश में जाति, धर्म और भाषा के नाम पर लोगों को बांटने की साजिशें हो रही हैं। रूकमणि कुमारी ने महिलाओं, दलितों और हाशिए पर मौजूद समुदायों के प्रति डा. आंबेडकर की प्रतिबद्धता को याद करते हुए कहा कि जब तक आम नागरिक अपने अधिकारों को नहीं समझेगा और सरकार से जवाब नहीं मांगेगा, तब तक लोकतंत्र मजबूत नहीं हो सकता।

# एनटीपीसी में अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** एनटीपीसी बरौनी में तैनात केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की अग्निशमन शाखा द्वारा सोमवार को अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने अपने कर्तव्य पालन के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियों के बलिदान को याद करते हुए एवं अग्नि सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला साथ ही अग्नि सुरक्षा में केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महत्व पर भी प्रकाश डाला। उप कमांडेन्ट आकाश सक्सेना ने सभी उपस्थितों को अग्नि सुरक्षा से सम्बंधित शपथ दिलायी। शहीद अग्निशमन कर्मियों के सम्मान में 2 मिनट का मौन भी रखा गया। विभिन्न हित कारकों को जागरूकता व शमन उपायों के बारे में भी जानकारी देने के लिए सूचना पुस्तिका का भी वितरण भी किया गया। उल्लेखनीय है कि अग्निशमन सेवा सप्ताह का समापन 20 अप्रैल को होगा और सप्ताह अंतर्गत प्लांट परिसर, टाउनशिप वह समीपवर्ती क्षेत्रों में जागरूकता और प्रचार प्रसार के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। साथ ही ग्रामीणों और स्कूली बच्चों के लिए शमन उपायों का भी प्रदर्शन किया जायेगा। कार्यक्रमों का लक्ष्य यह प्रचारित करना है कि सतर्कता और जन जागरुकता से अग्नि दुर्घटनाओं का आसानी से रोकथाम और निपटान संभव है। कार्यक्रम का समापन सहायक कमांडेंट भास्कर दास द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अनिल कुमार त्रिपाठी, एनटीपीसी के अधिकारीगण, निरीक्षक कुलदीप कुमार, आर के सिंह, सहायक निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार, सी के मिश्रा एवं अग्निशमन शाखा के बल के पदाधिकारी व् सदस्य उपस्थित रहे।

# बाबा साहब की जयंती पर निकली शोभा यात्रा

## समाज को बेहतर बनाने का लिया गया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




मसौढ़ी। संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती पर मसौढ़ी के दाउदपुर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य पार्षद पिंकी देवी ने बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने और सामाजिक उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।
कार्यक्रम के तहत अंबेडकर विकास मंच के बैनर तले कर्पूरी चौक से अनुमंडल कार्यालय तक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। नगर परिषद मसौढ़ी के स्थायी सशक्त समिति के सदस्य ई. शंभू कुमार सिंह ने भी बाबा साहब के विचारों को अपनाने का संकल्प लिया। अनुमंडल कार्यालय स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए एसडीएम अमित कुमार पटेल ने कहा कि बाबा साहब ने समाज के वंचित, शोषित, दलित एवं पिछड़े वर्गों को जो अधिकार दिलाए, वे आज भी संविधान में जीवित हैं। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र रंगकर्मी ने बाबा साहब की जीवनी को युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया और कहा कि आज के समय में उनके विचार और अधिक प्रासंगिक हो गए हैं।
इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष आशीष देव, अरफराज साहिल, गुलाब प्रसाद, राकेश कुमार, सुजीत कुमार, सागर कुमार, जयकिशोर, राजकुमार, रामपुकार पासवान, द्वारीक दास समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# बिजली संकट की वजह से पेयजल की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड के नीमड़ा पंचायत स्थित पंडितगंज गांव के वार्ड संख्या-10 के ग्रामीण इन दिनों पानी की भारी किल्लत से जूझ रहे हैं। नल-जल योजना पूरी तरह ठप पड़ी है और सैकड़ों परिवार एकमात्र सरकारी चापाकल पर निर्भर हैं। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, एक सप्ताह पूर्व आई तेज आंधी-पानी में बिजली का पोल और तार गिर गया था, जिसे अब तक दुरुस्त नहीं किया गया है। लगातार बिजली न रहने के कारण पानी आपूर्ति बाधित है। उप मुखिया मंजू देवी, शिव कुमार, बबलू दास, राजकिशोर प्रसाद, केशव प्रसाद समेत कई लोगों ने बिजली विभाग की लापरवाही पर नाराज़गी जताई है। बिजली एसडीओ राजेश कुमार ने जानकारी दी कि जल्द ही गिरे हुए पोल और तारों की मरम्मत कर बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

# खजूर की डालियों से प्रभु यीशु का स्वागत, निकाली गई शोभा यात्रा

**मसौढ़ी।** संत मेरिस स्कूल स्थित गिरजाघर चर्च में रविवार को कैथोलिक समुदाय द्वारा खजूर पर्व श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने खजूर की डालियां लेकर शोभा यात्रा निकाली। इस यात्रा में चर्च के पुरोहित साबु डेविस, फादर पैकियम भाष्कर, सिस्टर मंटिल्डा, सिस्टर प्रेरणा, सिस्टर आशा, सिस्टर पिंकी सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभा यात्रा के दौरान प्रभु यीशु के जयकारों और भजनों की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया। विशेष प्रार्थना सभा के दौरान पुरोहितों ने खजूर की डालियों का आशीर्वाद जल से शुद्धिकरण कर मिस्सा बलिदान अर्पित किया। फादर ने मसीही विश्वासियों को उपदेश देते हुए क्षमा और दया की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

# अंबेडकर जयंती पर मैट्रिक व इंटर के छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** धनरूआ प्रखंड स्थित सांडा पंचायत सरकार भवन में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर इंटर और मैट्रिक के सफल छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह की शुरुआत बाबा साहब को श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई।
पंचायत की मुखिया सविता कुमारी ने बताया कि इस दौरान कुल 33 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें मैट्रिक के सफत परवीन, साहिल कुमार, प्रिंस, नंदनी आदि और इंटर से अंकित, प्रियंका, मनीष, चांदनी शामिल रहे। मुखिया ने घोषणा किया कि वर्ष 2026 में पंचायत के टॉप छात्र-छात्राओं को लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। इस मौके पर आयोजनकर्ता सुनील चौधरी उर्फ डब्लू, सरपंच रविरंजन, राकेश सर, अनिल सर, शहंशह आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# मूकबधिर के साथ मारपीट

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** परिहारा थाना क्षेत्र के मूक-बधिर बच्चे के साथ बेरहमी से मार-पीट कर घायल कर दिया और गांव से दूर अकेले छोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक मलकुआ गांव निवासी शिवचन्द्र महतो का लगभग 12 वर्षीय मूक बधिर बच्चे सूरज महतो के साथ अज्ञात अपराधियों ने बुरी तरह मारपीट कर किया। बच्चे को बेरहमी से पीटने के बाद घायल कर गांव से बाहर बखरी खगड़िया मुख्य पथ के डरहा पुल स्थित अकेले छोड़ दिया। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने तथा परिजनों में आक्रोश है वही परिजन द्वारा परिहारा थाना को आवेदन दिया गया है। स्थानीय ग्रामीण चंदा कर बच्चे का इलाज करवा रहे।

# पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के विभिन्न कांड में फरारी चार वांछित नामजद के घर पुलिस पदाधिकारियों ने इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि आर्म्स एक्ट के नामजद वांछित हसनपुर बागर पंचायत के शेखपुरा के खलटू पासवान के पुत्र अमरजीत कुमार, समसा के रायबहादुर पासवान के पुत्र रंजीत पासवान, बमबम महतो के पुत्र भुल्ला महतो, भोला महतोक्षकांड अंकित के बाद पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहा है। इनके विरोध न्यायालय ने इश्तेहार नोटिस जारी किया है। पुलिस पदाधिकारी ने गाजे, बाजे, माइकिंग के द्वारा आम लोगों को भी इसकी जानकारी दी गई। इन्हें न्यायालय में हाजिर होने का एक पखवाड़ा का समय दिया गया। इस अवधि में हाजिर नहीं होने पर कुर्की, जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में एस आई मनोज प्रसाद सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# दो वारंटी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गाँव से दो वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी महेशवाड़ा के जुलमा यादव उर्फ राम जुलुम यादवतथा हसनपुर बागर के चंदन राम है। दोनों वारंटी पर नावकोठी थाना में मारपीट का मामला के तहत कांड अंकित था तथा दोनों प्राथमिकी नामजद था। लंबी अवधि से न्यायालय में उपस्थित नहीं होने से एनबीडब्लू वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई अनिल कुमार सिंह तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# देसी चुलाई शराब बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के समसा गांव के विश्वकर्मा चौक से पश्चिम एक बांस बाड़ी के पास से नावकोठी पुलिस ने 10 लीटर देसी चुलाई शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि सूचना मिली कि समसा विश्वकर्मा चौक से पश्चिम बांसबाड़ी में कारोबारी देसी चुलाई निर्माण कर रहा है। सूचना के सत्यापन हेतु एस आई मनोज प्रसाद पहुंचकर शराब तैयार करने हेतु कच्चामाल बरामद किया। इससे लगभग 50 लीटर देसी चुलाई शराब निर्माण किया जा सकता था। इसे विनष्ट किया गया।

# कांग्रेस ने मनाई अंबेडकर जयंती

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला कांग्रेस कमिटी के निर्देश पर सोमवार को प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में बाबा साहव की जयंती मनाई गई। बलिया प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राकेश सिंह के अध्यक्षता में संबिधान निर्माता बाबा साहव भीम राव अम्बेडकर की 134वीं जयंती भीम शक्ति संबाद के रूप मे मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा की इस देश को संविधान कुर्बानी से मिली है। इसलिए जो कोई भी संविधान को समाप्त करने का कोशिश करेगा। जो भी संविधान से छेड़छाड़ करेगा उसे छोड़ेगे नहीं। अंतिम सास तक हमसब कांग्रेस कार्यक2र्ता राहुल गांधीजी खरगेजी, राजेश राम, सार्जन सिंह के नेतृत्व मे संबिधान की रक्षा करेंगे। मोदी सरकार जितना भी ले लेकिन हम कांग्रेस कार्यकर्ता संविधान को छूने नहीं देंगे। आंदोलन करेंगे जनता को जागरूक करेंगे। संबिधान विरोधी मोदी सरकार को उखाड़ फेकेंगे। इस भीम शक्ति संवाद मे नगर कांग्रेस अध्यक्ष मो तारिक, नवीन सिन्हा, मंडल कांग्रेस अध्यक्ष प्रेम कुमार मिश्रा, मो छोटू, मिथलेश सिंह, गंगा महतो, मंजू देवी, डा बकील अहमद, चुनचुन यादव, इशामूल हक, ललन सिंह, दीपक कुमार, अनिल चौधरी, सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्त्ताओ ने भाग लिया।

# हाइवा ट्रक की टक्कर से बच्ची की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया फोरलेन पर लाला बीघा मोड़ के पास सोमवार की सुबह एक अनियंत्रित हाईवा ट्रक ने मारुति कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में आठ वर्षीय बच्ची अंशिका कुमारी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद निवासी अमित कुमार अपने मामा की बेटी अंशिका, भांजे बिकांत और बहन कंचन कुमारी के साथ शादी की खरीदारी के बाद पटना से गया लौट रहे थे। कार लाला बीघा मोड़ के पास पहुंची ही थी कि विपरीत दिशा से आ रही हाईवा ने उसे टक्कर मार दी। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# आर्यभट्ट की जयंती पर कार्यक्रम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भारतीय खगोलशास्त्र और गणित के महान वैज्ञानिक आर्यभट्ट की जयंती पर सोमवार को मसौढ़ी में आर्यमट्ट चेतना मंच के तत्वावधान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों की उपस्थिति रही। मंच के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. सुनील गवास्कर ने कहा कि गणित केवल संख्याओं का खेल नहीं, बल्कि सोचने की एक विधि है, जो तर्कशक्ति और समस्या समाधान कौशल को विकसित करता है। वहीं, राष्ट्रीय महासचिव मुन्ना पासवान ने आर्यभट्ट को गणना और ब्रह्मांड के रहस्यों को जोड़ने वाला वैज्ञानिक बताया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संकल्प लिया गया कि मसौढ़ी की ऐतिहासिक पहचान को फिर से जीवंत किया जाएगा। कार्यक्रम में अभय कुमार सिन्हा, लव कुमार सिंह, सुनीता देवी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### हर टोला-हर परिवार के लिए मझौलिया में विशेष शिविर

**जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का शुभारंभ**

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बैठनिया भानाचक पंचायत स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में बिहार महादलित विकास मिशन के तहत विशेष शिविर लगाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय, मुखिया गीता देवी और प्रखंड विकास पदाधिकारी वरुण केतन ने दीप जलाकर की। डीएम दिनेश कुमार राय ने तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किए।डीएम ने बताया कि हर टोला, हर परिवार, हर सेवा के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। शिविर में राजस्व विभाग, मनरेगा, राशन, स्वास्थ्य सहित 18 विभागों के स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। 200 से अधिक मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया गया। शिविर में अंचलाधिकारी राजीव रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी जयप्रकाश मौर्य, प्रखंड कृषि पदाधिकारी हाफिजुर रहमान और अब्दुलैश अनवर मौजूद रहे।



### नामांकन को लेकर अधिकारियों से मिली छात्राएं

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के बेलबनिया गांव की करीब आधा दर्जन छात्राओं ने सोमवार को प्रखंड परिसर में बीडीओ व सीओ से मिलकर दूसरे विद्यालय में नामांकन के लिए अनुमति दिलाने की गुहार लगाई। छत्राओ में शामिल तमन्ना खातून, सुंदरम कुमारी,साहिना प्रवीण, भूमि कुमारी, ललिता कुमारी, नाजिया खातून, गुलसबा आदि ने बताया कि वे सभी राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेलबनिया से आठवीं कक्षा उत्तीर्ण की हैं। अब सभी को नौवीं में नामांकन कराना है। लेकिन उनके पंचायत में जो प्लस टू उच्च विद्यालय है वो गांव से काफी दूर है। जबकि गांव से नजदीक हीं गोखुला पंचायत के मथुरा में रामचंद्र लालजी प्लस टू उच्च विद्यालय है। जहां सभी नामांकन करवाना चाहती हैं। छात्राओं की मांग पर बीडीओ ने आवेदन लिया और सकारात्मक आश्वासन देकर वापस भेज दिया। बीडीओ सूरज कुमार सिंह ने बताया कि सभी का आवेदन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भेजा जा रहा है। ताकि उनका नामांकन नजदीकी विद्यालय में हो सके।

### पॉस्को एक्ट में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने छापेमारी कर पॉस्को एक्ट मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान चेगौना गाव निवासी सद्दाम आलम के रूप में की गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार ने बताया की गिरफ्तार सद्दाम पॉस्को एक्ट का आरोपी है। जिसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### एडीजी सीआइडी ने लिया निर्माण कार्य का जायजा

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एडीजी सीआईडी पारसनाथ रविवार की देर शाम बगहा पहुंचे। बगहा के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दी। एडीजी पारसनाथ ने सर्वप्रथम पुलिसिया व्यवस्था की जानकारी लेते हुए कांडो का ससमय से निष्पादन करने का निर्देश दिया। वही लंबित कांडो का त्वरित निष्पादन को लेकर अनुसंधान में तेजी लाने का निर्देश दिया।इसके बाद एडीजी ने पुलिस केंद्र बगहा में नवनिर्माणधीन पुलिस केंद्र भवन का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य करा रहे निर्माण एजेंसी को मानक के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य करने का निर्देश दिया और स्पष्ट शब्दों में कहा कि कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता बरतने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद एडीजी ने देर शाम में वाल्मीकिनगर थानामें नवनिर्माणधीन स्वाभिमान बटालियन केन्द्र का जायजा लिया और वस्तुस्थिति से अवगत हुए। इस दौरान एडीजी ने निर्माण एजेंसी के संवेदक को प्राक्कलन के अनुसार गुणवतापूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्य समय अवधि के अंदर गुणवतापूर्ण पूरा करने का भी निर्देश दिया। मौके पर बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज, एसडीपीओ कुमार देवेंद्र, रामनगर एसडीपीओ दिव्यांजलि जायसवाल, वाल्मीकि नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ,पुलिस निरीक्षक समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी मौजूद थे।

### सड़क निर्माण में अनिमितता को लेकर विरोध प्रदर्शन

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सोनासती गाव में सड़क निर्माण कार्य मे अनिमितता को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया है। और निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीणों ने संवेदक पर मनमानी का आरोप लगाते हुए उसके कर्मियो से उलझ गए निर्माण कार्य को रोक दिया। ग्रामीण आंनद वर्मा, निर्भय चौबे,रवि वर्मा, आलोक पांडेय, संदीप मिश्र, विश्वजीत चौबे, बिभु पांडेय, मुरलीधर चौबे,नरेश चौबे, जावेद आलम, झुना साह, आनंद ओझा, देशबंधु पांडेय, रिंटू खरवार,बादशाह पांडेय, बेचू पांडेय, कुलदीप मिश्र,तप्पू ओझा, दीपक पांडेय आदि ने बताया कि कटघरवा से राजपुर तक मुख्य सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। उक्त निर्माण कार्य में भारी अनिमितता वरती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है निर्माण कार्य मे जो सामग्री का उपयोग किया जा रहा है वह मानक के अनुसार नही है और जेई भी निर्माण स्थल पर उपस्थित नही रहते है जिसके चलते मनमानी ढंग से निर्माण कराया जा रहा है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य की जांच करते हुए मानक के अनुसार निर्माण कार्य कराने की मांग की है। इधर जेई रामदुलार चौहान ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत मिली है। मामले में जांच कराई गई है जांच में गड़बड़ी भी पाई गई है। जेई ने बताया कि निर्माण एजेंसी के संवेदक को फटकार लगाया गया है। और उसे गड़बड़ी को सुधार कर आगे की निर्माण कार्य को मानक के अनुसार कराने का निर्देश दिया गया है। बता दे कि कटघरवा से राजपुर तक करीब सात किलोमीटर सड़क का निर्माण कार्य पांच करोड़, 96 लाख 36,384 के प्राकलित राशि से की जा रही है। निर्माण कार्य के प्रारम्भ से ही इस सड़क के गुणवत्ता पर सवाल उठ रहा है। इससे पहले राजपुर गाव में भी लोगो ने निर्माण कार्य को लेकर विरोध प्रदर्शन किया था।

### बाबा साहब के बदौलत ही मिला दलित, पिछड़ों को सम्मान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बाबा साहब सामाजिक समानता ,न्याय के पुरजोर समर्थक थे। उन्हीं के प्रयासों के आज समाज में दलित, पिछड़ों को उचित सम्मान मिल रहा है। उनके बताएं रास्ते पर आज देश विकास के राह पर है। उक्त बातें बाल्मीकि नगर के विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकू सिंह ने कहीं। वे सोमवार को बगहा दो प्रखंड में बाबा साहब के 135वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। वही बगहा विधायक राम सिंह के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष अचिंत्य कुमार लल्ला सहित भाजपा कार्यकताओं के द्वारा भी बाबा साहब की जयंती पर उनकी प्रतिमा माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। इसके अलावा विभिन्न सामाजिक संगठन एवं राजनीतिक दलों के द्वारा भी बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। वहीं इस अवसर पर गृह रक्षा वाहिनी के जिला समादेष्टा कुमार वर्मा, एससी-एसटी कर्मचारी के तिरेंद्र राम, जीवेंद्र राम,प्रमोद बैठा आदि के द्वारा बाबा साहेब के प्रतिभा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। दूसरी ओर विभिन्न सामाजिक संगठनों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में भी बाबा साहब के 135 वीं जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके बताए हुए रास्तों पर चलने का आह्वान किया गया।

# संविधान निर्माता को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** देश के संविधान निमार्ता, समाज सुधारक, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर की 134 वी जयंती के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय बेतिया में जिला प्रशासन की ओर से उन्हें श्रंद्धाजलि दी गयी और उन्हें नमन किया गया। मौके पर समाहरणालय परिसर अवस्थित उनके प्रतिमा पर जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय, अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह समेत विभिन्न अधिकारियों ने पहुंचकर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। जिलाधिकारी ने कहा कि आधुनिक भारत के निमार्ता बाबा साहब ने भारत की प्रगति में अमिट योगदान दिया है। उनके योगदान से सभी को प्रेरणा लेते हुए समाज में अपना योगदान देना चाहिए। वहीं नगर के संस्कार किड्स प्ले स्कूल में विद्यालय के निदेशक रियाजुद्दीन अहमद ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर माल्यार्पण किया। मौके पर अमलीका बरनवाल,आफरीन परवीन, सगूफता प्रवीण,प्रियंका कुमारी, नाजरीन आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर जनसुराज पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष एजाज हुसैन के अध्यक्षता में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश महासचिव नंदकिशोर कुशवाहा, प्रदेश युवा उपाध्यक्ष संतोष चौधरी, जिला महासचिव सचिंद्र पाण्डेय, कार्यालय प्रभारी अरविंद मिश्रा, जिला युवा अध्यक्ष राजकिशोर चौधरी, गयासुद्दीन शेख, रविंद्र सिंह बौद्ध, डा.अर्चना बाला, स्मिता चौरसिया, ओम ठाकुर, तौसीफ शाहिद, धर्मेंद्र राम, चितरंजन पटेल, सिंकदर चंद्रा, डा कोदो हवारी, राजन पाण्डेय, मुख्तार ठाकुर तथा अन्य गणमान्य जनसुराजी उपस्थित हुए। भाजपा नेता व चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने भी क्षेत्र के विभिन्न जगहोंपर आयोजित ी जयंती समारोह में भाग लिया। कार्यक्रम में चनपटिया के प्रखंड प्रमुख राजेंद्र बैठा, मनेक्श्वर दुबे, रामप्रवेश सिंह, चंद्रभूषण राय, अमित कुमार गुप्ता, वतन केसरी, अनिल गुप्ता, प्रमोद मिश्रा, रामायण पासवान, अरविंद चौधरी, उज्ज्वल जयसवाल एवं वैभव निशांत समेत कई गणमान्य कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनता की उपस्थिति रही। वहीं भाकपा-माले ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती न्याय मार्च निकालकर समाहरणालय स्थित बाबा साहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया । न्याय मार्च में भाकपा-माले नेता सुनील कुमार राव, संजय यादव, सुरेन्द्र चौधरी, जवाहर प्रसाद, लिखी साह दिनेश गुप्ता, जय लाल दास, सोना कुवर, जितेन्द्र राम, रामा शंकर राम आदि मौजूद रहे।



## डीएम ने की वरीय अधिकारियों के साथ बैठक

**दियारा क्षेत्र के गांवो के समग्र विकास के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के गंडक दियारा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करने के तीसरे दिन हीं जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय ने जिले के वरीय अधिकारियों को तलब करत हुए उनके साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने बैरिया एवं ठकराहां प्रखंड के दुरूह क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए 10 दिनों के अंदर कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। विदित हो कि जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय ने विगत 11 अप्रैल को वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ बैरिया एवं ठकराहां प्रखंड के विभिन्न स्थलों का बाइक से जायजा लिया था। डीएम ने बताया कि निरीक्षण के क्रम में यह ज्ञात हुआ कि सरकार के विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं का



क्रियान्वयन तो किया जा रहा है, परंतु और भी बेहतर तरीके से इन क्षेत्रों में शत-प्रतिशत व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाना शेष है। संबंधित अधिकारी अपनी पूरी टीम के साथ उक्त क्षेत्रों का विजिट करें और वंचित लोगों को सरकार की विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने की दिशा में सार्थक प्रयास करें। ऐसे लोगों की बेहतरी के लिए पूरी संजीदगी के साथ कार्य करें ताकि ये भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ें।

उन्होंने निर्देश दिया कि ठकराहां के श्रीनगर पंचायत में विशेष कैम्प का आयोजन भी किया जायेगा। इसके माध्यम से स्थानीय लोगों को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने ठकराहा बीडीओ को कैम्प के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करा लेने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता राजीव कुमार सिंह, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच, कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, अनिल कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन, डॉ. विजय कुमार, निदेशक, डीआरडीए, अरूण प्रकाश, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, अमरेन्द्र कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, मो. असलम अली, विशेष कार्य पदाधिकारी सुजीत कुमार सहित अन्य जिलास्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस ने बाबा साहब के विचारों को गांवों तक पहुंचाने का किया आह्वान

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कांग्रेस पार्टी ने सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों में भीम शक्ति संवाद का आयोजन किया. जिले के रघुनाथपुर, दारौंदा, बड़हरिया, गोरेयाकोठी, सिसवन, महराजगंज में आयोजित कार्यक्रमों में कांग्रेस नेताओं ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जन को जागरूक किया.



मौके पर मौजूद कार्यक्रम प्रभारी मिथिलेश शर्मा मधुकर ने कहा कि बाबा साहब के विचारों पर हमला देश के संविधान पर हमला है. कांग्रेस पार्टी ने सभी धर्म, सम्प्रदाय एवं समुदाय को साथ चलने का काम करती है. जबकि मौजूदा हुकूमत के गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में अम्बेडकर को अपमानित करने का काम किया है. इन्हें देश के संविधान, गंगा जमुनी तहजीब से चिढ़ है. जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि देश की आजादी के बाद सबसे खूबसूरत उपहार देश का संविधान हमें मिला. मौजूदा केंद्र सरकार में शामिल लोग हम दो हमारे दो के सिद्धांत पर कार्यरत है. दो बेचने वाले तो दो खरीदने वाले हैं. कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि डॉ. के. एहतेशाम अहमद ने कहा कि बाबा साहब के विचारों को गांव-गांव तक फैलाने की जरूरत है. बाबा साहब ने जिस शोषित पीड़ित जनता का हक दिलाने के लिए संघर्ष किया वह आज उन्हें पुनः सचेत होकर कदम बढ़ाने की जरुरत है.मौके पर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजाराम सिंह, कांग्रेस नेता प्रद्युम्न राय, अशोक सिंह, मो. हक, अखिलेश पाण्डेय,खालिद जमशेद, हाफिज जुबैर, शशि कुमार, इरफान अहमद, आशुतोष कुमार, अनंत तिवारी, मंसूर अली, ध्रुव लाल प्रसाद, टी. पी. सिंह, आसिफ अब्बास, अजीत उपाध्याय,अयूब खान,रमेश उपाध्याय, तरुण कुमार, सहित दर्जनों लोग शामिल थे.

## अंबेडकर जयंती पर बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री वितरित

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अभाविप लौरिया द्वारा अंबेडकर जयंती पर प्रियेश गौतम के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के मलाही टोला गांव में पढ़ने वाले बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान विभाग संयोजक सुजीत मिश्रा ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर ने देश में संविधान के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समाज में छुआछूत और जातिवाद, भेदभाव को दूर करने में अथक प्रयास किये। मौके पर सौरव कुमार, प्रियेश गौत्तम, कमलेश साह, राजीव तिवारी, शबनम, अंजलि आकाश इरशाद आलम फिरोज अख्तर अभय कुमार राकेश तिवारी अनमोल चौधरी रौनक प्रियेश शशांक सहित अन्य छात्र छात्राएं व ग्रामीण मौजूद रहे।


## अम्बेडकर के सपनों को नीतीश कुमार ने बिहार में पूरा किया : श्रवण कुमार

**जिरादेई/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिरादेई प्रखण्ड के जमापुर बाजार में देशरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी के जयंती के अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर के मूर्ति का फीता काट कर अनावरण किया गया उसके बाद सभा का आयोजन हुआ इस सभा का संचालन जिरादेई प्रखण्ड के जदयू के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर ने किया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार के विकास कि गाथा कि चर्चा हमको क्या करना है सभी लोग जानते है कि बिहार में विकास जब से नीतीश कुमार सत्ता में आएं तब से ही बिहार का विकास हुआ है साथ ही आगे श्रवण कुमार ने कहा कि आज देश के महान नेता देश को संविधान देने वाला नेता का जयंती है इन महान आत्मा को इस जयंती पर नमन करते हुए अपअपलोग लोगो को बताना चाहता हूं कि जो सपना भीमराव जी देखते थे उस सपना को आज राजनीति में कोई साकार कर रहा है तो वह नीतीश कुमार जी है इसलिए आप सभी लोगों से निवेदन करते है कि आपलोग अगर सच में अंबेडकरवादी विचार धारा को मानते है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करें। आगे सभा का संबोधन सीवान कि सांसद विजयलक्ष्मी कुशवाहा, पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा, बिहार के पूर्व मंत्री विक्रम कुंवर, जदयू के पूर्व जिला अध्यक्ष इंद्रदेव पटेल, डिवाइन के चेयरमैन सुभाष चौहान अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष शिबू शम्स, जदयू नेता लालाबाबू, बीजेपी नेता सरोज सिंह राणा, चंदौली मुखिया महाराजा सिंह जदयू नेता सह मुखिया राजेश सिंह द्वारा सभा का संबोधन किया गया तथा देशरत्न डॉ भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर भी प्रकाश डाला गया।



## विक्टोरिया कांड में शहीद अग्निशमन कर्मियों को दी श्रद्धांजलि

**नरकटियागंज/बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अग्निशमन विभाग द्वारा अग्निशमन सेवा सप्ताह के पहले दिन मुंबई विक्टोरिया कांड में शहीद हुए अग्निशमन कर्मियो को श्रधांजलि दी गई। अग्निशमन पदाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह ने बताया कि अग्निशमन सेवा सप्ताह प्रत्येक वर्ष 14 से 20 अप्रैल तक पूरे भारत में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में विक्टोरिया डॉक में लगी विनाशकारी आग में आग बुझाने के दौरान शहीद हुए अग्निशमन कर्मियो के याद में मनाया जाता है। इसके साथ ही यह सप्ताह अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और आग से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने बताया कि सोमवार को विक्टोरिया कांड में शहीद अग्निशमन कर्मियो को दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इसके पश्चात अनुमंडलीय अस्पताल में मॉक ड्रिल सह जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस पूरे सप्ताह में आग से बचाव के उपाय और आग से होने वाले नुकसान को कम करने के लिए मॉक ड्रिल, अग्नि जागरूकता अभियान, विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों,अग्नि सुरक्षा उपकरण, आग से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। मौके पर अग्निक विकास कुमार, सौरव कुमार,कविता कुमारी,नीतू कुमारी, अग्निक चालक राजू कुमार, सूरज कुमार,अविनाश आनंद आदि उपस्थित थे। बगहा प्रतिनिधि के अनुसार सेवा सप्ताह के प्रथम दिन सोमवार को अग्निशमन कार्यालय बगहा एक में मुंबई में आग बुझाने के दौरान शहिद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर किया गया। इस अवसर पर वरीय जिला समादेष्टा अनिल कुमार वर्मा, डी. के.मिश्रा,उपाधीक्षक डॉ. अशोक कुमार तिवारी,गोपालगंज के पूर्व सांसद पूर्णमासी राम, रमेश रंजन उर्फ शिंटू,विजय कुमार आदि मौजूद थे।



# जनसमस्याओं को लेकर कांग्रेस पार्टी 3 मई को डीएम के समक्ष करेगी प्रदर्शन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला कांग्रेस कमिटी की सोमवार की बैठक में जिले में कांग्रेस पार्टी की मजबूती का संकल्प लिया गया.जिले के आठों विधानसभा में कांग्रेस की मजबूती के लिए रणनीति बनी. वही आगामी 3 मई को जिले की आम जन की समस्याओं को लेकर सीवान डीएम के समक्ष कांग्रेस का रोषपूर्ण होगा. जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने बताया कि कांग्रेस नेताओं के घरों पर कांग्रेस का झंडा लगाने की मुहिम चलाने की योजना पर विचार हुआ.बैठक में मौजूद हर घर झंडा अभियान के जिला प्रभारी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कर एक सुन्दर भारत को बनाने में एक अहम भूमिका अदा की. मौजूदा हुकूमत में बैठे लोगों को झंडे के तीन रंगों से चिढ़ है. वे एक रंग में देश को रंगना चाहते हैं. जबकि कांग्रेस पार्टी का झंडा देश के झंडे के तरह तीन रंगों का है.कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं पार्टी से सहानुभूति रखने वालों के घरों पर झंडा लगाने के पीछे एक बड़ा संदेश है. कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुशील कुमार के हॉस्पिटल रोड स्थित राजेन्द्र प्रसाद यादव स्मारक स्थल पर झंडा पार्टी नेताओं द्वारा लगाया गया. जिलाध्यक्ष सुशील कुमार ने कहा कि सीवान जिले की जनता रोज बरोज विभिन्न कार्यालयों का चक्कर लगा बाबुओं के द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार का शिकार है और रोज अपमानित हो रही है. हर कांग्रेस जन को आम जन की परेशानियों से जुड़ उनका हमदर्द बनना होगा. आगामी 3 मई को जिलाधिकारी के समक्ष होने वाले प्रदर्शन में जिले के हर हिस्से से शामिल होने का आह्वान किया. मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष शिवधारी दुबे, अशोक सिंह, कमलेश सिंह, खालिद जमशेद,इंदु देवी, शशि कुमार, ध्रुव लाल प्रसाद, मो. हक, इरफान अहमद, कमल किशोर ठाकुर, अनंत तिवारी, हाफिज जुबैर, ब्रज किशोर सिंह,मंसूर अली, रमेश उपाध्याय, संतोष पाण्डेय, रिजवान अली, विकास तिवारी सहित दर्जनों लोग शामिल थे.



## शिक्षकों के योगदान से संवरता है देश का भविष्य : अफाक

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विधान पार्षद अफाक अहमद ने कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण है। शिक्षकों के योगदान से छात्रों का भविष्य संवरता है और देश का उत्थान होता है। ऐसे में देश के विकास में अपना योगदान दे रहे शिक्षकों को सम्मान सबों को करना चाहिए। वे रविवार को स्टूडेंट फ्यूचर मेकर और जीएनआईओटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी आफाक अहमद, एमजेके कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी डा किशोर आनंद, भोट चतुवेर्दी, स्टूडेंट फ्यूचर मेकर के संस्थापक मोहम्मद शहाबुद्दीन आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की। एमजेके कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने कहा ने कहा कि गुरू बिना ज्ञान संभव नहीं है। अल्पसंख्यक पदाधिकारी डॉ किशोर आनंद ने कहा कि शिक्षक एक गरिमापूर्ण पद है। वहीं मंच की अध्यक्षता डॉ नसीम मोहम्मद ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक एवं छात्रों को सम्मानित किया गया। साथ ही सुप्रिया रोड, बेतिया स्थित ऑफिस में विधान पार्षद अफाक अहमद एव सभी लोगो ने केक काट कर दसवीं वर्षगांठ मनाई। उन्होंने पिछले दस वर्षों में हुई उपलब्धियों पर चर्चा की और भविष्य के लिए अपनी योजनाओं पर जोर दिया। मौके पर संस्था के निदेशक शहाबुद्दीन, ग्रेटर नोएडा के रितेश कुमार , शिक्षक नेता नर्वोदय ठाकुर, विपिन प्रसाद, गौसुल वरा, रिपु मिश्रा, श्रुति सुमन,सत्येंद्र कुमार, हेमन्त कुमार, नेहा कुमारी, शमीम कमर रेयाजी आदि मौजूद रहे।



# केंद्रीय मंत्री ने माल्यार्पण कर मनाई अंबेडकर जयंती

**नरकटियागंज/मैनाटांड़/ गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारत रत्न डॉ. भीम राव आंबेडकर की जयंती समारोह के अवसर पर सोमवार को केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर पहुचे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने बाबासाहेब के प्रतिमा पर माल्यार्पण की। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबासाहेब एक महान विचारक, समाज सुधारक और संविधान निमार्ता थे। आज उनके जयंती पर उनके योगदानों को याद करने का यह एक अवसर है। वहीं बीडीओ सूरज कुमार सिंह व सीओ सुधांशु शेखर ने भी उन्हें याद करते हुए नमन किया। इधर दूसरी ओर अभाविप के कार्यकताओं ने भीमराव अंबेडकर के जयंती पर उनके तैल्यचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर प्रखंड परिसर में बीपीआरओ विवेक आर्या, प्रखंड अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी नागेंद्र राम, प्रखंड नाजीर प्रदीप पासवान, राजन मिश्र, अर्जुन सोनी, बड़ेलाल कुमार, राजेश जायसवाल, हरिशंकर प्रसाद, कृष्णा प्रसाद उर्फ देवीलाल, मुख्तार मियां, रामेश्वर राम, के अलावा सभी विकास मित्र आदि उपस्थित रहे। मैनाटांड प्रतिनिधि के अनुसार प्रखंड कार्यालय का प्रांगण में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा ब्लॉक परिसर में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यकर्ताओं के द्वारा दीप प्रज्वलित कर अम्बेडकर की प्रतिमा पर फूल माला माल्यार्पण की गई। मौके पर मौजूद भाजपा नेता शिवेंद्र कुमार शिबू ने कहा बाबा साहेब संविधान के निमार्ता हैं। डॉ आंबेडकर का नाम सुनते ही भारत के संविधान, सामाजिक न्याय और समानता की भावना जागृत हो उठती है। मौके पर डॉ धनंजय त्रिपाठी डॉ. विनय कुमार, पारस श्रीवास्तव, रमेश यादव, अमित गुप्ता, उमाशंकर सिंह, राजेश पांडेय आदि लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। गौनाहा प्रतिनिधि के अनुसार डा. अंबेडकर की जयंती पर उनके जीवनी पर प्रकाश डाला गया। अंबेडकर पार्क स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित की गई तथा संविधान की रक्षा पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उनकी प्रतिमा पर प्रखंड प्रमुख जयप्रकाश पासवान, बीडीओ शिवजन्म राम, अमित कुमार गुड्डु, उप प्रमुख राजेश गढ़वाल, शिक्षक फेकू राम, वीरेंद्र कुमार, प्रहलाद राम, मधु राम आदि ने माल्यार्पण कर डॉ भीमराव अंबेडकर जिंदाबाद की नारे लगाई। ऐसे ही भाजपा की प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्री अध्यक्ष कामाख्या सिंह, सिपाही राय, निशिकांत गिरी, शाही चौबे आदि ने अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। जबकि भाकपा माले के लालजी यादव, नंदकिशोर महतो, मनोज बैठा, बिरझन महतो,बीघा महतो, विश्वनाथ राय व रामेश्वर राम ने डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर करीब आधे घंटे तक उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला तथा संविधान की रक्षा की कसमें खाई।




## डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ

**जिला स्तर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए पदाधिकारी**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा (सारण)।** अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग द्वारा पूरे बिहार में डॉ अंबेडकर समग्र सेवा अभियान की शुरूआत की गई है। इस महत्वपूर्ण अभियान का राज्यस्तरीय शुभारंभ सोमवार को बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अधिवेशन भवन, पटना से किया। मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से शिलापट का अनावरण कर अभियान का उद्घाटन किया। साथ ही एक पुस्तिका का विमोचन किया गया और विभागीय योजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास भी हुआ।

इस मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से लाभ प्रदान किए गए, जिनमें मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मुख्यमंत्री सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, आयुष्मान भारत कार्ड, विकास मित्रों को नियोजन पत्र और अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत आश्रितों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र शामिल हैं। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण सभी जिलों में किया गया। छपरा जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में लाइव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी कार्यक्रम से जुड़े। इस अभियान के अंतर्गत महादलित टोलों में विशेष शिविर लगाकर अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के लोगों को योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। विभागीय योजनाओं के जरिए सभी पात्र लाभुकों को आच्छादित करने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, निदेशक डीआरडीए, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता सदर, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।




CMYK

# बहन का तिलक चढ़ाने गये भाई की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के भेटनीयां गांव से बहन की तिलक चढ़ाने जा रहे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक की पहचान रफीगंज प्रखंड के भेटनीयां गांव निवासी विजय चौधरी के पुत्र 28 वर्षीय चितरंजन कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल की पहचान डोमन चौधरी के 40वर्षीय पुत्र अकेंद्र चौधरी के रूप में की गई है। घायल की हालत काफी नाजुक बनी हुई है। घटना को लेकर राजद कार्यकर्ता निशांत यादव, ग्रामीण नंदू शर्मा एवं राहुल कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतक चितरंजन कुमार, अकेंद्र चौधरी के साथ बाइक से अपनी बहन छोटी बहन अंजु के तिलक लेकर दाउदनगर थाना क्षेत्र के महावर जा रहा था। इसी बीच सिपहा मोड़ के समीप पिकअप की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक दो भाई थे और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा था। मृतक का तीन वर्षीया एक बच्ची भी है। लगभग पांच वर्ष पूर्व मृतक की शादी हुई थी।

## बोलरो की टक्कर से बाइक सवार महिला समेत तीन जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** तेज रफ्तार अनियंत्रित बोलेरो व बाइक की टक्कर से बाइक सवार एक महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना देव थाना क्षेत्र के बम्होरी गांव के समीप की हैं। घायलों में झारखंड के जपला निवासी सुदामा देवी, अनुज कुमार व देव निवासी अंकित कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल अनुज कुमार ने बताया कि वह अपने घर से सुदामा देवी को बाइक पर बैठाकर देव थाना क्षेत्र के के केताकी गांव किसी रिश्तेदार के घर जा रहा था। जानकारी मिली कि अंकित कुमार अपने घर से बोलेरो लेकर किसी काम से देव बाजार जा रहा था, जैसे ही दोनों बम्होरी गांव के समीप पहुंचे तभी दोनों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे बाइक सवार सहित तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव पहुंचाया और घटना की सूचना परिजनों को दी। सूचना पर तीनों घायलों के परिजन देव अस्पताल पहुंचकर हाल जाना। पता चला कि चिकित्सकों ने तीनों की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

**■ घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए स्थानीय चिकित्सकों ने सभी को औरंगाबाद सदर अस्पताल किया रेफर**

# 134 वीं जयंती पर याद किए गए डॉ. अंबेडकर



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय परिसर स्थित 134 वीं जयंती के अवसर पर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर के प्रतिमा पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह एवं जिले के अन्य वरीय पदाधिकारीयों द्वारा माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। साथ ही नगर भवन में जयंती समारोह- सह- संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजन किया गया। आयोजित संगोष्ठी में बाबा साहब के मूल संदेशों को आम जनमानस के बीच रखा गया। इस कार्यक्रम अपर समाहर्ता- सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, सदर एसडीओ संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सदर डीसीएलआर श्वेतांक लाल, सदर अनुमंडलीय लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार, वरीय कोषागार पदाधिकारी महंत स्वरूप, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, निदेशक डीआरडीए एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत मॉकड्रिल का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत सदर अस्पताल परिसर में अग्निशमन विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लोगों को आग से सुरक्षा के प्रति सजग रहने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत मॉकड्रिल का आयोजन कर आग लगने की स्थिति में बचाव एवं अग्निशमन के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अग्निशमन विभाग की जिला अग्निशमन पदाधिकारी विनय कुमार ने किया। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक औरंगाबाद जिले में अग्नि सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है, जिसके तहत प्रत्येक दिन विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अस्पताल परिसर में आयोजित मॉकड्रिल के दौरान अग्निशमन कर्मियों ने लोगों को बताया कि आग की लपटें उठने पर जूट या सूती कपड़े को पानी में भिगोकर आग को काबू में किया जा सकता है। वहीं, सिलेंडर में आग लगने की स्थिति में गीले कपड़े और बाल्टी के पानी का उपयोग कर आग बुझाने का तरीका भी सिखाया गया। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय धैर्य और संयम बनाए




रखना जरूरी है। इस दौरान एएनएम की प्रशिक्षु छात्राओं ने अग्निशामक यंत्रों के प्रायोगिक उपयोग की जानकारी ली और आग से सुरक्षा के उपायों को सीखा। लोगों को फायर स्टेशन का मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया गया ताकि आपात स्थिति में तुरंत सहायता ली जा सके। इस अवसर पर सहायक जिला अग्नि शमन पदाधिकारी लालकेश्वर प्रसाद, प्रधान अग्निक कुंदन कुमार, अग्निक हरेराम सिंह, प्रधान अग्निक सतीश कुमार, अस्पताल कर्मी सहित जिला प्रशासन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## झोपड़ी गिरने से बच्चे की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** बाढ़ अनुमंडल के सकसोहरा में रविवार की देर रात एक झोपड़ीनुमा घर के गिरने से 15 माह के मासूम की मौत हो गई। हादसे में दो अन्य बच्चे भी घायल हुए हैं। मृतक की पहचान मोहम्मद शाहबाज के रूप में हुई है। यह उसका नानी का घर था। परिजनों के मुताबिक, रात में सभी लोग घर में सो रहे थे। अचानक झोपड़ी का टीन का छप्पर धराशायी हो गया। इस हादसे में तीन बच्चे दब गए।घटना के बाद परिजन तुरंत घायल बच्चों को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने मोहम्मद शाहबाज को मृत घोषित कर दिया। एक घायल बच्चे को अब खतरे से बाहर बताया जा रहा है। मोहम्मद इकबाल के अनुसार, कुछ अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं।

# शिक्षा से बनेगा सशक्त समाज : डॉ. शंभू

## जयंती पर याद किए गए डॉ भीमराव अंबेडकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विवेकानंद वीआईपी स्कूल में सोमवार को संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। प्रार्थना सभा मे निदेशक डॉ शंभू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स, उप प्राचार्य संजीव कुमार एवं अखिलेश शर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं डॉ अम्बेडकर के तैल चित्र पर पुष्पार्चन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। प्रार्थना सभा मे विविन्न वर्ग के बच्चों ने अपने विचार रखें। निदेशक डॉ सिंह ने कहा कि आज के समरस समाज के निर्माण में बाबा साहब के योगदान को भुलाया नही जा सकता। वे एक महान युगद्रष्टा थें। जिन्होंने संविधान का निर्माण कर एक सशक्त, समरस व समृद्ध भारत की नींव रखी। वे जाति व्यवस्था के




विरोधी थे और एक ऐसा समाज चाहते थे जहां हर व्यक्ति को समान अवसर प्राप्त हो। उनसे छात्रों को शिक्षा, संघर्ष और समानता के महत्व को सीखना चाहिए। शिक्षा के माध्यम से हम समाज में बदलाव ला सकते हैं। अंबेडकर जी ने शिक्षा को परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली हथियार माना है, छात्रों को भी अपने जीवन में शिक्षा को महत्वपूर्ण बनाना चाहिए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन मनीष वत्स ने कहा कि संघर्षो के बल पर हम सफलता के शिखर पर पहुंच सकते है और वह रास्ता सिर्फ शिक्षा ही है। हमे बाबा साहब के बताए आदर्शो पर चलकर राष्ट्र को और उन्नत और समृद्ध बनाने की जरूरत है। इस अवसर पर छात्रों के बीच विविध प्रतिस्पर्धाओ का आयोजन हुआ जिसमें जूनियर वर्ग के लिए प्रोजेक्ट वर्क, भाषण प्रतियोगिता तथा सीनियर वर्ग में मौलिक अधिकार व कर्तव्यों पर पावर प्वाइंट प्रदर्श, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। को-ऑर्डिनेटर सूची कुमारी ने बताया कि श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वालों बच्चे सम्मानित किए जाएंगे। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# अंबेडकर जयंती पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ सामाजिक समरसता का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को औरंगाबाद समाहरणालय परिसर स्थित नगर भवन में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम अनुसूचित जाति/ जनजाति कर्मचारी संघ, औरंगाबाद द्वारा आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता महंथ स्वरूप, वरीय कोषागार पदाधिकारी- सह- अध्यक्ष अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ, औरंगाबाद ने की। कार्यक्रम की शुरुआत समाहरणालय परिसर में डॉ.




अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। इसके बाद नगर भवन में दीप प्रज्वलन और पंचशील वाचन के साथ मुख्य समारोह का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर जिले के अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों की बड़ी भागीदारी रही। जयंती समारोह के तहत गांधी मैदान से समाहरणालय परिसर तक शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। शोभा यात्रा ने पूरे शहर को सामाजिक न्याय और समानता के संदेश से भर दिया। नगर भवन में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में मिशन गायिका मनीषा प्रभाकर ने अपने प्रस्तुति से दर्शकों को भावविभोर कर दिया। दानिका सांस्कृतिक मंच के निर्देशक रवीन्द्र कुमार और मथुरा राम द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम भी सराहे गए। नुकड़ नाटक के माध्यम से कृष्णा कुमार ने सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। जयंती के मौके पर सामाजिक समरसता, समानता और अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी संघ, औरंगाबाद के जिला सचिव अजीत कुमार पासवान, कोषाध्यक्ष मोती कुमार दिनकर, सभी प्रखण्डों के अध्यक्ष, सचिव, कार्यकारिणी के सभी सदस्य सहित अतुल्य कुमार आर्य, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, मदनपुर, औरंगाबाद, अवधेश पासवान, प्रधान सहायक आपदा प्रबंधन औरंगाबाद, रामपति राम समाज सेवी, डॉ0 रमेश कुमार भारती, पुलिस केन्द्र औरंगाबाद, श्याम देव निराला, समाज सेवी, मेजर अनिल कुमार, अधिवक्ता सुरेश राम, अर्जुन राम, स्वास्थ्य विभाग, प्रमोद दास, करण कुमार, भीम आर्मी औरंगाबाद, पंचम कुमार दास, जिला कार्यकारणी सदस्य, पंकज कुमार नबीनगर, जयचंद राम सचिव नबीनगर, डॉ0 सत्येन्द्र कुमार अध्यक्ष बारूण, उमेश दास समाजसेवी आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम के दौरान न्यू आर.पी.एस. हॉस्पिटल द्वारा एक निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराई।

# शराब पीने से व्यक्ति की मौत मामले में दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शराब पीने से एक व्यक्ति की बीते दिनों मौत हो गई जिसमें दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। मामला कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोडिहा भुईयां टोला की है। जहां नगर थाना क्षेत्र के रामाबांध निवासी राधेश्याम राम का शव बरामद किया गया था। इस कांड में संलिप्त अर्जुन भूईयां एवं प्रतिमा देवी को आज गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक अन्य अभियुक्त प्यारे भुईयां फरार चल रहा है जिसकी गिरफ्तारी को लेकर विभिन्न जगहों पर छापेमारी की जा रही हैं। दरअसल, 11 अप्रैल को कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह को सूचना मिली कि उस जगह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दी। मामले में मृतक की पत्नी के लिखित आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। कांड के गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के निर्देश पर एसडीपीओ संजय कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया है।

# डॉ. मनीषा को मिली पीएच.डी की उपाधि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मगध विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षा शास्त्र विषय में शोध कार्य पूरा करने पर पटना निवासी मनीषा को डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी.) की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने '' Teaching Competency in relation to Emtional intelligence & Self acceptance of Prospective teacher of teachers training Colleges at Patna'' विषय पर शोध कार्य किया, जो प्रो. डॉ. पी.के. ढ़ाल (विभागाध्यक्ष) मगध विश्वविद्यालय, गया के मार्गदर्शन में पूरा हुआ। इनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। परिजनों,




शिक्षकों और मित्रों ने उन्हें बधाई दी है। डॉ. मनीषा ने इस सफलता का श्रेय अपने पिता यतीन्द्र नाथ द्विवेदी, माता सविता द्विवेदी, पति- डॉ श्रीपति त्रिपाठी, भाई बहनो, गुरुजनों और सहयोगियों को दिया है। भविष्य में वे पुनः प्रोफेसर बनना, रिसर्च करने का लक्ष्य रखती है। प्रख्यात विद्वान स्व. उमेश्वर त्रिपाठी की कुलवधू और प्रतिष्ठित समाजसेवी यतीन्द्रनाथ द्विवेदी की ज्येष्ठ पुत्री ने शिक्षा संकाय में पीएच.डी. की उपाधि प्राप्त कर न केवल अपने-अपने कुल का गौरव बढ़ाया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा की मशाल भी प्रज्वलित की है।

# डॉ. अंबेडकर ने हर वर्ग के लिए शिक्षा एवं समान अधिकार दिलाने की लड़ी लड़ाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र में भारतीय बहुज्ञ, संविधानशिल्पी, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक, लेखक, स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री तथा भारत गणराज्य के निर्माताओं में एक बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के 134वें जन्म जयंती के अवसर पर राजनैतिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा कई आयोजन किए गए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने चांद खाप गांव में बाबा साहेब की जयंती मनाई। कार्यकर्ताओं ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष



प्रवीण कुमार ने देश के अंतिम व्यक्ति तक न्याय व अधिकारों को सुनिश्चित करने वाले महामानव को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपने विचारों और संघर्षो से महिलाओं को सम्मान तथा समाज के हर वर्ग, समुदाय और व्यक्ति को शिक्षा, समानता अधिकार दिलाने की लड़ाई लड़ी। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रेखा पासवान, महामंत्री अभय पासवान, मंत्री रामबदन पासवान, उपाध्यक्ष पंकज सिंह, रामदेनी पासवान, बसंती देवी, इंद्रदेव रविदास, रामावतार रविदास, सुदामा राम, रोहित राम, मनोज राम, शांति देवी, तेतरी देवी, देवरती देवी, मनोरमा कुंवर, श्रद्धा देवी, लालो देवी, प्रमिला देवी, राज कुमार रविदास आदि लोग उपस्थित थे।

## भाकपा (माले) ने भी मनायी जयंती

**अंबा (नबिटा संवाददाता)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायक है। उनका कहना था कि इंसान की महानता उसके विचारों और कार्यों से होती है, जन्म से नहीं। उनके कथन आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके जीवनकाल में थे। उक्त बातें भाकपा (माले) के प्रखंड सचिव कॉमरेड रमेश पासवान ने पार्टी कार्यालय में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर कही। कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया और उनके जीवन के संघर्ष एवं सामाजिक समानता पर चर्चा की। इस मौके पर प्रखंड सचिव कॉमरेड रमेश पासवान, अखिल भारतीय किसान महासभा के प्रखंड प्रभारी संजय कुमार तेजा, मथुरा प्रसाद सिंह, पंकज मेहता, सीताराम शर्मा, अवधेश मेहता, रामराज राम, धनंजय कुमार सिन्हा समेत दर्जनों लोगों की उपस्थिति थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# अंबेडकर जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा एवं झांकी





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** अंबेडकर विचार मंच के तत्वावधान में अंबेडकर जयंती पर सोमवार को प्रखंड परिसर स्थित अम्बेडकर प्रतिमा स्थल से विशाल शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली गई। जंयती कार्यक्रम की अध्यक्षता विचार मंच के अध्यक्ष सह पूर्व उपमुख्य पार्षद हरेन्द्र कुमार राम, सुनील कुमार दीप एवं संचालन सचिव सेवानिवृत्त शिक्षक सुरेन्द्र पासवान, लालदेव पासवान ने किया। शोभायात्रा में प्रखंड के करमी, तिवारी बिगहा, बौर, माड़ीपुर, अब्दुलपुर, पडरिया, कासमा, रथुआ, बलार, लभरी, फिदा बिगहा, कोटवारा, नइकी, चरकावां ,चेंव ,औरवां, भदवा सहित दर्जनों गांवों से अंबेडकरवादी जुलूस एवं गाजे -बाजे के साथ प्रखंड पहुंचे। वहां विशाल शोभायात्रा शुरू हुई जो महराजगंज, कलाली मोड़, बस स्टैंड, मुख्य बाजार होते हुए मुरली मोड़ चौक, स्टेशन रोड, महराजगंज होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंची, जहां विचारगोष्ठी में तब्दील हो गई। जय भीम के नारों सहित कई नारो से शहर गूंजता रहा। इस अवसर पर ढोसीला पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विनोद राठौर, राकेश कुमार रंजन, ललन दास, महेश पासवान, इन्दल पासवान, नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधी दिलीप उर्फ कारू प्रसाद, पूर्व मुखिया शाहजादा शाही, जिला पर्षद विकास कुमार पासवान, वार्ड पार्षद नूरूल होदा खान, सुबोध शर्मा, भाजपा नेता दीनानाथ विश्वकर्मा, जदयू नेता विजय विश्व कर्मा, इन्द्ल पासवान, सत्येंद्र राम, जदयू प्रखंड अध्यक्ष सुनील वर्मा संजय अम्बेडकर, राजद प्रखंड अध्यक्ष विकी यादव, मंडल यादव, जितेन्द्र नारायण, माहिद खान, फहद शाही, उपेंद्र यादव, जगदीश गहलौत,नरेश राम, जितेंद्र पासवान, सुरेन्द्र पासवान सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## दो दलित बच्चों का हुआ नामांकन

**ओबरा (औरंगाबाद)/ नबिटा संवाददाता।** मध्य विद्यालय महथू में प्रवेशोत्सव नामांकन पखवारा के अवसर पर दो महादलित बच्चों का नामांकन किया गया। इस मौके पर 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक नामांकन पखवारा को लेकर अभियान चलेगा। कोई बच्चा बिना नामांकन के नहीं रहे, इसके लिए प्रधानाध्यापक के साथ शिक्षक अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन करवाएंगे और शिक्षा की गुणवत्ता पर ध्यान देंगे। आज डॉ भीम राव अंबेडकर के जयंती पर प्रधानाध्यापक निर्मल कुमार सिन्हा ने संगोष्ठी के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। लोगों ने डॉ अंबेडकर के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके विचारों को लोगों से साझा किया।

